नई दिल्ली
मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 181
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 32.0
न्यून. 19.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,327.05 | 173.77 |
| निफ्टी | 25,227.35 | 58.00 |
| **धातु** | **कीमत** | **उछाल** |
| सोना | 1,24,155/- | 2630/- |
| चांदी | 1,75,325/- | 10825/- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 88.67 | 05 पैसे |

क्रूड ऑयल 63.91 बैरल 1.90%

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




# वोट चोरी के आरोपों को सुप्रीम कोर्ट ने बताया बेबुनियाद, एसआईटी जांच की याचिका खारिज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने इस मामले को "बेबुनियाद" करार देते हुए याचिका को रद्द कर दिया। इससे पहले, मद्रास उच्च न्यायालय ने भी इसी तरह की एक याचिका को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मद्रास उच्च न्यायालय का रुख

इससे पहले, मद्रास उच्च न्यायालय ने भी वोट चोरी के आरोपों से संबंधित एक याचिका को खारिज कर दिया था। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए कहा था कि इस तरह की याचिकाएं बिना किसी ठोस आधार के दायर की गई हैं, जो न्यायिक प्रणाली के समय और संसाधनों का दुरुपयोग करती हैं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को चेतावनी दी थी कि ऐसी याचिकाएं दायर करने से पहले तथ्यों की गहन जांच की जानी चाहिए।

### पृष्ठभूमि और आरोप

*राहुल गांधी ने हाल के कुछ चुनावों के संदर्भ में यह दावा किया था कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के साथ छेड़छाड़ और वोट चोरी की गई है। इन आरोपों को लेकर विपक्षी दलों ने कई बार निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाए हैं। हालांकि, निर्वाचन आयोग ने बार-बार इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी हैं। आयोग ने यह भी कहा कि वोटिंग प्रक्रिया में कई स्तरों पर जांच और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाती है।*

## बिहार की अंतिम मतदाता सूची में सुधार पर ज़ीरो अपील

# एसआईआर पर हंगामा खड़ा करने, एसआईटी गठन की माँग करने वाले नेता चुनाव आयोग से आपति दर्ज क्यों नहीं करा रहे?

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनावों से पहले तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची में अब तक कोई त्रुटि या आपत्ति दर्ज नहीं की गई है। चुनाव आयोग के अनुसार, 12 अक्तूबर तक एक भी अपील (जीरो अपील) सामने नहीं आई है। बाकायदा एक्स पर पोस्ट कर चुनाव आयोग ने लिखा है, "बिहार राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान, 2025 के दौरान सभी 243 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा निर्वाचक सूची में नाम जोड़ने एवं विलोपन के संबंध में, दिनांक 12.10.2025 तक लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 24(क) के तहत जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष कोई अपील प्राप्त नहीं हुई है।" चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि यह स्थिति बताती है कि संपूर्ण पुनरीक्षण और त्रुटि-सुधार प्रक्रिया प्रभावी रही है। आमतौर पर हर वर्ष मतदाता सूची में नाम, पते की गलती, मृत मतदाताओं के नाम शामिल ▶▶ शेष पेज 5 पर

## अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक बार फिर खुद को बताया शांतिदूत, लिया दोनों देशों के बीच संघर्ष रुकवाने का श्रेय

# 200 फीसदी टैरिफ लगाने धमकी से रुका भारत-पाकिस्तान संघर्षः ट्रंप



■ भारत पहले ही साफ शब्दों में कह चुका कि संघर्षविराम पूरी तरह से द्विपक्षीय था

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

किसी के कहने से नहीं रुकूंगा, दुनिया में शांतिदूत तो मैं बनकर ही रहूंगा। यह पंक्ति दुनिया के किसी अन्य राष्ट्राध्यक्ष पर नहीं बल्कि हाल ही में नोबेल शांति पुरस्कार पाने से चूके अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर बिलकुल सटीक बैठती हुई नजर आती है। उनका एक ताजा तरीन बयान भी इससे मिलता-जुलता है, जिसमें ट्रंप ने एक बार फिर से न केवल भारत और पाकिस्तान के बीच 7 से 10 मई तक चले सैन्य संघर्ष को रुकवाने यानी संघर्षविराम कराने का श्रेय लिया है। बल्कि इसे संभव बनाने के लिए दोनों देशों को 200 फीसदी तक टैरिफ लगाने की धमकी देने का एक बेहद चौंकाने वाला दावा भी किया है। उन्होंने कहा, मैं भारत और पाकिस्तान सहित कुल आठ संघर्षों को सुलझा चुका हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह जानकारी अमेरिका से मिस्र के लिए निकलते वक्त एयरफोर्स वन विमान में पत्रकारों से बातचीत में दी है। जिसमें उन्होंने कहा कि मैंने टैरिफ के दम पर कई देशों के बीच संघर्षविराम कराया है। भारत-पाकिस्तान की ही मिसाल देख लीजिए। मैंने दोनों देशों से कहा कि अगर आप यूं ही लड़ते रहेंगे, आपके पास परमाणु हथियार भी हैं तो मैं आप पर 100, 150 और 200 फीसदी तक टैरिफ लगा दूंगा। यह सब मैंने हालांकि नोबेल पुरस्कार के लिए नहीं किया है। बल्कि जिंदगियां बचाने के लिए किया है। यहां बता दें कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत कह चुका द्विपक्षीय था संघर्ष विराम

*भारत और उसकी तरफ से स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा में जून-25 में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान ही ये साफ कर चुके हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ संघर्षविराम पूरी तरह से द्विपक्षीय है और उसमें किसी तीसरे पक्ष (अन्य देश या राष्ट्राध्यक्ष) की कोई भूमिका नहीं रही है। पाकिस्तान के आग्रह पर भारत संघर्षविराम के लिए राजी हुआ था। वहीं, बीते वक्त में पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार भी ये कह चुके हैं कि नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच हुआ संघर्षविराम द्विपक्षीय था। जिसके लिए पाकिस्तान के डीजीएमओ ने अपने भारत के सैन्य समकक्ष से संपर्क साधा था।*

### युद्ध सुलझाने के विशेषज्ञ बने ट्रंप

*अमेरिका के राष्ट्रपति ने पत्रकारों से बातचीत में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जारी मौजूदा संघर्ष को भी हल हर की योजना का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि मैं इजरायल-हमास शांति समझौते के पहले चरण के जमीनी क्रियान्वयन के बाद लौटने पर इस मामले की ओर देखूंगा। मुझे अपनी वापसी तक का इंतजार करना पड़ेगा। मैं युद्ध सुलझाने और शांति स्थापना में निपुण हूं। उक्त युद्धों में से ज्यादातर को मैंने एक दिन के अंदर ही सुलझा लिया।*

### लाखों लोगों को अमेरिका ने दिया जीवनदान

*ट्रंप ने यह दावा भी किया कि हमने लाखों लोगों को बचाया है। कई देशों के बीच करीब तीन से चार दशकों से युद्ध जारी थे। जिसमें दोनों तरफ लाखों लोग काल के गाल में समा गए। मैंने इनमें से कई के बीच सिर्फ एक दिन में ही युद्ध रुकवाकर शांति स्थापित कर दी। उन्होंने हालिया घोषित नोबेल शांति पुरस्कार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इसे नोबेल समिति ने वर्ष 2024 के लिए घोषित किया है। जबकि मैंने मौजूदा वर्ष यानी 2025 में इन तमाम युद्धों का समाधान निकाला है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप



### मंत्री पटेल ने पीएम मोदी को भेंट की अपनी पुस्तक

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता और मप्र सरकार में श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सौजन्य भेंट की। मंत्री पटेल ने प्रधानमंत्री मोदी को अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक साधना का प्रतीक, मां नर्मदा परिक्रमा के अनुभवों और अनुभूतियों पर संदर्भित पुस्तक 'परिक्रमा-कृपा सार' भेंट की। इसके साथ ही 108 नदियों के उद्गम स्थलों से संकलित पवित्र जल का संग्रह भी एक विशेष अखरोट के डिब्बे में अर्पित किया। मंत्री पटेल ने बताया कि यह पुस्तक उनके दो वर्षों के गहन श्रम और साधना का परिणाम है। उन्होंने दो बार नर्मदा परिक्रमा की है। उसी अनुभव, आस्था व तपस्या को इस पुस्तक में समर्पित भाव से संजोया है। यह ग्रंथ न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि भारतीय संस्कृति में नदियों और परिक्रमा की परंपरा का भी जीवंत दस्तावेज है। पीएम मोदी ने मंत्री पटेल के इस आध्यात्मिक प्रयास की सराहना की और उनके समर्पण को प्रेरणास्पद बताया। भेंट के दौरान मंत्री पटेल ने पीएम को अंगवस्त्र और पुष्प देकर ▶▶ शेष पेज 5 पर

## कनाडा की विदेश मंत्री से मुलाकात में पीएम मोदी ने बढ़ते सहयोग को बताया महत्वपूर्ण

# आपसी चिंताओं, संवेदनशीलताओं के सम्मान संग संतुलित होगी भारत-कनाडा साझेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

टैरिफ संकट और खालिस्तानियों की बढ़ती आक्रामकता के बीच सोमवार को कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद की राष्ट्रीय राजधानी में दो महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। जिनमें सबसे पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात की। जिसमें पीएम ने कहा कि हमारे बीच आपसी विकास, समृद्धि के लिए व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, कृषि और लोगों के बीच आदान-प्रदान में सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की गई। इसके बाद कनाडा की विदेश मंत्री की हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसके बाद जारी किए गए साझा बयान में दोनों देशों ने संबंधों में स्थिरता लाने के लिए उचित कदम उठाने और आपसी ▶▶ शेष पेज 5 पर

दोनों देशों ने व्यापार, निवेश, जटिल खनिजों, ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत बनाने के लिए तैयार किया एक महत्वाकांक्षी रोडमैप

राजधानी में हुई डॉ. जयशंकर और अनीता आनंद की बैठक में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के मार्गदर्शन में आगे बढ़ने पर दिया गया जोर



### द्विपक्षीय साझेदारी को मिलेगी गतिः पीएम

पीएम ने एक्स पोस्ट में अनीता आनंद का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी इस यात्रा से दोनों देशों की द्विपक्षीय साझेदारी को नई गति मिलेगी। उन्होंने व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, कृषि और आम-जनता के बीच बढ़ते सहयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए की गई अपनी कनाडा यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ हुई बैठक को याद किया। पीएम मोदी ने कनाडा के पीएम कार्नी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे उनके आगामी कार्यक्रमों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार में भी प्रगति देखने को मिली है। बीते वर्ष ये 23.66 बिलियन डॉलर पर जा पहुंचा है। एक-दूसरे के बाजारों में कंपनियों की भागीदारी में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

### सकारात्मक सोच संग बढ़ता भारत

*बैठक में विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से हमारे संबंधों में काफी प्रगति देखने को मिल रही है। साथ ही दोनों देश अपनी साझेदारी को और अधिक बढ़ाने के लिए आवश्यक तंत्रों को बहाल करने और पुनर्जीवित करने के लिए कदम उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कनानसकीस में प्रधानमंत्री कार्नी के साथ हुई बैठक में भी भारत के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा था कि हम सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के इच्छुक हैं। राजधानी दिल्ली, ओटावा में नए उच्चायुक्तों ने कार्यभार संभाल लिया है। आज की बैठक में दोनों की मौजूदगी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत की नजर में कनाडा एक पूरक अर्थव्यवस्था, खुला हुआ समाज, विविधता और बहुलवादी सोच वाला देश है। जो एक सशक्त, टिकाऊ और दीर्घकालिक सहयोगात्मक ढांचे का आधार है। कनाडा की विदेश मंत्री से बातचीत में जयशंकर ने बीते वक्त में दोनों देशों के बीच एनएसए, सचिव, राज्य मंत्रियों और व्यापार मंत्रियों के बीच हुए संवाद का भी उल्लेख किया।*

### वैश्विक मामलों में सक्रिय योगदान

*उन्होंने कहा कि दोनों देशों का अंतरराष्ट्रीय मामलों में सक्रिय योगदान रहा है। हम जी-20 और कॉमनवेल्थ के भी सदस्य हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भी हमारा सराहनीय रहा है। प्रभावी बहुपक्षवाद, जलवायु कार्रवाई और सतत विकास एजेंडा-2030 के दोनों देश मजबूत प्रस्तावक हैं। आपसी साझेदारी को बढ़ावा देकर हम वैश्विक अर्थव्यवस्था पर से जोखिम में कमी कर रहे हैं। उच्चायोग, वाणिज्य दूतावास संस्थागत क्षमता को बढ़ाएंगे। जिसमें आर्थिक, राजनीति, रक्षा, तकनीक जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता के जरिए साझा एजेंडे को आगे बढ़ाया जाएगा। ये प्रयास विश्वास बहाली के साथ सहयोग को गहरा बनाने में मददगार साबित होंगे।*

# पूर्व आईएएस अधिकारी कन्नन गोपीनाथन कांग्रेस में शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश में लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साहसी पैरोकार के रूप में पहचाने जाने वाले पूर्व आईएएस अधिकारी कन्नन गोपीनाथन सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। नई दिल्ली स्थिति कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पटका पहनाकर उन्हें पार्टी में विधिवत रूप से शामिल कराया। इस अवसर पर मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार, कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल, विधायक जिग्नेश मेवाणी भी उपस्थित रहे। गोपीनाथन का स्वागत करते हुए केसी वेणुगोपाल ने कहा कि उनका कांग्रेस में शामिल होना स्पष्ट संदेश है कि यह एकमात्र ऐसी पार्टी है जो न्याय के लिए लड़ रही है। वेणुगोपाल ने बताया कि गोपीनाथन ने 2019 में इस्तीफा दे दिया था, लेकिन उनका इस्तीफा अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि न्याय और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए लड़ने वाले नौकरशाहों को मोदी सरकार द्वारा दंडित किया जा रहा है। यह प्रवृत्ति हरियाणा और मध्य प्रदेश दोनों राज्यों में स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। यहां तक कि भारत के मुख्य ▶▶ शेष पेज 5 पर

## एक्स पोस्ट में बोले, क्षेत्र में शांति लाने के राष्ट्रपति ट्रंप के ईमानदार प्रयासों का समर्थन करता है भारत

# गाजा से इजरायली बंधकों की रिहाई का प्रधानमंत्री मोदी ने किया स्वागत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गाजा में दो साल से अधिक समय से जारी युद्ध के बीच शांति स्थापित करने के लिए लागू हुए संघर्षविराम के तहत सोमवार को हमास ने इजरायल के 20 बंधकों को रिहा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने एक ओर बीते करीब 24 महीने से अधिक समय तक बंधक बनाए रखने के बाद की गई इजरायल के सभी बंधकों की रिहाई का



स्वागत किया। वहीं, दूसरी ओर क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईमानदार प्रयासों को भी भारत की तरफ से अपना समर्थन प्रदान किया है। साथ ही पीएम ने ये भी कहा कि बंधकों की आजादी उनके परिवारों के साहस, राष्ट्रपति ट्रंप के अटूट शांति प्रयासों और इजरायल के ▶▶ शेष पेज 5 पर

## जोएल मोकिर, फिलिप अघियन व पीटर हॉविट को अर्थशास्त्र का नोबेल

अघियन और हॉविट ने सतत विकास के पीछे के तंत्र का भी अध्ययन किया

# नवाचार और संचालित आर्थिक विकास की व्याख्या करने के लिए दिया पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**अर्थशास्त्र में नोबेल अब तक 99 व्यक्तियों को दिया गया है**

**अर्थशास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार 1968 में शुरू किया गया**

अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। इस वर्ष यह पुरस्कार जोएल मोकिर, फिलिप अघियन और पीटर हॉविट को 'नवाचार-संचालित आर्थिक विकास की व्याख्या करने के लिए' दिया गया है। पुरस्कार का आधा हिस्सा मोकिर को 'तकनीकी प्रगति के माध्यम से सतत विकास के लिए आवश्यक शर्तों की पहचान करने के लिए' और शेष आधा हिस्सा अघियन और हॉविट को 'रचनात्मक विनाश के माध्यम से सतत





जोएल मोकिर



फिलिप अघियन




पीटर हॉविट

विकास के सिद्धांत के लिए' संयुक्त रूप से दिया जाएगा। जोएल मोकिर अमेरिका के नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी से जुड़े हैं। वहीं, फिलिप अघियन फ्रांस के कॉलेज डी फ्रांस और ब्रिटेन के द लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से ताल्लुक रखते हैं। पीटर हॉविट अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी से संबंध रखते हैं। इन्हें सतत ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नवाचार में यह जानना होगा कि कोई चीज कैसे काम करती है?

नोबेल समिति ने बताया कि मोकिर ने यह प्रदर्शित किया कि यदि नवाचारों को एक स्व-उत्पादक प्रक्रिया में एक-दूसरे का उत्तराधिकारी बनाना है, तो हमें न केवल यह जानना होगा कि कोई चीज कैसे काम करती है, बल्कि हमें यह भी जानना होगा कि ऐसा क्यों होता है। अघियन और हॉविट ने सतत विकास के पीछे के तंत्र का भी अध्ययन किया। इसमें 1992 का एक लेख भी शामिल है, जिसमें उन्होंने रचनात्मक विनाश नामक गणितीय मॉडल का निर्माण किया। इसमें बताया गया कि जब एक नया और बेहतर उत्पाद बाजार में प्रवेश करता है, तो पुराने उत्पाद बेचने वाली कंपनियां नुकसान में आ जाती हैं। आर्थिक विज्ञान पुरस्कार समिति के अध्यक्ष हैस्लर ने कहा कि पुरस्कार विजेताओं का काम दर्शाता है।




## पश्चिम दिल्ली के तिलक नगर इलाके की घटना

# मकान में लगी आग, एक व्यक्ति की जल कर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम दिल्ली के तिलक नगर इलाके में सोमवार को एक मकान में आग लग गयी। इस घटना में 52 वर्षीय व्यक्ति की झुलस कर मौत हो गई। शव को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया गया है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि पीसीआर कॉल पर तिलक नगर के एक मकान में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल कर्मियों के साथ स्थानीय थाने की एक टीम भी मौके पर पहुंची। इमारत के भूतल पर लगी आग थी। दमकल अधिकारियों ने आग पर काबू पाया। निरीक्षण के दौरान विष्णु गार्डन निवासी सुनील कुमार गिनोत्रा का शव परिसर के अंदर मिला। उनका शव पूरी तरह से झुलसा हुआ था। घटनास्थल पर ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। शव को दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। डीसीपी शरद भास्कर ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आग



इमारत के भूतल पर स्थित कार्यालय-सह-गोदाम में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। घटना के समय मृतक अकेला मौजूद था। अभी तक किसी गड़बड़ी के संकेत नहीं मिले हैं। हालांकि, आग लगने के सही कारणों का पता फोरेंसिक जांच के बाद चलेगा। पुलिस ने बताया कि जिस जगह यह घटना हुई, वह गिनोत्रा के चचेरे भाई की है। अपराध और फोरेंसिक टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और विश्लेषण के लिए नमूने एकत्र किए हैं।

## किशन गंज : सिलेंडर फटने से तीन बच्चों सहित पांच लोग घायल



**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के किशन गंज इलाके में सोमवार सुबह एक झुग्गी में रसोई गैस सिलेंडर फटने से तीन बच्चों समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों के नाम रुखसाना (25), कुनील (10), छोटे (8), अफिया (6) और मोहम्मद जागीर (38) है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डीएफएस अधिकारियों ने बताया कि किशन गंज में प्रताप नगर मेट्रो स्टेशन के पास एक झुग्गी में सिलेंडर फटने की सूचना सुबह करीब साढ़े नौ बजे मिली। दमकल की कई गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गई। अधिकारियों ने बताया कि सभी पांच घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है।

## नकली इंजन ऑयल बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल ब्रांड के लेबल लगाकर नकली लुब्रिकेंट बनाने और पैक करने वाली एक अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि करीब चार हजार लीटर नकली तेल के साथ-साथ अन्य सामग्री और मशीनें भी जब्त की गई हैं। आरोपी स्थानीय बाजारों से कच्चा तेल और पैक करने के लिए सामग्री खरीदते थे और नकली 'लुब्रिकेंट' को वर्कशॉप और खुदरा विक्रेताओं को रियायती दामों पर बेचते थे। शाहदरा निवासी आरोपी नवीन सिंघल (50) उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी स्थित एक परिसर में चार मजदूरों के साथ फैक्ट्री संचालित कर रहा था। सभी मजदूर उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।

गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने निजी कंपनी के प्रतिनिधि की उपस्थिति में परिसर पर छापा मारा और बड़े पैमाने पर नकली ऑयल के कारोबार का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि यह इकाई प्रमुख ब्रांड के नकली 'कंटेनर', 'स्टिकर' और 'होलोग्राम' का उपयोग करके घटिया लुब्रिकेंट तेल को वापस भरने और पैक करने में लगी हुई थी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी स्टॉक को असली या जरूरत से ज्यादा बताकर बेचते थे। यह गिरोह हर महीने लगभग 8,000 से 10,000 लीटर नकली तेल बनाता था और लगभग पांच लाख रुपये कमाता था। पुलिस ने बताया कि सिंघल 2004 से इसी तरह के अवैध व्यापार में संलिप्त है और उसके खिलाफ उत्तर-पूर्वी दिल्ली में तीन मामले दर्ज हैं, जिनमें से दो मामले कॉपीराइट अधिनियम के तहत दर्ज हैं।

# स्वदेशी मेले में अंतिम दिन उमड़ी लोगों की भीड़

### देशभर के 15 राज्यों से आए उत्पाद बने आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्वदेशी जागरण मंच और संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में द्वारका सेक्टर-7 स्थित सीसीआरटी ग्राउंड में चल रहे स्वदेशी मेले में सोमवार को अंतिम दिन लोगों की भीड़ उमड़ी। लोग न केवल स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी में जुटे रहे, बल्कि देशभक्ति और लोकसंस्कृति से ओतप्रोत माहौल में भारतीय परंपरा का उल्लास भी अनुभव किया। मेला संयोजक रविंद्र सोलंकी ने बताया कि इस वर्ष मेले को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। बीते वर्षों की तुलना में इस बार अधिक संख्या में लोगों ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की भावना से खरीदारी की। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अब सिर्फ नारा नहीं, बल्कि जन-आंदोलन बन चुका है। उन्होंने बताया कि सोमवार सांसद मनोज तिवारी सहित, भाजपा नेता, पालम-360 के प्रधान रामकुमार सोलंकी सहित कई गणमान्य अतिथि भी पहुंचे और खरीदारी की। मेले के मीडिया प्रभारी नीलेन्द्र पाठक ने बताया कि 7 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक चल रहे इस भव्य मेले में देशभर के 15 राज्यों से आए हस्तशिल्प, परंपरागत परिधान, आयुर्वेदिक उत्पाद, ग्रामीण उद्योग सामग्री, घरेलू वस्तुएं और जैविक उत्पाद लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहें।

## एमसीडी में आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति के ज्यादा औषधालय खोले जाएंगे: राजा इकबाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोशिएशन (आईएमए-आयुष) ने अपना 39वां वार्षिकोत्सव 'भगवान धनवंतरि जयंती समारोह' का आयोजन एनडीएमसी सभागार, संसद मार्ग, कनॉट प्लेस में किया। दिल्ली के मेयर राजा इकबाल सिंह ने समारोह का उद्घाटन भगवान धनवंतरि पूजा से किया।

राजा इकबाल सिंह ने अपने भाषण में कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में कोई भी ऐसा रोग नहीं है जिसका इलाज न होता हो। उन्होंने कहा कि मुझे ख़ुद को भी अपने फेशियल पैरालिसिस के लिए आयुर्वेद चिकित्सा का इलाज लेना पड़ा था। उन्होंने कहा कि एमसीडी में आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति की ज्यादा औषधालय खोले जाएंगे।

दिल्ली के मेयर राजा इकबाल सिंह ने स्मारिका का विमोचन करते हुए कहा कि मैं आपको आश्वासन देता हूं कि एमसीडी में आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति के ज्यादा औषधालय खोले जाएंगे और भगवान धनवंतरि की कृपा हम सभी भारत वासियों पर बनी रहे। संस्था के प्रोग्राम में मुझे बुलाया मैं संस्था का आभार प्रकट करता हूं।

आईएमए-आयुष के मीडिया प्रभारी एवं लीगल कमेटी के चेयरमैन डॉ रामफल पांचाल ने बताया कि इसके बाद धनवंतरि वंदना से आयोजन का शुभारंभ हुआ। समारोह की अध्यक्षता डॉ एम बी गौड (निदेशक चौधरी ब्रह्म प्रकाश चरक संस्थान दिल्ली) ने की।

विशिष्ट अतिथि डॉ पी के प्रजापति निदेशक ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद (एआईआईए) एवं गणमान्य अतिथि डॉ विद्यावती (डीन, एसजीटी, यूनिवर्सिटी,गुरुग्राम) थे। इन सभी अतिथियों का स्वागत आईएमए (आयुष) के दोनों संरक्षक डॉ आर एस चौहान और डॉ ओ पी वशिष्ठ ने स्मृति चिन्ह देकर किया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एन के छावनियां, राष्ट्रीय महासचिव डॉ रमन खन्ना, दिल्ली के अध्यक्ष डॉ अरुण कटारिया ने भी सभी अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर और फूल माला पहनाकर किया।

# जैन मंदिर कलश चोरी मामले में दो लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर स्थित एक जैन मंदिर से करीब 40 लाख रुपये मूल्य के सोने से मढ़े कलश की चोरी के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से कलश भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मुख्य चोर अब भी फरार है। उसकी तलाश में छापेमारी जारी है।

पुलिस के अनुसार सुंदर नगरी की 42 वर्षीय एक महिला और न्यू मुस्तफाबाद के 24 वर्षीय दानिश को



पकड़ा गया है। दोनों ही आरोपी कबाड़ व्यापारी हैं। पुलिस को चोरी की जानकारी शनिवार को प्राप्त हुई थी। मामला संबंधित धाराओं के तहत दर्ज कर लिया गया था। पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान महिला को सुंदर नगरी से पकड़ा गया और उसके कब्जे से चोरी हुए कलश के कुछ हिस्से बरामद किए गए। लगातार पूछताछ करने पर उसने चोर से चोरी किए हुए सामान को खरीदने की बात कबूल की और पुलिस को एक अन्य कबाड़ी दानिश के पास ले गई। कलश के बाकी हिस्से उसकी दुकान से बरामद किये गए। पुलिस के अनुसार मुख्य चोर को पकड़ने का प्रयास जारी है। गौरतलब है कि चोरी का शनिवार सुबह उस समय पता चला जब मंदिर के कर्मचारियों को शिखर पर स्थापित कलश गायब मिला। सीसीटीवी फुटेज में शुक्रवार और शनिवार की मध्यरात्रि के दौरान कथित तौर पर कलश हटाने के बाद एक व्यक्ति मंदिर परिसर के अंदर एक खंभे से नीचे उतरता हुआ दिखाई दे रहा है। जब इलाके के अधिकांश लोग करवा चौथ समारोह में व्यस्त थे। पुलिस ने कहा कि चोरी हुआ कलश अष्ट-धातु से बना है और इसमें लगभग 200 ग्राम सोना है जिसकी कीमत लगभग 35-40 लाख रुपये है।

जैन समुदाय के लोगों के बीच यह घटना चिंता का कारण बन गई थी, क्योंकि पिछले महीने लाल किले के पास एक धार्मिक जुलूस के दौरान भी 1.5 करोड़ कीमत की अनुष्ठान सामग्री चोरी हो गई थी।

## सड़क पर बहस के दौरान स्कूटर से 11 किलो चांदी चोरी

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में दो व्यक्तियों के साथ सड़क पर हुई बहस के दौरान एक व्यक्ति के स्कूटर की डिग्गी से लगभग 11 किलो चांदी चोरी हो गई। घटना रविवार को जेपीसी अस्पताल के पास हुई। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार शाहदरा निवासी रामरतन अग्रवाल (22) ने अपनी शिकायत में बताया कि वह स्कूटर से घर जा रहे थे, तभी उनका वाहन दो अन्य व्यक्तियों के दोपहिया वाहन से टकरा गया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच थोड़ी देर बहस हुई। आरोपी वहां से चले गए। घर पहुंचने पर अग्रवाल को पता चला कि स्कूटर की डिग्गी में रखी 11 किलोग्राम चांदी गायब है।

## डम्पर से कुचलकर 11 वर्षीय बच्चे की मौत



**नई दिल्ली।** संगम विहार इलाके में एक डम्पर से कुचलकर 11 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डम्पर मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। डम्पर कब्जे में ले लिया गया है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में बेतरतीब और तेज रफ्तार वाहनों के प्रति गुस्सा व्याप्त है।

पुलिस के अनुसार यह घटना संगम विहार पुलिस स्टेशन में 11 अक्टूबर को रिपोर्ट हुई थी। पीसीआर कॉल प्राप्त होने के बाद पुलिसकर्मी धवन फार्म, एच ब्लॉक, संगम विहार के पास पहुंचे। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि घायल को पहले ही मजीदिया अस्पताल ले जाया जा चुका था। घटनास्थल पर हरियाणा नंबर का एक डम्पर और एक दुर्घटनाग्रस्त साइकिल मौके पर मिली। वाहन का चालक घटनास्थल से फरार हो गया था। अस्पताल में संगम विहार निवासी 11 वर्षीय बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया था। डम्पर को जब्त कर लिया गया है और संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

# नंद नगरी में युवती की चाकू मारकर हत्या

### आरोपी ने वारदात के बाद किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नंद नगरी इलाके में सोमवार को एकतरफा प्यार में सिरफिरे आशिक ने युवती की बेरहमी से हत्या कर दी। हत्यारोपी का नाम आकाश बताया गया है। आरोपी ने वारदात के बाद खुद ही थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। पुलिस की अभी तक की पूछताछ में सामने आया है कि वह युवती से एक तरफा प्रेम करता था। मृतका का नाम रिया (20) बताया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार वारदात सोमवार सुबह करीब साढ़े



10 बजे की बताई जा रही है। हत्या तब की गई जब रिया कुछ सामान लेने के लिए अपने घर से बाजार के लिए निकली थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान गली में ही आकाश ने रिया का रास्ता रोक लिया। रिया के विरोध करने पर उसने चाकू से कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी आकाश सीधे रिया के घर पहुंचा और उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद वह खुद नंद नगरी थाने पहुंचा और खुद को पुलिस के हवाले कर दिया।

## दिल्ली देहात के मुबारकपुर डबास में फिर बंद हुई बस सेवा

नई दिल्ली। दिल्ली देहात के किराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव मुबारकपुर डबास में एक बार फिर से डीटीसी बस सेवा ठप हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि दिल्ली सरकार की लापरवाही के कारण क्षेत्र की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था बाधित हो गई है। चौगामा विकास समिति के महासचिव विजेंद्र डबास ने बताया कि गांव में पिछले पांच वर्षों तक सड़कों की खराब स्थिति के चलते बसें नहीं चल पा रही थीं। करीब 15 महीने पहले बस सेवा बहाल की गई थी, लेकिन अब 9 अक्टूबर से एक बार फिर परिचालन बंद है। इसके कारण मुबारकपुर डबास के साथ-साथ मदनपुर डबास, रानीखेड़ा, रसूलपुर और आसपास की दर्जनों कॉलोनियों के निवासी बस सुविधा से वंचित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस इलाके में टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) द्वारा 11 केवीए का ग्रिड कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है। इस काम के तहत भूमिगत केबल रानीखेड़ा से मुबारकपुर डबास सीनियर सेकेंडरी स्कूल तक बिछाई जा रही है और खुदाई का कार्य हो रहा है। चौगामा विकास समिति के महासचिव विजेंद्र डबास ने कहा कि दिल्ली सरकार को ऐसा प्रबंध करना चाहिए था कि परिवहन व्यवस्था बाधित न हो। काम के साथ बस सेवा भी जारी रह सकती थी, लेकिन देहात के इन इलाकों की सुध लेने वाला कोई नहीं है।

## 'जल्द पहुंचेगी निगम छात्रों के खाते में वर्दी एवं स्टेशनरी की राशि'

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग साढ़े छह लाख बच्चों के खाते में वर्दी एवं स्टेशनरी की राशि आगामी दो चार दिन में पहुंच जाएगी। दिल्ली नगर निगम की शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी ने सोमवार को शिक्षा विभाग से पुष्टि के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तकनीकी कारणों के चलते करीब डेढ लाख बच्चों के खाते में निगम की तरफ उक्त राशि नहीं पहुंची हैं। बता दें कि निगम ने करीब 20 दिन पहले निगम मुख्यालय में एक कार्यक्रम में आईडीबीआई बैंक के साथ मिलकर निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के खाते में वर्दी एवं स्टेशनरी की मद में 109 करोड़ रुपए डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में भेजी थी। इस कार्य का शुभारंभ दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सिविक सेंटर में स्थित केदारनाथ साहनी सभागार में कंप्यूटर का बटन दबा कर किया था। इस दौरान निगम में शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा, उपाध्यक्ष अमित खरखड़ी, पर्यावरण प्रबंधन सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर, पार्षदगण, निगम आयुक्त अश्वनी कुमार, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2)(ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शिवम कश्यव पुत्र** गया प्रसाद कश्यव **निवासी:** म.नं. 493, गली नं. 12, जीवन पार्क सिरसपुर, दिल्ली एवं स्थाई निवास गाँव रामायण थाना: भरतना, जिला: इटावा, यू.पी. ने **FIR No. 05/2018 U/s 376/323/354A/506 IPC & 6 POCSO Act थाना: समयपुर बादली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शिवम कश्यव** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शिवम कश्यव** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 05/2018 U/s 376/323/354A/506 IPC & 6 POCSO Act थाना: समयपुर बादली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शिवम कश्यव** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अजय नागर
ऐएसजे, FTSC POCSO, कमरा नं. 308
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13755/ON/2025
(Court Notice)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C./BNS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **विपल्व कुमार दास, पुत्रः** मानिक चंद दास, पताः सी–1, निर्मल अपार्टमेन्ट्स, खसरा न. 524/153, नजदीक माखन लाल चौक, सत्या विहार, एकता इन्क्लेव, बुरारी, दिल्ली, ने **FIR No.: 174/2025, U/s: 318(4)/316(2)/3(5), भारतीय न्याय संहिता, 2023, and FIR No. 757/2025, U/s: 318(4)338/ 336(3)/340(2)/61(2)(a)/3(5), भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः** बुराड़ी, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **विपल्व कुमार दास,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **विपल्व कुमार दास,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 174/2025, U/s: 318(4)/316(2)/3(5), भारतीय न्याय संहिता, 2023, and FIR No. 757/2025, U/s: 318(4)338/ 336(3)/340(2)/61(2)(a)/3(5), भारतीय न्याय संहिता, 2023, थानाः** बुराड़ी, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **विपल्व कुमार दास,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पायल सिंगल, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी—09
जिला केन्द्रीय, कमरा न. 286
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13840/N/2025
(Court Matter)

### हर रोज हजारों वाहनों का होता है आवागमन

# बुराड़ी, स्वरूप नगर, भलस्वा डेयरी रोड़ की खस्ता हालत जी का जंजाल, रेखा सरकार से लगी उम्मीद

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

बुराड़ी-स्वरूप नगर-भलस्वा डेयरी रोड़ की खस्ता हालत लोगों के जी का जंजाल बन गया है। बुराड़ी को स्वरूप नगर व भलस्वा डेयरी से जोड़ने वाले इस मुख्य मार्ग की हालत बद से बदतर हो रही है। सबसे बुरी गत इंद्रप्रस्थ कालोनी मोड़ से स्वरूप नगर तक और इंद्रप्रस्थ कॉलोनी मोड़ से गुरुद्वारा होते हुए भलस्वा डेयरी तक हो चुकी है।

भलस्वा डेयरी तक सड़क की इतनी बुरी गत है कि आप सोचने पर विवश हो जाएंगे कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है। इन दोनों रोड़ से हजारों छोटे बड़े वाहनों का आवागमन होता है। बावजूद इसके शासन प्रशासन ने आंखें बंद कर रखी है। लोगों की शिकायत है कि पहले आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार ने दावे तो बहुत किए लेकिन 11 साल रहने के बावजूद सड़क की बदहाली नहीं गई। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी मोड़ से भलस्वा डेयरी तक इस सड़क के अधिकांश हिस्से पर एक तरफ भलस्वा डेयरी, जे जे कालोनी, गुरू नानक देव कॉलोनी, निगम का एक प्राइमरी स्कूल व एक निजी स्कूल है।

वहीं दिल्ली की सबसे बड़ी भलस्वा झील व डीडीए का गोल्फ कोर्स मैदान भी इससे लगभग जुड़ा हुआ है। वहीं दूसरी तरफ इंद्रप्रस्थ कालोनी मोड़ से स्वरूप नगर के बीच भी रोड़ की हालत बेहद खराब है। इनके अलावा बुराड़ी से इंद्रप्रस्थ कालोनी



मोड़ तक सड़क की हालत कुछ हद तक चलने लायक कही जा सकती है। किंतु इंद्रप्रस्थ कालोनी मोड़ से आगे की दोनों सड़कें इस कदर गड्ढों से भरी पड़ी है कि वाहन चलना तो दूर की बात पैदल तक चलने में भी लोगों की हालत खराब हो जाती है। डेयरी निवासी श्याम लाल का कहना है कि हम पूर्व आप विधायक अजेश यादव से कह कह कर थक गए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।गुरू नानक कॉलोनी निवासी हरवीर सिंह का कहना है कि एक तरह से हजारों लोग रोजाना नारकीय जीवन भोगने को मजबूर है। हमें अब भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार से कुछ उम्मीद जगी है कि शायद वो मेहरबानी करें और राड़े बन जाए।

भलस्वा जेजे कालोनी निवासी सुनील ने बताया कि लोगों ने कहां कहां शिकायत नहीं की, लेकिन सुनवाई आज तक नहीं हुई, इसलिए थक कर बैठ चुके है। इस सड़क का एक हिस्सा बुराड़ी से आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा के तहत आता है जबकि दूसरे दो हिस्से बादली विधानसभा अंतर्गत भाजपा विधायक दीपक चौधरी के जिम्मे आता है। पूर्व में यह हिस्सो भी आप पार्टी विधायक अजेश यादव के जिम्मे था।

इसलिए भलस्वा डेयरी वाले हिस्से को लेकर लोगों को उम्मीद जगी है कि भाजपा विधायक दीपक चौधरी शायद इस रोड़ का कायाकल्प कर लोगों को राहत प्रदान करें। बता दें कि इन रोड का प्रयोग बुराड़ी की दर्जनों कॉलोनियों, नत्थूपुरा, इब्राहिमपुर गांव, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, स्वरूप नगर, स्वरूप विहार, समयपुर बादली, जे जे कॉलोनी, भलस्वा डेयरी व इसके आस पास की कॉलोनियों, जहांगीरपुरी, भलस्वा गांव, मुकंदपुर गांव सहित अन्य जगहों के हजारों लोग रोजाना आवागमन के लिए प्रयोग करते है।


## अब हमारी सरकार वन क्षेत्रों की खाली जमीनों पर लगाएगी देसी पेड़ : रेखा गुप्ता

# 'दिल्ली सरकार ने दक्षिणी रिज के 41 स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र को आरक्षित वन किया घोषित'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को प्रदूषण से बचाने और पर्यावरण को प्रभावी रूप से मजबूत करने के लिए दिल्ली सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दक्षिणी रिज क्षेत्र के करीब 41 स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र को आरक्षित वन क्षेत्र घोषित करने का निर्णय लिया है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि अब हमारी सरकार ऐसे वन क्षेत्रों की खाली जमीनों पर देसी पेड़ लगाएगी, ताकि जमीन तो उपजाऊ रहे, साथ ही पर्यावरण भी मजबूत हो। मुख्यमंत्री का कहना है कि हमारी प्राथमिकता है कि दिल्ली को प्रदूषण मुक्त, हरित और संतुलित वातावरण वाली आधुनिक राजधानी बनाया जाए। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा का कहना है कि हमारी सरकार का यह निर्णय राजधानी के प्रदूषण को कंट्रोल करने में प्रभावी भूमिका अदा करेगा। सरकार ने इस मामले में पूर्व सरकार पर सवालिया निशान भी खड़े किए हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि राजधानी के रिज क्षेत्र को करीब 20 साल से लावारिस मान लिया गया था। पूर्व सरकारों ने इस क्षेत्र को संरक्षित करने के लिए न कोई पहल की और न ही कोई कदम उठाया। इसका परिणाम यह हुआ कि कई





रिज क्षेत्र में अतिक्रमण भी हो गया और वहां की हरियाली भी प्रभावित होने लगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने शुरू से ही दिल्ली के पर्यावरण व हरियाली को सुरक्षित व उसमें इजाफा करने की प्रतिबद्धता दिखाई थी और इसके लिए लगातार बैठकें व विभिन्न विभागों के के बीच समन्वय बनाया जा रहा था। परिणामस्वरूप हमारी सरकार ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। और सरकार का यह निर्णय दिल्ली की हरियाली को प्रभावी रूप से सुरक्षित रखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दक्षिणी रिज क्षेत्र को आरक्षित वन क्षेत्र घोषित करने का यह प्रथम चरण है। दिल्ली के अन्य रिज क्षेत्र को भी शीघ्र ही आरक्षित वन क्षेत्र घोषित किया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आरक्षित वन क्षेत्र में जहां भी खाली भूमि होगी, वहां वन क्षेत्र को सघन करने के लिए देसी व फलदार पेड़ लगाए जाएंगे। इनमें नीम पीपल, शीशम, आम, इमली, जामुन आदि के पेड़ शामिल हैं। इसका सकारात्मक परिणाम यह होगा कि इस क्षेत्र की भूमि ऊपजाऊ रहे, जैव विविधता को मजबूती मिले, साथ ही वहां पर्यावरण संतुलन भी बना रहे। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि दिल्ली को प्रदूषण मुक्त, हरित और संतुलित वातावरण वाली आधुनिक राजधानी बनाया जाए। इसी दिशा में सरकार ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह कदम न केवल दिल्ली की हरियाली को संरक्षित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और स्वस्थ पर्यावरण भी सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री के अनुसार बीते वर्षों में रिज क्षेत्रों की उपेक्षा और अतिक्रमण के कारण हरियाली को जो क्षति हुई है, उसे हमारी सरकार गंभीरता से पुनर्स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। दिल्ली सरकार यह मानती है कि पर्यावरण संरक्षण कोई वैकल्पिक नीति नहीं, बल्कि जीवन रक्षा की अनिवार्य जिम्मेदारी है।

### पेड़ों के प्रत्यारोपण के लिए अनुभवी एजेंसियों का किया जाए चयन : सिरसा



नई दिल्ली। पेड़ों को प्रत्यारोपण के कार्यों के लिए ऐसी एजेंसियों को ही सूचीबद्ध किया जाए जिनके पास तकनीकी दक्षता, प्रमाणित अनुभव और उन्नत मशीनरी हो, ताकि प्रत्यारोपित किए गए पेड़ों की अधिकतम जीवित रहने की संभावना सुनिश्चित हो सके। यह बात सोमवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कही है। सिरसा ने कहा कि अब तक कई एजेंसियां पेड़ों को बेकहो होल्डर जैसी भारी मशीनों से उखाड़ती रही हैं, जिससे जड़ों को क्षति पहुंचती थी और पेड़ों की जीवित रहने की संभावना कम हो जाती थी। आगे से केवल वे एजेंसियां ही चुनी जाएंगी जिनके पास तकनीकी दक्षता और ऐसी पेशेवर मशीनें हैं जो पूर्ण विकसित पेड़ों को उनकी मिट्टी और जड़ समेत सुरक्षित निकालकर पुनः रोप सकें। समीक्षा बैठक के बाद वन विभाग ने ईओआई जारी किया है, जिसके तहत योग्य एजेंसियां पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकती हैं। इसमें तकनीकी क्षमता, अनुभव और मशीनरी से जुड़े मानदंड स्पष्ट किए गए हैं ताकि दिल्ली में पेड़ प्रत्यारोपण की प्रक्रिया अधिक वैज्ञानिक और टिकाऊ बने। सिरसा ने कहा कि हम हर कमी को गंभीरता से दूर कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में पेड़ों के प्रत्यारोपण की सफलता दर कम रही है। लेकिन अब जब तकनीकी रूप से दक्ष एजेंसियां और उपयुक्त उपकरण मैदान में होंगे, तो परिणाम निश्चित रूप से बेहतर होंगे। सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार की व्यापक पर्यावरणीय रणनीति का लक्ष्य राजधानी के चारों ओर एक हरित सुरक्षा कवच तैयार करना है। धूल प्रदूषण घटाने से लेकर हरित आवरण बढ़ाने तक हमारी हर पहल का मकसद एक ही है कि दिल्ली को ऐसा शहर बनाना जहां साफ़ हवा हो और हर मौसम में हरा-भरा रहे।

## मुख्यमंत्री ने 'छठ पूजा 2025' की तैयारियों के लिए गठित की समिति

- कपिल मिश्रा को बनाया गया समिति का अध्यक्ष, समिति में चार विधायकों को बनाया गया सदस्य
- दिल्ली में इस बार लगभग एक हजार स्थानों पर होगा छठ पूजा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में छठ पूजा की तैयारियों में कोई कमी न रहे इसके लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति का अध्यक्ष कला, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा को बनाया गया है। अध्यक्ष नामित होने के बाद समिति के बारे में जानकारी देते हुए सोमवार को कपिल मिश्रा ने बताया कि यह समिति राजधानी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में छठ पूजा के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान, सुविधाओं की उपलब्धता, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, परिवहन और श्रद्धालुओं की सहूलियत से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत करेगी।

समिति में 4 विधायकों को सदस्य बनाया गया है। इनमें लक्ष्मीनगर से विधायक अभय कुमार वर्मा, संगम विहार से विधायक चंदन कुमार चौधरी, मटियाला के विधायक संदीप सेहरावत और बादली से विधायक दीपक चौधरी शामिल हैं। छठ पूजा के लिए बनाई गई समिति का अध्यक्ष नामित करने पर कपिल मिश्रा ने कहा कि छठ पूजा ना केवल पूर्वांचल बल्कि दिल्ली की भी सांस्कृतिक पहचान है बल्कि यह हमारी सामूहिक आस्था और एकता का प्रतीक भी है लेकिन जानबूझकर पिछली सरकारों ने लाखों- करोड़ों लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया। लेकिन इस बार दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में पूजा करने का अवसर मिले। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, रोशनी और चिकित्सा सुविधाएँ सर्वोत्तम स्तर पर हों।

### दिल्ली की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है छठ

कपिल मिश्रा ने कहा कि मैं सभी श्रद्धालुओं और दिल्लीवासियों से अपील करता हूं कि वे इस महापर्व में उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लें तथा स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। छठ केवल एक पर्व नहीं बल्कि दिल्ली की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक है और हम सब मिलकर इस पर्व को सफल बनाएंगे। सावन माह में जिस तरह कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न हुई थी, मेरा ये सौभाग्य रहा कि उसके सफल आयोजन की भी मुझे ज़िम्मेदारी मिली थी। उसी तरह छठ पूजा का ये पर्व भी बड़ी ही धूमधाम से संपन्न होगा। पिछली सरकारों ने छठी मैय्या के श्रद्धालुओं के साथ अन्याय किया था लेकिन अब इस पर्व की छटा पूरी तरह बदली दिखाई देगी।

## सीएम ने दिवाली मंगल मिलन समारोह में पत्रकारों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के सूचना एवं प्रचार निदेशालय द्वारा आयोजित दिवाली मंगल मिलन समारोह में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पत्रकारों से आत्मीय संवाद किया। इस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह एवं कपिल मिश्रा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दीप जलाकर की। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के सूचना एवं प्रचार निदेशालय द्वारा तैयार किया गया एक वीडियो में प्रसारित किया गया। इसमें दिल्ली की प्रगति की झलक दिखाई गई। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पत्रकारों से मिली और उन्हें दिवाली की शुभकामनाएं दीं। वहीं दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह एवं कपिल मिश्रा भी पत्रकारों के बीच रहे और उनसे आत्मीय संवाद किया और दिवाली की शुभकामनाएं दीं।

### डूसू पदाधिकारियों ने की डीयू कुलपति से मुलाक़ात

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) 2025-26 के सभी पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह से सोमवार को औपचारिक मुलाक़ात की। इस अवसर पर कुलपति ने सभी पदाधिकारियों को जीत की बधाई देते हुए आशा जताई कि छात्र प्रतिनिधि प्रशासन के साथ मिलकर सकारात्मक काम करेंगे। सभी पदाधिकारियों ने भी कुलपति को आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय एवं छात्र हितों में वह अपना रचनात्मक सहयोग विश्वविद्यालय को देंगे। इस अवसर पर डूसू पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव व कुछ मांगे भी रखी जिन्हें कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने ध्यान से सुना और अधिकतर विषयों पर फौरन समाधान के लिए निर्देश भी दिये।

### सभी विधानसभा आर्ब्जवर अपने काम के प्रति जवाबदेह और जिम्मेदारः यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि सभी नवनियुक्त 70 विधानसभाओं आर्ब्जवर अपने काम के प्रति जवाबदेह और जिम्मेदार है। उनके जिम्मेदारी पूर्ण तरीके से कार्य करने की वजह से संगठन को जमीनी स्तर तक और मजबूती मिलेगी। प्रदेश कांग्रेस संगठन लगातार मजबूत होता जा रहा है। यह बातें उन्होंने सोमवार को संगठन सृजन अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने के लिए नवनियुक्त 70 विधानसभा आर्ब्जवरों की बुलाई एक महत्वपूर्ण बैठक में कही। यादव ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत 3,4,5 और 6 ब्लॉक वाली सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में नवनियुक्त आर्ब्जवरों को पैनी नजर रखनी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि वे चुनाव आयोग द्वारा राजधानी में होने वाली मतदाता सूची के आगामी एसआईआर (विशेष गहन संशोधन) को देखते हुए बीएलए-टू की नियुक्ति पर अपना प्राथमिक तौर पर फोकस रखें। बैठक में यादव के साथ पूर्व मंत्री, कॉओर्डिनेशन कमेटी के चेयरमैन डा0 नरेन्द्र नाथ, बूथ मेनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन राजेश गर्ग, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के प्रशासनिक प्रभारी जतिन शर्मा सहित सभी 70 विधानसभा आर्ब्जवर मौजूद थे। नव-नियुक्त पर्यवेक्षकों की पहली बैठक को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि उन्हें बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। पार्टी द्वारा उन्हें सौंपे गए कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरी कर्मठता के साथ करना चाहिए।

## आशीष सूद ने तीन करोड़ की लागत से कई कार्यों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के शिक्षा मंत्री एवं जनकपुरी विधायक आशीष सूद ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से कई कार्यों का शुभारंभ किया। इनमें सीतापुरी में पुरानी सीवर लाइन का प्रतिस्थापन, महावीर एन्क्लेव में सीवर लाइन बदलने का काम, जीवन पार्क क्षेत्र में नई पानी की लाइन बिछाने का कार्य, उत्तर नगर में पुरानी पानी की लाइन बदलने का कार्य, दयाल सर रोड से शुक्र बाजार तक सीवर सुधार कार्य शामिल है।

मंत्री सूद ने बताया कि यह पहल 'रेखा सरकार आपके द्वार' - जनकल्याण के लिए तैयार अभियान के अंतर्गत शुरू की गई है जिसका उद्देश्य जनकपुरी के निवासियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इन परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र के हजारों निवासियों को स्वच्छ जल आपूर्ति, बेहतर सीवर प्रबंधन और स्वच्छ वातावरण का लाभ मिलेगा। मंत्री सूद ने कहा कि रेखा सरकार के नेतृत्व में दिल्ली में जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। जनकपुरी में आधारभूत सुविधाओं को सशक्त बनाना हमारी प्रतिबद्धता है ताकि हर नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर जीवन सुविधाएं मिल सकें।



### 'पिछले 10 वर्षों से जनकपुरी में सीवर और पानी की लाइनों पर नहीं हुआ काम'

शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले करीब दस वर्षों से जनकपुरी विधानसभा में रखरखाव के नाम पर सीवर और पानी की लाइनों पर कोई काम नहीं हुआ था। लेकिन अब हमारी सरकार जनता को स्वच्छ पानी और बेहतर सीवर व्यवस्था देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि जनकपुरी में पिछले 27 वर्षों में विशेष रूप से पिछले एक दशक में विकास और जन-सुविधाओं के क्षेत्र में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पिछली सरकार के कार्यालय में जनकपुरी उपेक्षा का शिकार रहा है। हमें विरासत में टूटी सड़कें, जर्जर सीवर लाइन, पीने के पानी किल्लत, बिजली की अनियमितता और अव्यवस्थित तारों का जाल मिला। लेकिन अब हमारा ध्यान केवल समस्याओं के समाधान पर है।

## मौसम ले रहा करवट, अब ठंडी हवाएं देगी दिल्ली में दस्तक

नई दिल्ली। दिल्ली में मानसून वापसी को लगभग एक पखवाड़े से अधिक हो गया है, और अब मौसम करवट लेने लगा है। दिल्ली में ठंडी हवाओं की दस्तक देने वाली है, हालांकि गुलाबी ठंडक महसूस भी की जा रही है। तेज हवाओं के साथ ही रात का न्यूनतम तापमान गिरने लगेगा और दिन के पारे में भी हल्की गिरावट देखने को मिलेगी। इस बारे में निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर के अनुसार दिल्ली में तापमान सामान्य से कम होने लगा है और लगभग ठंडी हवाओं की शुरुआत होने लगी है। कंपनी का अनुमान है कि अब अक्टूबर में बारिश की संभावना नहीं के बराबर रह गई है। वैसे अक्टूबर महीने की शुरुआत बारिश के साथ ही हुई थी। राजधानी दिल्ली ने इस महीने की शुरुआत में ही अपनी सामान्य बारिश का आंकड़ा पूरा कर लिया है। आंकड़े के अनुसार पहले हफ्ते में ही लगभग 90 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद मौसम पूरी तरह शुष्क हो गया और आने वाले दिनों में बारिश की संभावना लगभग नहीं है। कंपनी ने बताया कि बारिश के बाद से ही दिल्ली में तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। पिछले 4-5 दिनों से दिल्ली-एनसीआर के ज्यादातर वेधशालाओं में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा रहा है। सोमवार सुबह सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले 10 अक्टूबर को इस सीजन का सबसे कम तापमान 18.8 सेल्सियस दर्ज हुआ था, जो इस साल मार्च 2025 के बाद से अब तक का सबसे कम तापमान रहा है। कंपनी की माने तो आमतौर पर मानसून की वापसी के बाद दिल्ली में मौसम शुष्क और साफ रहता है।




### ड्रग्स कंट्रोल विभाग को समन्वय बनाकर अभियान चलाने के दिए निर्देश

# दिल्ली पुलिस नशे से प्रभावित पॉकेट्स और क्लस्टर्स में नशे की बिक्री करने वालों के खिलाफ करे कड़ी कार्रवाई : इंद्राज

- समाज कल्याण मंत्री ने उत्तर-पश्चिमी दिल्ली जिले के डीएम, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, ड्रग्स कंट्रोल विभाग, समाज कल्याण विभाग के साथ की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस और ड्रग्स कंट्रोल विभाग अन्य विभागों के सहयोग से नशे से प्रभावित पॉकेट्स और क्लस्टर्स को नशा मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाएं। यह निर्देश सोमवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने सोमवार को उत्तर-पश्चिमी दिल्ली जिले में नशा मुक्ति अभियान की प्रगति और रणनीति को लेकर एक महत्वपूर्ण उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए।

उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्र पूरी दिल्ली के लिए मॉडल बनेंगे। उन्होंने कहा कि वह ऐसे क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण करेंगे। वहीं रविंद्र इंद्राज ने निर्देश दिए कि दिल्ली पुलिस, नशे से प्रभावित पॉकेट्स और क्लस्टर्स में नशे की बिक्री



करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। पुलिस विभाग नशे के हॉटस्पॉट क्षेत्रों में बीट अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करे। साथ ही, चयनित डार्क स्पॉट्स की सूची साझा करे और वहां सघन निगरानी करे। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग नशे की रोकथाम के लिए पुलिस-प्रशासन, वालंटियर्स और एनजीओ के साथ मिलकर व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाये। यूथ आइकन और अभिभावकों के सहयोग से युवाओं और किशोरों को नशे से दूर रखने के प्रयास करे। समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज ने छात्रों को नशे से बचाने हेतु स्कूल-कॉलेज परिसरों के 100 मीटर दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने और इसकी सख्ती से निगरानी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय प्रशासन इसे लेकर गंभीर प्रयास करें। शैक्षणिक संस्थान अपने परिसरों में 'नशा मुक्ति क्लब' बनाएं और 'ड्रग फ्री कैंपस' घोषित करें। समाज कल्याण मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे 'नशामुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत दिल्ली को नशा मुक्त बनाने और पुनर्वास सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वय बनाकर काम करने और 'ड्रग फ्री दिल्ली-ड्रग फ्री भारत' लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में विकसित दिल्ली संकल्प को पूरा करने के लिए नशा मुक्त दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री इंद्राज ने मेडिकल स्टोर्स और अन्य दुकानों पर नशीले उत्पादों की बिक्री पर विशेष निगरानी रखने और सार्वजनिक स्थलों जैसे पार्कों व टॉयलेट्स में नशे के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### इनामी बदमाश को गुरुग्राम पुलिस ने किया काबू

**गुरुग्राम।** मानेसर क्राइम ब्रांच की टीम ने राजस्थान के जयपुर पुलिस द्वारा 25 हजार रुपए का इनामी



बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर जयपुर के एसओजी थाना में धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज है और वह मूल रूप से महेंद्रगढ़ जिला के गांव गनियार का रहने वाला है। इसके अलावा आरोपी पर रेवाड़ी थाना में भी एक धोखाधड़ी का केस दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को कापड़ीवास के पास से काबू किया।

### सर्जिकल ऑन्कोलॉजी में प्रगति सेमीनार का आयोजन

**फरीदाबाद।** राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) कैंसर उपचार और अनुसंधान संस्थानों में से एक ने फरीदाबाद में एक



ऑन्कोलॉजी कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन पर सेमिनार का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य पेशेवरों ने भाग लिया और कैंसर उपचार के परिवर्तनकारी क्षेत्रों पर ज्ञान का आदान-प्रदान किया। सीएमई में डॉ. नवीन कुमार कुशवाहा, कंसल्टेंट, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, ने अपने विचार साझा किए।

### बुजुर्गों व दिव्यांगों को बांटे सहायक उपकरण

**फरीदाबाद।** डबुआ कॉलोनी स्थित सोनी पब्लिक स्कूल में



निःशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड नंबर 10 के पार्षद भगवान सिंह और थाना डबुआ के एसएचओ रणधीर सिंह ने शिरकत की। इन कैम्पों का लगभग 327 लोगों ने लाभ उठाया। जिनमें एलिमको द्वारा दिव्यांग लोगों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर व बुजुर्गों को वॉकर, कानों में सुनने की मशीन, कमर व गले की पट्टी, छड़ी आदि बांटे गए।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान से हर घर में गूंजेगा 'घर-घर स्वदेशी' का संदेश : अतुल गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

**अभियान का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को संदेश से जोड़ना**

सांसद अतुल गर्ग ने सोमवार को यहां कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान से हर घर में गूंजेगा 'घर-घर स्वदेशी' का संदेश गूंजेगा। अभियान का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को "हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी" के संदेश से जोड़ना है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का लक्ष्य भारत को सामाजिक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। इसके अंतर्गत देशभर में विभिन्न स्तरों पर कार्यशालाएँ, प्रतियोगिताएँ, सम्मेलन, संवाद एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। सांसद गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रदेश एवं जिला स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर दी गई है।




### स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम को घर-घर तक पहुँचाएं भाजपा कार्यकर्ता

उन्होंने बताया कि 1 से 5 अक्टूबर तक वक्ता कार्यशालाएँ आयोजित की गई तथा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर "स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम" संपन्न हुआ। उन्होंने 9 से 18 अक्टूबर तक सभी प्रशासनिक जिलों में "स्वदेशी मेले" का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय उत्पादों एवं स्वदेशी उद्योगों को प्रोत्साहन दिया गया। नवंबर माह में भाषण, निबंध, क्विज प्रतियोगिताएँ तथा महिला एवं युवा सम्मेलन आयोजित होंगे। 1 से 25 दिसम्बर तक घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से हर घर और दुकान तक "घर-घर स्वदेशी" का संदेश पहुँचाया जाएगा। सांसद ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात (28 सितम्बर) में दिए गए स्वदेशी अपनाने के आह्वान को घर-घर तक पहुँचाने की जिम्मेदारी भाजपा कार्यकर्ताओं ने निभाने का संकल्प लिया है। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का जनआंदोलन है। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद महानगर में टीमें गठित की जा चुकी हैं, जो मंडल एवं बूथ स्तर पर बैठकों के माध्यम से जन-जागरूकता का कार्य कर रही हैं। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत गाजियाबाद में पहले चरण में स्वदेशी जनजागरण रैली, बूथ बैठकों, और कार्यशालाओं का सफल आयोजन किया जा चुका है। प्रधानमंत्री मोदी जी के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को साकार करने में गाजियाबाद अग्रणी रहेगा। हर घर तक 'घर-घर स्वदेशी' का संदेश पहुँचे और हर नागरिक अपने स्तर पर स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दे। अभियान से जुड़ी सभी गतिविधियाँ सोशल मीडिया पर हैशटैग के माध्यम से साझा की जाएँगी।

### पदयात्रा का उद्देश्य समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को प्रबल करना

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है विकसित भारत पदयात्राएंः खेल मंत्री गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा माई भारत के माध्यम से विकसित भारत पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, एकता की भावना तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को प्रबल करना है। यह जानकारी युवा सशक्तिकरण विभाग एवं खेल मंत्री गौरव गौतम ने आज सेक्टर-16 स्थित मैगपाई टूरिज्म परिसर में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान दी।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है, जिसमें युवा से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। विशेष रूप से अमृत पीढ़ी यानी आज के युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका को रेखांकित किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंत्रालय ने 6 अक्टूबर 2025 को सरदार एट दा रेट/150 यूनिटी मार्च की शुरुआत की,जो भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। यह राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना का संदेश फैलाने का माध्यम बनेगा। जिस तरह सरदार पटेल ने बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी और युवाओं को एक भारत, श्रेष्ठ भारत तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।




### दूसरा चरण 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक चलेगा

उन्होंने कहा कि दूसरा चरण 26 नवंबर से 6 दिसंबर 2025 तक चलेगा, जिसमें 152 किलोमीटर की राष्ट्रीय पदयात्रा सरदार पटेल जी के जन्म स्थान करमसद से लेकर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया तक निकाली जाएगी। यात्रा मार्ग में 150 पड़ावों पर सरदार पटेल जी के जीवन पर प्रदर्शनी, सांस्कृतिक उत्सव और सरदार गाथा जैसे विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। देशभर के युवाओं से आग्रह है कि वे इस अभियान में भाग लेकर एक भारत, एकता का भारत के संकल्प को सशक्त बनाएं और राष्ट्र निर्माण की इस प्रेरणादायी यात्रा का हिस्सा बनें। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी प्रियंका मलिक सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### अभियान के दो प्रमुख चरण निर्धारित किए

खेल मंत्री गौरव गौतम ने बताया कि पहला चरण 31 अक्टूबर से 25 नवंबर 2025 तक चलेगा, जिसके अंतर्गत देशभर के जिलों में 8 से 10 किलोमीटर लंबी पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी। इनसे पूर्व स्थानीय विद्यालयों और महाविद्यालयों में निबंध, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी, स्वदेशी मेला तथा अन्य जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित होंगी। साथ ही स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## ह्यूमैन लीगल ऐड एण्ड क्राईम कंट्रोल संस्था ने मनाया दिवाली उत्सव

**फरीदाबाद।** ह्यूमैन लीगल ऐड एण्ड क्राईम कंट्रोल संस्था ने सैक्टर-16 स्थित मैट्रो हॉस्पिटल कैंसर इंस्टीट्यूट के प्रांगण में संस्था के कार्यकर्ताओं तथा सदस्यों के द्वारा दिवाली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था की महिला सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीरेन्द्र सिंह वरिष्ठ समाजसेवी ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में संस्था को सर्वप्रथम दिवाली उत्सव को लेकर बधाई दी। उन्होंने संस्था के कार्यकर्ताओं को बताया कि आज के दौर में प्लास्टिक उत्पाद में मिलने वाले खाने के सामान से कैंसर काफी मात्रा में फैलाता जा रहा है। समाज के सभी एनजीओं को कैंसर की रोकथाम के बारे में लोगों को जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ह्यूमैन लीगल ऐड एण्ड क्राईम कंट्रोल संस्था द्वारा आज का यह कार्यक्रम दिवाली मिलन के साथ-साथ कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करना एक अनूठी पहल है।

इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ. नागपाल ने महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर से संबंधित जानकारियां महिलाओं को दी। उन्होंने बताया कि आज के समय में महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर ज्यादा संख्या में फैलता जा रहा है। ऐसे में हमें क्या क्या ऐतिहयात बरतनी चाहिए, को लेकर जानकारियां दी। कार्यक्रम की कड़ी में दिल्ली के प्रसिद्ध संगीत कलाकार कुमार दीपक ने पुराने गानों से समां बांध दिया। उन्होंने दिवाली के अवसर पर श्याम आएंगे का गाना गाकर लोगों को भक्ति से सराबोर कर दिया और फिर से अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की याद दिला दी। कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश खटाना ने संस्था को कार्यक्रम की पहल पर साधुवाद दिया और संस्था की महिलाओं को लीगल ऐड से संबंधित ज्ञानवर्धक बातें सांझा की। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय महासचिव राधिका बहल ने कार्यक्रम में आये सभी लोगों का धन्यवाद किया तथा सभी को दीपावली की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम के अंत में दीपावली के त्यौहार को लेकर दीप प्रज्जवलित कर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी।

### आईपीएस वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामला

## जिला कांग्रेस कमेटी ने सीएम का पुतला फूंका, कहा- भाजपा सरकार में दलितों पर अत्याचार बढ़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार पर हुए अत्याचार व जुर्म करने वालों के खिलाफ व उनके आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक के नेतृत्व में सुबह पहले कार्यकर्ता सेक्टर-12 स्थित पेट्रोल पंप पर एकत्र हुए तथा जुलूस की शक्ल में सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय पर धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पुतला फूंका।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है समाज के हर वर्ग विशेषकर दलितों पर अत्याचार व जुर्म बढ़े है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इससे ज्यादा ज्यादती और क्या हो सकती है कि एडीजीपी स्तर के अधिकारी वाई पूरन कुमार आत्महत्या करने पर मजबूर हो गए। यह हरियाणा में दलित अत्याचार का पहला मामला नहीं है बल्कि ऐसे मामले हरियाणा में रोज-रोज होते है। भाजपा की सरकार आरएसएस के एजेन्डे पर चलकर दलित अधिकारियों को प्रताड़ित कर रही है। साथ ही उन्हें उच्च पदों पर लगने की बजाय खुड्डे लाईन कर काम करवाती है। उन्होंने कहा कि देश की संविधान संस्थाएं भी सुरक्षित नहीं है। उदाहरण क्या हो सकता है कि न्यायमूर्ति बी आर गवई पर जूता फैंक कर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन सभी कृत्यों की निंदा करती है तथा ही जब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती और पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल जाता है तब तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश प्रवक्ता योगेश ढींगड़ा, ठा. राजाराम, अशोक रावल, गौरव ढींगड़ा, जमील मलिक, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, राजेन्द्र चपराना, डा. सौरभ शर्मा, बाबूलाल एडवोकेट संजीव चौधरी, चुन्नू राजपूत, जवाहर ठाकुर, संजय कौशिक, सुरेश बेनीवाल आदि।

### दीपावली अभियान में कुल 74 नमूने संकलित किए गए

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने पकड़ी 20 क्विंटल सोनपापड़ी सीज,61 किलो खोया नष्ट किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दीवाली के मद्देनजर चलाए जा रहे अभियान में 20 क्विंटल सोनपापड़ी सीज की जबकि 61 किलो खोया नष्ट किया। राजेश कुमार निवासी अतरौली जनपद अलीगढ़ द्वारा कैंटर में लगभग 20 क्विंटल सोहन पापड़ी सीज की। इसके अलावा मिलावट के शक में 61 किलो खोया भी नष्ट कर दिया गया है।

सोनपापड़ी का मूल्य करीब 1 लाख 79 हजार रुपए है। यह माल गाजियाबाद में आपूर्ति के लिए लाया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचंद एवं बसंत गुप्ता की टीम अभियान में व्यस्त थी। तभी जाँच के लिए सोनपापड़ी को रोका। सोनपापड़ी पर एक्सपायरी डेट अंकित ना होने तथा पैकेट पर इनग्रेडिएंट डिक्लेयर नहीं कोई सूचना अंकित नहीं थी। मिलावट के संदेह पर समस्त स्टॉक को दो नमूने



संग्रहित करते हुए विक्रय के लिए सीज कर दिया गया। इसके अलावा प्रदीप कुमार ग्राम-रजापुर पोस्टैट कलिना थाना- सरूरपुर जि. मेरठ के वाहन संख्या यूपी 15 ईटी 4524 से शमीनू कुमार द्वारा चौपला मंदिर, डासना गेट, गाजियाबाद को परिवहन किए जा रहे 61 किलो ग्राम खोया (मूल्य रुपए 12200 मात्र) को हिंडन श्मशान घाट रोड के निकट विनष्ट कर एक नमूना संग्रहित किया गया। आज 15 नमूने संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किए जा रहे हैं। अब तक की दीपावली अभियान में कुल 74 नमूने संकलित किए गए।

### 7 लाख देकर वसूले 15 लाख रुपए

## वसूली करने के मामले में पांच सूदखोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

शिवाजीनगर थाना पुलिस ने सूदखोरों पर अवैध वसूली करने को लेकर कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी 20 प्रतिशत ब्याज पर रुपए देकर जबरन वसूली करते थे।

आरोपियों ने सात लाख रुपए देकर 15 लाख रुपए वसूली कर ली थी और इसके बाद भी जबरन वसूली कर रहे थे। पुलिस को दी शिकायत में शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने और उसके भाई ने 30 अगस्त 2024 को ललित, नितिन, प्रवीण, हिमांशु, संजय और दो अन्य लोगों से सात लाख रुपए उधार लिए थे। जिनके बदले वे 20 प्रतिशत ब्याज के साथ करीब 15 लाख रुपए वापस लौटा चुके हैं। फिर भी ये लोग उनसे 25 लाख रुपए की अवैध मांग कर रहे हैं और रुपए ना देने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

गत 7 सितंबर 2025 को आरोपियों ने शिकायतकर्ता की दुकान पर आकर गाली-गलौच, मारपीट करते हुए 64 हजार रुपए छीनने की कोशिश की और गोली मारने की धमकी दी। इन लोगों ने उसके पिता के एसबीआई बैंक खाते से तीन चेक (प्रत्येक 5 लाख के) और इसके व इसके भाई के कोरे कागज पर जबरन हस्ताक्षर कराकर जबरन रख लिए हुए हैं। जिनका आरोपी दुरुपयोग करने की भी धमकी देते हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने शिवाजी नगर थाना गुरुग्राम में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए, जबरन वसूली करने वाले पांच आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान कृष्ण उर्फ नितिन निवासी अजीत कॉलोनी, रोहतक, हिमांशु (25 वर्ष), संजय (41 वर्ष), ललित (27 वर्ष), प्रवीन सभी निवासी गांव कबूलपुर, रोहतक को गिरफ्तार कर लिया।

### प्रदूषण तथा जल संकट दूर करने पर दिया जोर

## निगम के शताब्दी संकल्प @2047 के कार्यक्रम में महापौर तथा नगर आयुक्त ने साझा की फ्यूचर प्लानिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम के समृद्धि शताब्दी पर्व के अंतर्गत शताब्दी संकल्प @ 2047 के भव्य कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने फ्यूचर प्लानिंग साझा की और प्रदूषण तथा जल संकट दूर करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में नगर आयुक्त ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के साथ-साथ मियावकी पद्धति से प्लांटेशन की प्रेजेंटेशन भी दिखाई गई, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर हित में तथा निगम हित में लाए जा रहे प्रोजेक्ट जिसमें मल्टी स्पोर्ट्स कंपलेक्स, सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी, जल संरक्षण मुहिम, बायोडायवर्सिटी पार्क, उपवन योजना, सीएम ग्रिड, ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज में गाय के गोबर से पेंट बनाने की मुहिम, ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड के अंतर्गत



औद्योगिक इकाइयों हेतु जल की उपलब्धता टीएसटीपी की शुरुआत की है। साथ ही वायो सीएनजी की शुरुआत की योजना, कार्बन क्रेडिट का कार्य, तालाबों का जीर्णोद्धार, स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड, रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल सेंटर, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम तथा अन्य योजनाओं की प्रगति को भी बताया। मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम गाजियाबाद में ऐसे नए आयाम लेकर आ रहा है जिनसे शहर का विकास भी होगा तथा गाजियाबाद नगर निगम आत्मनिर्भर भी बनेगा, शहर को धूल मुक्त बनाने के साथ-साथ प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए भी कार्य चल रहा है जिसमें आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल करते हुए शहर को पर्यावरण संरक्षण की और बढ़ाया जा रहा है।

### दोनों युवक कादरपुर के रहने वाले, गांव में मातम पसरा

## हाइवा ट्रक ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम में तेज रफ्तार हाइवा ट्रक ने बाइक सवार दोनों युवकों को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि दोनों के सिर बुरी तरह कुचल दिए जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अस्पताल भेज दिया। वहीं आरोपी डंपर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। हादसा रविवार की रात करीब 11 बजे मैदावास रोड पर लैमन ट्री होटल के सामने हुआ। मृतकों की पहचान कादरपुर गांव निवासी राजीव कुमार (31 वर्ष) और कोशिंद्र (30 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, कोशिंद्र बाइक चला रहा था और दोनों मैदावास से अपने गांव कादरपुर की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाइवा ट्रक की गति बहुत तेज थी और उसने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी और बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर गए।

### मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

हादसे में दो जवान बेटों की मौत से कादरपुर गांव में सन्नाटा पसर गया। हादसे की खबर फैलते ही कादरपुर गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों के परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि राजीव खटाना और कोशिंद्र दायमा मेहनती और मिलनसार थे। दोनों की मौत ने पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है। पूर्व सरपंच संजीत ने बताया कि दोनों मृतकों के दो-दो बच्चे हैं। दोनों के साथ ही पढ़े थे और ज्यादातर साथ रहते थे।

### ओवर स्पीड था हाइवा ट्रक

सेक्टर-65 थाना प्रभारी अजयबीर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि डंपर ड्राइवर ने लापरवाही से वाहन चलाया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि ड्राइवर की पहचान हो सके। प्रशासन से अपील की जा रही है कि यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)
(84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक उर्फ दलीप पुत्र महेश कुमार पता मकान नं. बी–48, गली नं.2, जगदंबा मार्केट अमन विहार, सुल्तान पुरी, दिल्ली ने एफआईआर नं 613/2024 धारा 25 आर्म एक्ट के तहत** थानाः सुल्तान पुरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक उर्फ दलीप** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक उर्फ दलीप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर नं. 613/2024 धारा 25 आर्म एक्ट के तहत थानाः सुल्तान पुरी, दिल्ली के उक्त दीपक उर्फ दलीप** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अभिनव सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी – 01
नार्थ वेस्ट कोर्ट नं.102
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13744/OD/2025

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रोहित कुमार** पुत्र महेंद्र निवासी मकान नं. 386, जाटव मोहल्ला, तुगलकाबाद गांव, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 227/21 धारा 379/411 भा.द.स., थाना पुल प्रहलादपुर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रोहित कुमार** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रोहित कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 227/21 धारा 379/411 भा.द.स., थाना पुल प्रहलादपुर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रोहित कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **21.01.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री आजाद सहरावत,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–10 (दक्षिण पूर्व)
कमरा नं. 307, तृतीय तल,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/13745/SE/2025

## खबर संक्षेप

### महुआ से लड़ेंगे जेजेडी मुखिया तेज प्रताप यादव

**पटना।** बिहार चुनाव को लेकर तेज प्रताप यादव ने अपनी पार्टी जनशक्ति जनता दल के 21 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। साथ ही अब ये भी साफ हो गया है कि वे खुद वैशाली की महुआ सीट से चुनाव लड़ेंगे। तेज प्रताप का नाम भी लिस्ट सबसे ऊपर है। तीन महिला उम्मीदवारों को भी टिकट मिला है।तेज प्रताप की जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) की ये पहली लिस्ट है।



### 160 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ी वंदे भारत

**झुमरी तिलैया।** भारतीय रेल ने तकनीक और सुरक्षा के नए युग में कदम रखा है। गया-सरमाटांड़ स्टेशन के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस (कवच प्रणाली युक्त) का सफल ट्रायल 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से किया गया।इस ट्रायल ने पूर्व मध्य रेल के विकास की गति को तेज किया है और राजधानी, दुरंतो तथा अन्य सुपरफास्ट ट्रेनों के संचालन की नई संभावनाएं खोली हैं।



### इरफान सोलंकी को हाईकोर्ट से मिली राहत

**कानपुर।** सीसामऊ से सपा के विधायक रहे इरफान सोलंकी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से राहत मिली है। हाईकोर्ट ने रंगदारी व जमीन पर कब्जा करने के मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रहे मुकदमे की कार्यवाही पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ कर रही है। विमल कुमार ने सोलंकी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।



# मुख्यमंत्री शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार से सम्मानित

## ग्लोबल पंजाबी एसो. ने सामाजिक सौहार्द व सिख समुदाय के कल्याण के प्रयासों को सराहा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सोमवार को ग्लोबल पंजाबी एसोसिएशन की ओर से प्रतिष्ठित शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके प्रेरणादायी नेतृत्व, सामाजिक सौहार्द के प्रति प्रतिबद्धता और हरियाणा के सिख समुदाय के कल्याण के लिए किए गए सतत प्रयासों की सराहना स्वरूप प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ के सेक्टर 18 स्थित टैगोर थियेटर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर को नमन करते हुए कहा कि आज का यह अवसर मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायी और हृदयस्पर्शी है। जब हम हिंद की चादर नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर आधारित पुस्तक के विमोचन के साक्षी बने हैं।





### गुरुजी के 400वें प्रकाश वर्ष को देशभर में मनाया गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर आजादी का अमृत महोत्सव गुरु तेग बहादुर के 400वें प्रकाश वर्ष को देशभर में मनाया गया। गुरु तेग बहादुर के 400वें प्रकाश पर्व पर उनकी स्मृति में डाक टिकट और एक सिक्का भी जारी किया गया। प्रधानमंत्री ने दशम पातशाह गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के शहीदी दिवस को हर वर्ष वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

### सिख गुरुओं का हरियाणा की भूमि से गहरा नाता

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम पातशाह गुरु नानक देव जी से लेकर दशम पातशाह गुरु गोबिंद सिंह तक, सभी सिख गुरुओं ने हमें सेवा, समानता और साहस की शिक्षा दी। हरियाणा की पावन धरा से सभी सिख गुरुओं का गहरा सम्बन्ध रहा है। जहां-जहां वे पधारे, ऐसे 30 से अधिक स्थानों पर उनकी याद में गुरुघर स्थापित हैं। इस अवसर पर गोस्वामी सुशील महाराज, नाभा की महारानी उमा सिंह, मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बड़खलसा, कुलवंत सिंह धालीवाल और ग्लोबल पंजाब एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### योगी सरकार से मिली इन्वेस्ट पुनर्गठन प्रस्ताव को मंजूरी

# कई शहरों में विशेषज्ञ सेल व सैटेलाइट ऑफिस स्थापित होंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि इन्वेस्ट यूपी को अधिक कार्यकुशल, विशेषज्ञता आधारित और निवेशक केंद्रित संस्था के रूप में विकसित करना है। योगी की अध्यक्षता में सोमवार को सम्पन्न इन्वेस्ट यूपी शासी निकाय की पहली बैठक में इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन प्रस्ताव को मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दी। नए ढांचे के तहत टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सर्विस सेक्टर जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञ सेल गठित किए जाएंगे। इसके साथ ही मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और नई दल्लिी में सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस स्थापित किए जाएंगे। इनके माध्यम से घरेलू और वैश्विक निवेशकों से सीधा संवाद स्थापित कर उत्तर प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि इन कार्यालयों के संचालन में पारदर्शिता, दक्षता और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण सुनश्चिति किया जाए। बैठक में 11 महाप्रबंधक/सहायक महाप्रबंधक पदों पर कार्योत्तर स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही, दो संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी (पीसीएस संवर्ग) को प्रतिनियुक्ति पर तैनात करने तथा भूमि बैंक प्रकोष्ठ गठित करने का निर्णय लिया गया। इसमें दो पीसीएस अधिकारी (उपजिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी स्तर) तैनात होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नया ढांचा इन्वेस्ट यूपी को एक 'एकल निवेश सुविधा एजेंसी' के रूप में सशक्त बनाएगा, जो न केवल निवेश आकर्षित करेगी बल्कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन तक उनकी सक्रिय निगरानी भी सुनिश्चित करेगी।



### नया ढांचा इन्वेस्ट यूपी को एक सशक्त बनाएगा

परियोजनाओं के क्रियान्वयन तक उनकी सक्रिय निगरानी मुख्यमंत्री ने कहा कि नया ढांचा इन्वेस्ट यूपी को एक 'एकल निवेश सुविधा एजेंसी' के रूप में सशक्त बनाएगा, जो न केवल निवेश आकर्षित करेगी बल्कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन तक उनकी सक्रिय निगरानी भी सुनिश्चित करेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि इस ढांचे को त्वरित प्रभाव से लागू किया जाए और प्रत्येक प्रकोष्ठ का कार्यक्षेत्र स्पष्ट रूप से परिभाषित हो, ताकि निवेश संवर्धन की दिशा में समन्वित और परिणामोन्मुख व्यवस्था विकसित हो सके।

### वर्ष 2024-25 में लगभग 4,000 नई फैक्ट्रियां स्थापित हुईं

बैठक में बताया गया कि बीते कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2024-25 में लगभग 4,000 नई फैक्ट्रियां स्थापित हुईं। इससे कुल संख्या लगभग 27,000 तक पहुंच गई है। वर्ष 2022-23 तक प्रतिवर्ष औसतन 500 नई इकाइयां स्थापित हो रही थीं, जिनमें अब कई गुना वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म' मंत्र के सफल क्रियान्वयन से राज्य के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र में आए सकारात्मक परिवर्तन का प्रमाण है। बैठक में निवेश प्रोत्साहन और सुविधा व्यवस्था की समीक्षा की गई। बताया गया कि फॉर्च्यून 1000 सूची की 814 कंपनियों को अकाउंट मैनेजर आवंटित किए गए हैं। अब तक 50 नए एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं तथा 280 से अधिक कंपनियों से संवाद प्रगति पर हैं।

### कुर्मी जाति की मांग के खिलाफ लामबंद

# धनबाद में निकाली गई जन आक्रोश महारैली



एजेंसी ▶▶ धनबाद

कुर्मी जाति को एसटी सूची में शामिल करने की मांग के विरुद्ध आदिवासी जन आक्रोश महारैली निकाली गई। जिसमें आदिवासी समाज के महिला पुरुष हाथों में पारंपरिक हथियार, झंडा, तख्ती लेकर विरोध प्रदर्शन किया। रैली की शुरुआत गोल्फ ग्राउंड ढोल नगाड़े के साथ किया गया, जो उपायुक्त कर्यालय तक जाएगा। रैली में सभी ने कुर्मी जाति को एसटी की सूची में शामिल करने की मांग का जमकर विरोध किया।

### जिले के आदिवासी समाज के 17 संगठन ने हिस्सा लिया

आदिवासी समाज के गोविंद टुडू ने बताया कि महारैली में जिले के 17 आदिवासी संगठनों ने हिस्सा लिया है। सभी लगों की एक ही मांग है कि कुर्मी जाति आदिवासी नहीं है और बनने की कोशिश कर रहे हैं। जो आदिवासी संगठन कभी मंजूर नहीं करेगा।

### एसटी का दर्जा देने पूरे राज्य में होगा आंदोलन

सोनोत संताल समाज टुंडी प्रखंड के विनोद हांसदा ने बताया कि अगर सरकार कुर्मी को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने का कोई कदम उठाने का पहल किया गया तो जिले के साथ पूरे राज्य में बड़ा आंदोलन होगा। इस मामले को लेकर किसी भी प्रकार का कोशिश किया गया तो विरोध और तेज हो जाएगा। गांव से लेकर शहर तक जमकर विरोध किया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### वोट चोरी के आरोपों...

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला :** सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि वोट चोरी के आरोपों में कोई ठोस आधार नहीं है और इस तरह की याचिकाएं न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग हैं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए कहा कि बिना पुख्ता सबूतों के इस तरह के गंभीर आरोप लगाना उचित नहीं है। यह याचिका राहुल गांधी के उस बयान से संबंधित थी जिसमें उन्होंने दावा किया था कि हाल के चुनावों में वोटों की हेराफेरी की गई थी। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है और उसके कामकाज पर सवाल उठाने के लिए ठोस सबूतों की आवश्यकता होती है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वे भविष्य में ऐसी याचिकाओं से बचें जो केवल राजनीतिक हितों को साधने के लिए दायर की जाती हों।

### एसआईआर पर हंगामा ...

होने या दोहरी प्रविष्टियों जैसी शिकायतें आती हैं, लेकिन इस बार किसी भी राजनीतिक दल, प्रत्याशी या मतदाता ने औपचारिक रूप से आपत्ति दर्ज नहीं कराई।

**आयोग की तैयारी और पारदर्शिता :** चुनाव आयोग का दावा है कि बिहार मतदाता सूची के पुनरीक्षण में विशेष ध्यान दिया गया था। बूथ स्तर पर बीएलओ की मदद से सत्यापन कराया गया। डिजिटल माध्यमों से फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 ऑनलाइन भरने की सुविधा दी गई। सभी जिलों में विशेष शिविर लगाकर सुधार आवेदन लेने की व्यवस्था की गई। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "मतदाता सूची चुनाव की आत्मा है। यदि सूची में त्रुटियाँ नहीं हैं तो इसका सीधा असर मतदान की शुचिता पर पड़ेगा। इस बार ज़ीरो अपील का अर्थ है कि प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रही और सभी मतदाता संतुष्ट हैं।"

**अगले चरण की तैयारी :** अब आयोग मतदाता सूची को अंतिम रूप देने के साथ-साथ चुनाव केंद्रों की सुरक्षा, ईवीएम और वीवीपैट की तैयारी तथा मतदान कर्मियों की ट्रेनिंग पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। साथ है अब देश भर में एकसाथ एसआईआर कराने की तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा रहा है।

### आपसी चिंताओं ...

चिंताओं, संवेदनशीलताओं, लोगों के बीच मजबूत संबंध और बढ़ती हुई आर्थिक पूरकता के मद्देनजर एक रचनात्मक और संतुलित साझेदारी को बढ़ावा देने पर जोर दिया। साथ ही दोनों विदेश मंत्रियों ने पीएम मोदी और पीएम कार्नी द्वारा पूर्व में तय की गई प्राथमिकताओं के तहत संबंधों में गति लाने के लिए आपसी सम्मान, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, नियम के शासन और संप्रभुता-क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों को लेकर प्रतिबद्धता के साथ एक नए महत्वाकांक्षी रोडमैप को लेकर सहमति जताई। जिसमें व्यापार, निवेश, जटिल खनिजों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा और नागरिक परमाणु सहयोग जैसे क्षेत्रों में संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वहीं, रोडमैप के क्रियान्वयन को लेकर दोनों विदेश मंत्री एक-दूसरे के साथ निकटता से काम करने के अलावा अपनी टीमों को भी निर्देशित करने के लिए तैयार हैं। यह जानकारी विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई है।

**मजबूत-लचीले संबंधों की दरकार :** वर्तमान में जारी आर्थिक अस्थिरता और बढ़ते हुए भू-राजनीतिक तनाव के बीच डॉ.जयशंकर और आनंद ने एक मजबूत और लचीले भारत-कनाडा द्विपक्षीय संबंधों को बेहद महत्वपूर्ण बताया। यह भी स्वीकार किया कि साझेदारी को पुनर्जीवित करने से न केवल अवसर, आर्थिक सहयोग प्रगाढ़ होगा। बल्कि वैश्विक गठबंधनों से उत्पन्न चिंताएं भी कम होंगी। इसके अलावा और अधिक भरोसेमंद सप्लाई चेन स्थापित होगी तथा बढ़ते हुए जटिल अंतरराष्ट्रीय माहौल में सामरिक स्थिरता भी बढ़ेगी। बातचीत में मौजूदा वैश्विक परिदृश्य की समीक्षा के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच इसी साल जून महीने में कनाडा में हुई मुलाकात के बाद दिए गए मार्गदर्शन के तहत ही दोनों पक्ष आगे बढ़ रहे हैं। कनाडा की विदेश मंत्री बीते रविवार को अपनी तीन देशों की यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में भारत पहुंची थीं। राष्ट्रीय राजधानी के बाद वह मुंबई में कुछ जरूरी बैठकों में शिरकत करेंगी। भारत के बाद वह चीन और सिंगापुर भी जाएंगी।

**निज्जर की हत्या के बाद बिगड़े संबंध :** गौरतलब है कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में वर्ष 2023 में हुई हत्या के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा इस मामले में भारत पर लगाए गए आरोपों के बाद से एक लंबे वक्त तक भारत-कनाडा संबंधों में तल्खी बनी रही। लेकिन इसके बाद 2025 में जब दोनों देशों के प्रधानमंत्री जी-7 की बैठक से इतर मिले तो संबंध एक बार फिर से पटरी पर लौटने शुरू हुए। जिसका आगाज सबसे पहले नई दिल्ली और ओटावा में पुनः उच्चायुक्तों की नियुक्ति के साथ हुआ। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बीच कनाडा ने हाल ही में भारत की जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई के गैंग को आतंकी संगठन घोषित किया है। जिसके तुरंत बाद कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद की नई दिल्ली की यह पहली यात्रा हो रही है।

### 200 फीसदी टैरिफ लगाने...

ये पहला मौका नहीं है जब डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाक संघर्षविराम को लेकर श्रेय लेने की कोशिश की है। इससे पहले भी वो दर्जनों बार ऐसा कर चुके हैं।

### पूर्व आईएएस अधिकारी...

न्यायाधीश भी इन हमलों से अछूते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस विभाजनकारी एजेंडे के खिलाफ लड़ने का यह सही समय है। पवन खेड़ा ने बताया कि गोपीनाथन 2012 बैच के आईएएस अधिकारी थे। देश में जिस समय बोलना लगभग नामुमकिन था, तब उन्होंने आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि गोपीनाथन ने जम्मू कश्मीर को राज्य से केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने और हितधारकों से परामर्श किए बिना लिए गए अन्य संबंधित फैसलों के विरोध में अपनी आवाज उठाई थी एवं अपनी नौकरी छोड़ दी थी। जबकि उनके कुछ आईएएस साथी इस्तीफा देने के बाद डरकर वापस नौकरी में चले गए। खेड़ा ने वीवीपैट और सीएए-एनआरसी के मुद्दों पर भी गोपीनाथन के बेधड़क होकर बोलने की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कई एफआईआर और तमाम कार्रवाइयों का सामना किया, लेकिन वे डरे नहीं। पत्रकारों को संबोधित करते हुए कन्नन गोपीनाथन ने बताया कि जब 2019 में उन्होंने इस्तीफा दिया तो उन्हें यह स्पष्ट था कि सरकार जिस दिशा में देश को लेकर जाना चाहती है, वो दिशा गलत है। उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी पता था कि उन्हें इसके खिलाफ लड़ना है, लेकिन सही विकल्प को लेकर स्पष्टता की आवश्यकता थी। इस उद्देश्य से उन्होंने 80-90 जिलों की यात्रा की, लोगों से बात की और अनेक नेताओं से मुलाकात की। इस प्रक्रिया के दौरान उन्हें यह समझ में आया कि केवल कांग्रेस पार्टी ही वह ताकत है जो भारत को सही दिशा में ले जा सकती है। मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की आलोचना करने को देश की आलोचना के समान माना जा रहा है और सवाल पूछने वालों को देशद्रोही ठहराया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी से जुड़ने पर खुशी जताई और कहा कि पार्टी द्वारा दी गई हर जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

### गाजा से इजरायली...

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। बताते चलें कि पूर्व में भारत ने दोनों पक्षों के बीच शांति स्थापित करने के लिए तैयार की गई अमेरिकी राष्ट्रपति की 20 सूत्रीय शांति योजना के कदम का भी स्वागत किया था। उन्होंने इस मामले पर राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री नेतन्याहू से फोन पर हुई बातचीत में भी भारत के पक्ष का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया था।

**मध्य पूर्व के लिए नया सवेराः ट्रंप :** अमेरिका के राष्ट्रपति ने इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू को धन्यवाद देते हुए इसे मध्य-पूर्व के लिए एक एक नया और ऐतिहासिक सवेरा बताया है। 13 अक्टूबर को इजरायल की संसद में दिए भाषण में उन्होंने इस युद्ध को रुकवाने के लिए किए गए प्रधानमंत्री नेतन्याहू के प्रयासों की भी सराहना की। इसके अलावा कहा कि बंधकों की वापसी से उन्हें बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। ये आने वाली पीढ़ियों की बेहतरी के लिए एक तरह से सब कुछ बदलने की शुरुआत के समान होगा।

### मंत्री पटेल ने...

स्वागत किया तथा अपनी पुस्तक की भावना और उद्देश्य से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 'परिक्रमा कृपा सार' केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि मातृ नर्मदा और भारत की जलसंस्कृति के प्रति श्रद्धा का साकार रूप है। पुस्तक का विमोचन 14 सितंबर,2025 को 'हिंदी दिवस' पर इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया था। अब प्रधानमंत्री को इस ग्रंथ का भेंट किया जाना; इसे राष्ट्रीयस्तर पर एक नई पहचान देता है। मंत्री पटेल ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा...प्रधानमंत्री से भेंट कर 'परिक्रमा-कृपासार' और 108 नदियों के जल का संग्रह भेंट किया। यह मेरे दो वर्षों की तपस्या है। प्रधानमंत्री के स्नेह और समय के लिए आभार। यह मुलाकात सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि श्रद्धा, संस्कृति और समर्पण की भावनाओं से ओतप्रोत एक आध्यात्मिक संगम बन गई।

### नवाचार और संचालित....

विकास के लिए स्थितियों की पहचान करने के लिए वर्ष 2025 के लिए आर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया है।

### सीट शेयरिंग के बाद नीतीश की जेडीयू में भगदड़

# पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक ने दे दिया इस्तीफा



एजेंसी ▶▶ सासाराम (रोहतास)

सीट शेयरिंग के बाद एनडीए गठबंधन के प्रमुख घटक दल जदयू में भगदड़ मच गई है। दिनारा व सासाराम विधानसभा सीट रालोमा के खाते में जाने के बाद दो पूर्व विधायकों ने पार्टी छोड़ दी है। पूर्व मंत्री और दिनारा के पूर्व विधायक जयकुमार सिंह ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, जबकि सासाराम के पूर्व विधायक डॉ. अशोक कुमार ने अपने समर्थकों के साथ बहुजन समाज पार्टी में शामिल हो चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

वहीं जदयू के पांच प्रखंड अध्यक्ष भी इस्तीफा दे दिया है। जदयू में शुरू इस्तीफे की दौड़ से भाजपा भी बेचैन दिखने लगी है। उसे भी यह डर सताने लगा है कि बगावत की चिंगारी कहीं उस तक न पहुंच जाए। दोनों पार्टी के प्रमुख नेता डैमेज कंट्रोल को दूर करने में की कोशिश में जुट गए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों के द्वारा पैसा के खेल में टिकट दूसरे दल को दे दिया गया है। नीतीश कुमार आज भी उनके सर्वमान्य नेता हैं और वह जीवनभर उनके खिलाफ कुछ नहीं बोलेंगे।

### बिहार चुनाव 2025: जन सुराज ने दिया टिकट

# भागलपुर दंगा पीड़ितों का केस लड़ने वाले वकील अब चुनावी मैदान में



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में विधानसभा चुनाव का एलान हो गया है। जन सुराज पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी की है। जिसमें भागलपुर से 74 वर्षीय अभयकांत झा को उम्मीदवार बनाया गया है। अभयकांत झा सिविल कोर्ट, भागलपुर के वरिष्ठ वकील हैं और पहले भागलपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। 1989 के भागलपुर दंगे में मुस्लिम पीड़ितों के केस लड़ने के कारण वे शहर में न्यायप्रिय और संवेदनशील वकील के रूप में प्रसिद्ध हैं। इस चुनाव में अभयकांत झा पहली बार चुनावी मैदान में उतर रहे हैं।

### 1989 का भागलपुर दंगा और न्याय की लड़ाई

अभयकांत झा का नाम सबसे अधिक 1989 के भागलपुर दंगे के दौरान सामने आया। उस समय उन्होंने मुस्लिम पक्ष के 880 से ज्यादा पीड़ितों के केस मुफ्त में लड़कर न्याय दिलाने का प्रयास किया। इस दंगे में लगभग 1,070 लोग मारे गए, जिनमें करीब 93% मुस्लिम थे, और लगभग 50 हजार लोग अपने घरों से दूसरी जगह चले गए थे. वहीं, 68 मस्जिदें और 20 मजार तहस-नहस कर दी गई थीं। दंगे के दौरान हिंसा इतनी भयानक थी कि लोगों ने शरणार्थी शिविरों की ओर पलायन किया और पूरे शहर में डर का माहौल फैल गया।

### 3 पन्नों का हाथ से लिखा धमकी भरा पत्र भेजा

# निर्यातक से '5 करोड़' मांगी रंगदारी डिब्बे में किताबें रखकर पहुंची पुलिस

एजेंसी ▶▶ आगरा

जिले के प्रमुख जूता निर्यातक एवं एफमेक के निवर्तमान अध्यक्ष पूरन डावर से पांच करोड़ की रंगदारी मांगने का मामला पुलिस तक पहुंचा है। उनके भरतपुर हाउस स्थित आवास पर तीन पन्नों का हाथ से लिखा धमकी भरा पत्र भेजा गया। इसमें कारोबारी से संबंधित सूचनाएं आयकर विभाग को लीक करने की धमकी दी गई थी। पांच करोड़ रुपये डिब्बे में रखकर सेक्टर-16 में चाय की दुकान पर लाने को कहा गया था। पुलिस ने जाल बिछाया और कारोबारी के दो पूर्व कर्मचारी और चाय वाले को दबोच लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है।

### आयकर को सूचनाएं देने की दी थी धमकी



कारोबारी पूरन डावर ने बताया कि तीन दिन पहले उनके घर एक पत्र आया था। पत्र में उनसे पांच करोड़ रुपए की मांग की गई। पत्र के साथ एक पर्ची लगी थी। पत्र में लिखा था कि रकम डिब्बे में रखकर गुरु का ताल रेलवे ओवर ब्रिज के आगे एक चाय वाले को देनी है। पर्ची भी उसी को देकर आनी है। पत्र में धमकी दी गई थी कि कई महत्वपूर्ण सूचनाएं आयकर को बता दी जाएंगी। पत्र के साथ कुछ फर्जी आयकर के दस्तावेज भी लगाए गए थे।

### पुलिस आयुक्त दीपक कुमार को दी जानकारी

उन्होंने पत्र की जानकारी पुलिस आयुक्त दीपक कुमार को दी। पुलिस आयुक्त ने इंस्पेक्टर सिकंदरा प्रदीप त्रिपाठी को खुलासे की जिम्मेदारी दी। उधर, पत्र भेजने वालों ने रकम लेकर 12 अक्तूबर को 12 बजे तक बुलाया था। पुलिस ने चाय की दुकान के आस-पास सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। बेवर्दी पुलिसकर्मी चाय की दुकान के आस-पास लग गए। पूरन डावर से कहा गया कि वह डिब्बे में किताब-कापी रखकर संबंधित जगह पर भिजवा दें। एक व्यक्ति डिब्बा लेकर चाय की दुकान पर गया। चाय वाले को वह पर्ची दे दी। जो पत्र के साथ आई थी। चाय वाले ने बिना कोई सवाल-जवाब किए डिब्बा रख लिया। पुलिस छिपकर सब कुछ देख रही थी। चाय की दुकान के पास दो युवक काफी देर से मंडरा रहे थे। कुछ देर बाद वे चाय वाले के पास पहुंचे और डिब्बा खंगालने लगे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। दोनों पूरन डावर की शू फैक्ट्री में कर्मचारी रह चुके हैं। पुलिस यह मानकर चल रही है कि इस घटना का मास्टर माइंड कोई और है। उस तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रंगदारी मांगने का मुकदमा लिखा है।

हरिभूमि सहेली
नई दिल्ली, मंगलवार
14 अक्टूबर 2025





दीपावली का पर्व हम सभी के घर में खुशहाली का उजास लेकर आता है। लेकिन इस पर्व की तैयारी में घर की महिलाएं प्राय: इतना उलझ जाती हैं कि अपनी खुशी, सुख और उत्साह को बिसार देती हैं। ऐसा ना करें, घर-परिवार के साथ खुद भी इस त्योहारी खुशी, उल्लास के हर पल में शामिल हों। यकीन मानिए, इससे आपकी दीपावली और जगमगा उठेगी।

# स्त्रियां भी जीएं सुख का उजास

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

उजास की चमक में स्वयं अपने भीतर झांकने का त्योहार है दीपावली। संबंधों में अनुभूतियों की रौनक भरने वाला जश्न है यह पर्व। यह उत्सव प्रेम-स्नेह के भाव को दरकने से बचाने वाली झिलमिलाहट भी साथ लेकर आता है, मन की कहने-सुनने से हर चेहरे पर एक दमक भी उतर आती है। कुल मिलाकर यह उत्सवीय आभा अपने भीतर भी एक जगमगाहट भरने का संदेश देती है। आंगन संवारती, दीवारें पोंछती, व्यंजनों की खुशबू फैलाती और अपनों की सज-धज का ध्यान रखती स्त्रियां, त्योहारी आपा-धापी में खुद को ही भूल जाती हैं। तो सुनो सहेली, दमकती-चमकती आंगन की रंगोली और रसोईघर से आती पकवानों की महक के बीच अपने मन की कांति को सहेजना ना भूलो।



## सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक

हर उत्सव पर मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में स्त्रियां अपने परिवार के आंगन में उजास भरती हैं। यह त्योहारी रौनक घर से लेकर गली तक हर ओर फैली होती है। साफ-सफाई और सजावट से झिलमिलाते घरों की कड़ियों को जोड़ने वाली स्त्रियां ही होती हैं। ऐसे में खुद की अनदेखी ना चाहते हुए भी हो जाती है। 'यह कर लूं', 'वह निपटा लूं' और 'घर के कोने-कोने को सजा लूं' के फेर में अपनी सज-धज तो रह ही जाती है। कभी-कभी तो इस भाग-दौड़ में मन नीरसता के धुंधलेपन से घिर जाता है। लेकिन सामानों की धूल झाड़ने में स्वयं की आभा फीकी ना होने दें।

अब जबकि दीपावली आने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं तो अपनी खुद की की साज-सज्जा की तैयारियां करने पर भी ध्यान दें। दीपपर्व की उजास में आपकी सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक भी बिखरनी ही चाहिए।

## बना रहे उपस्थिति का आलोक

इस दीपावली यह सुनिश्चित करें कि आपकी उपस्थिति का आलोक भी हर ओर फैले। जब सब मेल-जोल में व्यस्त हैं। आपके अपने सब कुछ भूलकर त्योहार की खुशियों को जी रहे हैं तो आप क्यों काम में उलझी हैं? आसमान तक फैली झिलमिलाहट के बीच आप घर के भीतर क्या सहेजने में लगी हैं? आज भी बहुत सी स्त्रियों के लिए यह त्योहार तैयारियों की कभी ना खत्म होने वाली श्रृंखला भर बनकर रह जाता है। ऐसे में झिलमिल दीपों से सजे चौखट-चौबारों के बीच आपका मन व्यस्तता के जाल में न उलझे। ध्यान रहे, दीपावली के त्योहार पर मां लक्ष्मी और माता सरस्वती के पूजन का विधान है। अपने संवेदनशील हृदय में भरी ज्ञान रूपी समझ से सुखद मेलजोल जीएं। गृहलक्ष्मी के रूप में आलोकित अपने व्यक्तित्व को जिम्मेदारियां निभाने तक न समेटें। परिवार, घर-द्वार को संभालने के साथ-साथ दीपावली के दीयों की टिमटिमाती मुस्कान के बीच आपकी उपस्थिति की चमक भी जरूरी है।



## साझेपन की दमक जरूरी

आप होम मेकर हों या वर्किंग वुमेन, त्योहार की तैयारी में सबका साथ लीजिए। परिवार को उत्सव मनाने में ही नहीं उत्सवीय तैयारियों में भी साथ रखिए। त्योहार के दिन आस-पड़ोस या मित्रों-सगे-संबंधियों के यहां सबके साथ आप भी मिलने जाइए। याद रहे, आपसी मेल-जोल और रिश्तों की रौनक से जुड़ा दीपावली का पर्व खुद को पीछे रखने के बजाय सहज रूप मन की ऊर्जा जुटा लेने का उत्सव है। इसके लिए स्त्रियां अपनों की सहायता लेने में संकोच ना करें। अपने जीवन में साझेपन की चमक भरने का प्रयास करें, ताकि यह जज्बाती दमक जिम्मेदारियों के मोर्चे पर भी दिखे। इतना भर करने से सबकी इच्छाओं और खुशियों का ध्यान रखते हुए आप अपने लिए भी समय निकाल सकेंगी। घर के आंगन में ही नहीं, अंतर्मन में भी इस त्योहार की जगमग को महसूस करेंगी।

### अपनों की अहम भूमिका

**गृहलक्ष्मी की** भाग-दौड़ को समझने का प्रयास अपनों को भी करना चाहिए। झिलमिलाते घर-आंगन में हंसते-मुस्कुराते हुए सब कुछ संभालने वाली परिवार की महिलाओं को बच्चे, बुजुर्ग और जीवनसाथी सभी सहयोग करें। उनको मन से सम्मान दें। याद दिलाएं कि पहनने के लिए उनकी पसंद के पारंपरिक परिधानों की तैयारी भी उन्हें ही करनी है। मिठाइयों की सूची थोड़ी छोटी रही तो भी चलेगा। 'बहू तुम भी सबके साथ बैठो' भर कहकर बुजुर्ग कई दिनों की भाग-दौड़ से फीके पड़े चेहरे की चमक लौटा सकते हैं। 'मम्मा हमारे साथ-साथ आप भी अच्छे से तैयार हो जाओ ना!' जैसे शब्द दीपावली की तैयारियों में जुटी मां को मुस्कुराहट की चमक दे सकता है। 'गृहलक्ष्मी की सज-धज बिना कैसा त्योहार' कहने वाले जीवनसाथी की अनुभूतियों से मिली आभा मन को नई दमक दे जाती है। अपनों का यह साथ-स्नेह घर की महिलाओं के लिए इस पर्व की रौनक और बढ़ा देगा। असल में बड़ों-छोटों की यह ज्योतिर्मय सोच स्त्रियों को कई उलझनों से बचा लेती है। दीपावली का त्योहार एक-दूजे के साथ खुशियां बांटने की परंपरा है। उत्सव के वास्तविक मायने तो तभी हैं, जब घर का हर सदस्य इस रीत की रौनक को जीए।




### सुख-शांति-समृद्धि के लिए दीपावली से पहले

# घर से निकालें नकारात्मक ऊर्जा

हर कोई चाहता है कि उसके घर में सुख, शांति बनी रहे और समृद्धि आए। इसके लिए दीपावली एक अच्छा अवसर है। आप वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ बातों को ध्यान रखकर अपने घर में सुख, शांति के साथ समृद्धि ला सकती हैं।

वास्तु
निकिता चौहान



जब दीपावली जैसा बड़ा पर्व आता है, परिवार में उत्सवी माहौल हो जाता है, मन उमंग-तरंग से भर उठता है। लेकिन दीपावली की खुशियों में कोई बाधा ना आए, त्योहार खुशी के साथ मनाया जा सके, इसके लिए जरूरी है कि आप वास्तु शास्त्र के अनुसार घर से नकारात्मक ऊर्जा को निकालें। भारतीय वैदिक वास्तु हमारे पारंपरिक ज्ञान से जुड़ा है, जो हमें अपने घर और कार्यस्थल पर पांच मूल प्राकृतिक तत्वों के सामंजस्य से एक सुगमता स्थापित करने में सहायता करता है। वैदिक वास्तु इन पंच तत्वों को उनकी दिशा के अनुसार घर में संयोजित करने की सलाह देता है। दीपावली में हमें वैदिक वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ विशेष उपाय अपनाने चाहिए, जिससे घर की नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाएगी और हमारा स्वास्थ्य सही रहेगा, घर में सुख- शांति रहेगी, समृद्धि भी आएगी। ये विशेष उपाय कौन से हैं, जानें-

**घर के केंद्र को साफ रखें:** दीपावली में सर्वप्रथम अपने घर के केंद्र, जिसे ब्रह्मस्थान कहा जाता है, को साफ-सुथरा बनाएं। वहां बहुत ज्यादा सामान ना हो। इससे घर में ऊर्जा का प्रवाह सही और सुचारु ढंग से होगा।



**मिट्टी का दीपक जलाएं:** मिट्टी के दीये में गाय के घी से दीपक प्रज्वलित करें। गाय के घी को शुभ और पवित्र ऊर्जा का कारक माना जाता है। इसके अलावा तिल के तेल से दिया प्रज्वलित करने से ग्रहों के दुष्प्रभाव को समाप्त किया जा सकता है। घी, तिल, अरंडी, महुआ और नीम के तेल को मिलाकर प्रज्वलित दीपक पंचदीपम कहलाता है। इससे घर में समृद्धि, परिवार में स्नेह बना रहता है, रोग का नाश होता है। नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव की समाप्ति होती है, साथ ही वंश वृद्धि होती है।

**चमकीले रंग का उपयोग करें:** दीपावली में हमेशा चमकीले रंग का उपयोग करना चाहिए। दीपावली से पहले या बाद में पेंटिंग और साज-सज्जा करें। इसके अलावा दीपावली में आपको अपने घर या कार्यालय के प्रवेश द्वार के पास खास साफ-सफाई करना चाहिए।

**पोंछे में समुद्री नमक डालें:** घर में पोंछा लगाते समय पानी में थोड़ा समुद्री नमक मिला दें फिर पोंछा लगाएं, इससे नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होने में मदद मिलेगी।

**नया दर्पण लगाएं:** घर में नया दर्पण लगाएं ताकि लाइट ज्यादा चमके और सकारात्मक वातावरण बने। दीपावली के अवसर पर अपने घर के द्वार पर पौधों वाला गमला रखें। पौधा एक तरह से जीवन का प्रतीक होता है, इसलिए आपके घर में सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक रहता है।

**मंत्र जाप करें:** दीपावली के दिन खासकर घर में धार्मिक मंत्रों का उच्चारण करने वाले ऑडियो को मधुर आवाज में लगाएं। इससे अपने घर में भरपूर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगी। परिवार में सब स्वस्थ रहेंगे। प्रेम-स्नेह भी बना रहेगा।

**(वास्तु-ज्योतिष विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह से बातचीत पर आधारित)**

दीपावली जैसा बड़ा पर्व हो तो इसकी भव्य तैयारी जरूरी हो जाती है। यह तैयारी वर्किंग वूमेन के लिए एक बड़े टास्क जैसी होती है, क्योंकि उसे ऑफिस के कामों के साथ, घर में भी त्योहार की तैयारी करनी होती है। इस दोहरी जिम्मेदारी के बीच वर्किंग वूमेन कैसे बैलेंस बैठाएं, जानिए।

### टाइम मैनेजमेंट के साथ करें फेस्टिवल की तैयारी

# फैमिली से लें हेल्प-करें फुल एंज्वॉय

वर्किंग वूमेन
अलका सोनी



दीपावली का पर्व सिर्फ लक्ष्मी पूजन, पटाखे और मिठाइयों तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि इसकी चमक-दमक के पीछे महीनों की तैयारी छिपी होती है। घर के हरेक कोने की झाड़-पोंछ, सजावट, नए कपड़े, पकवान और रिश्तेदारों की आवभगत, इन सबका बोझ ज्यादातर महिलाओं के कंधों पर रहता है। महिला अगर काम-काजी है, तो दीपावली की तैयारी करना उसके लिए आसान नहीं होता, काफी मुश्किलें आती हैं। लेकिन सही ढंग से मैनेज किया जाए तो मुश्किलें आसान हो सकती हैं। इस संबंध में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत गुंजन सिंह कहती हैं, 'वर्किंग होने के साथ त्योहारों की तैयारी थोड़ी मुश्किल हो जाती है, लेकिन टाइम मैनेजमेंट से त्योहार को पूरी तरह एंज्वॉय करने का मौका मिल सकता है। मैं दिवाली के बीस दिन पहले से थोड़ी-थोड़ी तैयारी करने लगती हूं। इससे एकसाथ मुझ पर काम का बोझ नहीं पड़ता। दिवाली का सामान उसकी प्राथमिकता के हिसाब से लाती जाती हूं, एक लिस्ट बना लेती हूं, फिर ऑफिस से आते वक्त इन्हें लाती रहती हूं।'

**महिलाओं की दोहरी जिम्मेदारी:** भारतीय परिवारों में त्योहार की तैयारी का काम पीढ़ियों से महिलाओं की जिम्मेदारी ही माना गया है। दादी-नानी के समय में यह काम सहज रूप से घरेलू जीवन का हिस्सा था। तब अधिकतर महिलाएं गृहिणी थीं, इसलिए पूरा ध्यान घर के सभी कामों को करने और मेहमानों की देखभाल में बीतता था, लेकिन बदलते समय के साथ महिलाएं शिक्षा और नौकरी के क्षेत्र में आगे बढ़ी हैं। ऐसे में उन पर जिम्मेदारियों का भार दोगुना हो गया है।

**टाइम मैनेजमेंट का प्रेशर:** ऑफिस की डेडलाइन और त्योहार की डेडलाइन, दोनों को साथ लेकर चलना एक आर्ट है। हर महिला इसे अपने तरीके से सीखती है। ऑफिस के कामों के साथ घर में भी त्योहारों की रौनक कायम रखने पर ध्यान दिया जाए तो दोनों के बीच अच्छा संतुलन बनाया जा सकता है। बस उन्हें अपने परिजनों की थोड़ी मदद की दरकार होती है।

**हो स्मार्ट प्लानिंग:** वर्किंग वूमेन के पास समय की कमी होती है। इसलिए समय बचाने और सारा काम पूरा करने के लिए ये महिलाएं 'टू-डू लिस्ट' और कैलेंडर बनाकर हफ्तों पहले तैयारी शुरू कर देती हैं। एक दिन सफाई, दूसरे दिन बाजार, तीसरे दिन उपहारों की पैकिंग। इस तरह काम को छोटे हिस्सों में बांटकर करने से काम आसानी से हो जाते हैं। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग, एप-बेस्ड क्लीनिंग सर्विस, तैयार मिठाइयों की होम-डिलीवरी जैसी सुविधाएं आज त्योहारों की तैयारी को आसान बना रही हैं। आज की महिलाएं यह समझती हैं कि दिवाली का मतलब तनाव नहीं, खुशी है। इसलिए वे ऑफिस से छुट्टियां पहले से प्लान कर लेती हैं।

### जरूरी है परिवार की भागीदारी



जीवन में हम परिवार की अहमियत को अनदेखा नहीं कर सकते। परिवार को मानव की प्रथम पाठशाला भी कहा जाता है। यानी कि पीढ़ियां अपने परिवार से ही सीखती रही हैं। अतः यह समझने की जरूरत है कि घरेलू कार्यों के लिए सिर्फ महिलाएं ही जिम्मेदार नहीं हैं, घर के पुरुषों और बच्चों को भी त्योहार की तैयारियों में हाथ बंटाना चाहिए। इससे सारे काम आसानी से संपन्न हो जाएंगे।

हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट



# प्रदूषण से बालों को ऐसे बचाएं

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए:** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग:** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिए:** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए हेयर मास्क को आप हर हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को मजबूती मिलेगी।

**सफेद बाल:** पचास-साठ की उम्र से पहले सफेद हुए बालों की समस्या से बहुत सी युवा और मिडएज की महिलाएं परेशान रहती हैं। इस समस्या से बचाव के लिए भी मुलेठी पावडर का उपयोग काफी कारगर हो सकता है। इसके लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम कर सकती है। इसके लिए, दही और मुलेठी पावडर का पेस्ट भी काफी फायदेमंद साबित होता है।

डेकोरेशन
श्रुति आयंगर

दीपावली के अवसर पर हर कोई चाहता है कि उसका घर-आंगन सबसे खूबसूरत दिखे। आप भी अपने घर को आकर्षक दिखाने के लिए तैयारियों में जुटी होंगी। हम यहां आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिससे आपका घर ऐसा दमक उठेगा कि सब तारीफ करेंगे।



# खूबसूरत-आकर्षक दिखेगा आपका आशियाना

दिवाली सिर्फ रोशनी करने, आतिशबाजी करने, तरह-तरह के व्यंजन खाने-खिलाने का त्योहार नहीं है। इस अवसर पर घर के हर कोने को सजाया भी जाता है। हम आपको घर डेकोरेट करने के कुछ आसान लेकिन अट्रैक्टिव लुक देने वाले तरीके बता रहे हैं।

**एंटीक-हैंडीक्राफ्ट आइटम्स:** ब्रास, कॉपर, सिल्वर टोन के शोपीसेस और हैंडीक्राफ्ट आइटम्स घर को रॉयल लुक देते हैं। छोटे-छोटे लैंप्स, हैंड पेंटेड ट्रे, मूर्तियां, ब्रास या कॉपर के वास, लंबे दीया स्टैंड, टेराकोटा आर्ट पीस, वुडेन क्राफ्ट, क्ले पॉट्स, मेटल वॉल हैंगिंग, पेंटेड बॉटल्स, झूमर, घंटियां और पीतल के शोपीस ये सभी घर को फेस्टिव टच देते हैं। इन्हें कॉर्नर टेबल, विंडो साइड टेबल या घर के एंट्रेंस पर साइड टेबल पर रखें तो और भी अच्छा दिखेगा।





**थीम बेस्ड डेकोरेशन:** हाल के सालों में दीपावली पर थीम बेस्ड डेकोरेशन का क्रेज भी काफी बढ़ा है। आप चाहें तो गोल्डेन थीम फॉलो कर अपने घर को रॉयल-क्लासी टच दे सकती हैं। पेस्टल थीम से घर को सॉफ्ट और ट्रेंडी लुक मिलेगा। इस ऑकेजन के लिए ट्रेडिशनल रेड-ग्रीन डेकोरेशन को भी शुभ माना जाता है। अगर आप कुछ डिफरेंट डेकोरेशन चाहती हैं तो मल्टीकलर या कोई ट्रेडिशनल थीम भी अपना सकती हैं। जो थीम आप सेलेक्ट करें उसी के अनुसार पर्दे, टेबल कवर, रनर और डेकोरेटिव आइटम्स का भी चुनाव करें।

**रि-स्टाइल करें फर्नीचर:** जरूरी नहीं कि दीपावली पर नए फर्नीचर ही खरीदे जाएं। इसकी बजाय पुराने फर्नीचर को रि-स्टाइल भी करवा सकती हैं। सोफा या चेयर को दीवार के किनारे से हटाकर सर्कल या स्क्वेयर में अरेंज कर सकती हैं। पुराने सोफे का बेस और बैक कुशन बदलें।

**लाइटिंग हो खास:** दीपावली के मौके पर हैंडमेड बाती लैंप, शेड लाइट और शैडो लाइट्स काफी पसंद की जाती हैं। ये पीसेस घर को रोशन करने के साथ-साथ स्टाइलिश और पर्सनल टच भी देती हैं। ड्राइंग रूम में डेकोरेटिव लैंप, हैंगिंग लालटेन और वॉल लैंप्स लगाकर घर को आकर्षक लुक दे सकती हैं। इंडोर प्लांट्स के आस-पास छोटे रंगीन बल्बों वाली लाइट्स लगा सकती हैं। बालकनी और लॉन के लिए फेयरी लाइट्स, स्टार प्रोजेक्टर, एलईडी स्ट्रिप और लालटेन का उपयोग करना अलग टच देगा। पूरे आंगन को जगमगाने के लिए एलईडी और सोलर लाइट्स सबसे स्मार्ट ऑप्शन हैं।

**शीशे से करें सजावट:** गोल या चौकोर आकार के छोटे शीशों के टुकड़ों को लंबी, पतली रंगीन पट्टी पर चिपकाकर दीवारों पर सजाया जा सकता है। दरवाजे पर शीशों का तोरण भी बहुत खूबसूरत लगता है।

**फूलों से सजाएं घर:** गेंदे के नकली फूलों की लड़ी, जिसमें छोटी घंटियां लगी हों, सीढ़ी की रेलिंग पर लटका सकती हैं। आप असली फूल भी लगा सकती हैं।

**(इंटीरियर एक्सपर्ट अनामिका शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

# ऑस्ट्राहिंद 2025: भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं ने रेगिस्तान में शुरु किया युद्धाभ्यास

## भारतीय सेना का 120 सदस्यीय दल ऑस्ट्रेलिया पहुंचा, भव्य स्वागत हुआ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा सहयोग को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय सेना का 120 सदस्यीय दल ऑस्ट्रेलिया पहुंचा। भारतीय उच्चायोग, ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय सेना के इन जवानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय सेना के इस दल सोमवार से संयुक्त सैन्य अभ्यास 'ऑस्ट्राहिंद 2025' प्रारंभ किया है। यह अभ्यास 26 अक्टूबर तक जारी रहेगा। बता दें कि कि बीते दिनों रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया।

वहीं इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल साइमन स्टुअर्ट भारत की आधिकारिक यात्रा पर थे। ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख ने यहां भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की थी। यह अभ्यास भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाओं के बीच आपसी समझ, तालमेल और सग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा और दोनों देशों के सैनिकों के बीच सौहार्द, आपसी विश्वास व मित्रता को भी और गहरा करेगा। सहयोग को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

इस द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास का आयोजन हर वर्ष बारी-बारी से दोनों देशों में किया जाता है, और इस बार इसकी मेजबानी ऑस्ट्रेलियाई सेना कर रही है। सोमवार से शुरू हुए 'ऑस्ट्राहिंद 2025' का प्रमुख लक्ष्य दोनों सेनाओं के बीच संयुक्त परिचालन क्षमता को बढ़ाना है, ताकि दोनों देश आतंकवाद-रोधी अभियानों, शांति स्थापना मिशनों तथा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियानों में एक साथ मिलकर प्रभावी ढंग से काम कर सकें। यह अभ्यास भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ते सुरक्षा और रणनीतिक संबंधों को भी दर्शाता है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता और शांति सुनिश्चित करने के लिए दोनों देश लगातार एक-दूसरे के साथ सहयोग बढ़ा रहे हैं।

*भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी और साझा दृष्टिकोण का प्रतीक बना युद्धाभ्यास*

*इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग बढ़ा रहे दोनों देश*

### रेगिस्तान में बेहद कठिन होता है युद्धाभ्यास




*रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि 'ऑस्ट्राहिंद 2025' इस दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा। भारतीय सेना दल में विभिन्न हथियारों, शाखाओं और यूनिटों के अधिकारी और जवान शामिल हैं, जो इस दौरान संयुक्त प्रशिक्षण, सामरिक अभ्यास, फील्ड ऑपरेशन ड्रिल्स तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसी गतिविधियों में भाग लेंगे। ऑस्ट्रेलिया स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस अवसर पर कहा कि यह अभ्यास रक्षा सहयोग 'एक्सरसाइज ऑस्ट्राहिंद 2025' भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी और साझा दृष्टिकोण का प्रतीक है, जो क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सहयोग के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस युद्धाभ्यास के तहत बेहद कठिन माने जाने वाले रेगिस्तानी इलाकों से लेकर शहरी इलाकों जैसे हालात में दोनों देशों की सेनाएं विभिन्न सैन्य अभ्यासों को अंजाम देंगी। इस संयुक्त अभ्यास से दोनों सेनाओं की क्षमता और समन्वय में वृद्धि होगी तथा भविष्य में किसी भी आपदा या सुरक्षा चुनौती का सामना करने में उन्हें और सशक्त बनाएगा।*

---

## खबर संक्षेप

### भारत-यूएस ट्रेड डील पर लगेगी मुहर?

**नई दिल्ली।** प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) पर बातचीत के लिए इस सप्ताह भारत के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम अमेरिका का दौरा करेगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।



इस वर्ष फरवरी में दोनों देशों के नेताओं ने अधिकारियों को इस समझौते पर बातचीत करने का निर्देश दिया था। दोनों देशों ने बीटीए के पहले चरण को नवंबर 2025 के अंत तक पूरा करने की योजना बनाई है। अब तक दोनों पक्षों के बीच पांच दौर की बात हो चुकी है।

### मेल के खेल में भारतीय मूल के 8 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कनाडा में पुलिस ने क्रेडिट कार्ड और चेक सहित डाक चोरी के आरोप में आठ भारतीय मूल के लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए इन लोगों पर 300 से अधिक आरोप लगाए गए हैं। हिरासत में लिए गए इन लोगों में कुछ लोगों को कनाडा से निर्वासन का सामना करना पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, पील पुलिस ने संदिग्धों से 450 से ज्यादा चोरी के डाक, जैसे क्रेडिट कार्ड और चेक बरामद किए।




---

## हमास की कैद से छूटे 20 कैदियों ने सुनाई आपबीती

# अंधेरी सुरंग में भयानक डरावनी आवाजें भूखे-प्यासे तड़पते रहे हमास के सभी बंधक


एजेंसी ▶▶ गाजा

इजराइल और हमास में सीजफायर हो चुका है और गाजा में शांति समझौता भी लागू हो चुका है। सोमवार को हमास ने इजरायल के 20 बंधकों को रिहा किया है, जो करीब 738 दिन की कैद के बाद रिहा हुए हैं, लेकिन रिहा हुए कैदियों की हालत काफी खराब है। कोई अस्थमा का शिकार है तो कोई संक्रमण से ग्रस्त है। कोई कुपोषित है तो कोई मानसिक रूप से बीमार है। इनके परिजनों ने बताया कि जब इनके जिंदा होने का सबूत देने वाले वीडियो मिले थे, तब वे अंधेरी सुरंग में थे, जहां से भयानक डरावनी आवाजें आ रही थीं और उन्हें वहां भूखा-प्यासा रखा जाता था। बता दें कि हमास ने बंधकों को रिहा करने से पहले इनके नाम जारी किए थे और बताया था कि इन लोगों को नोवा म्यूजिक फेस्टिवल या किबुट्ज़ हमलों के दौरान बंधक बनाया गया था। हमास 28 मृत बंधकों के शव भी उनके परिजनों को सौंपेगा। 7 अक्टूबर 2023 के हमास ने 251 लोग बंधक बनाए थे। वहीं इसके बदले में इजराइल 1700 फिलिस्तीनी कैदियों और 22 नाबालिगों को बंधन मुक्त करेगा। 360 फिलिस्तीनी लड़ाकों के शव भी उनके परिजनों को लौटाएगा।

हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को 251 लोगों बंधक बनाया

28 के शव परिजनों को सौंप दिए गए

738 दिन बाद रिहा हुए कैदियों की हालत खराब



### बंधकों की सबकी अपनी व्यथा

**रोम ब्रासलाव्स्की**

21 वर्षीय रोम नोवा म्यूजिक फेस्टिवल के सिक्योरिटी गार्ड थे। अगस्त 2025 में एक वीडियो के जरिए इनके जिंदा होने का सबूत मिला था और उन्होंने बताया था कि उन्हें अंधेरी सुरंग में रखा गया है, जहां से भयानक डरावनी आवाजें आती हैं और उन्हें भूखा-प्यासा रखा जाता है।

**एवयातार डेविड**

*24 साल के डेविड को नोवा म्यूजिक फेस्टिवल से बंधक बनाया गया था। अगस्त 2025 में हमास ने जो वीडियो जारी किया था, उसमें वे कुपोषण का शिकार नजर आए थे और उनकी हालत काफी खराब थी।*

**सेगेव कैल्फोन**

*27 साल के सेगेव को तब बंधक बनाया गया था, जब 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के दौरान दोस्त के साथ जान बचाने के लिए भाग रहा था। फरवरी 2025 में हमास की कैद से जो बंधक रिहा हुआ था, उसने सेगेव के परिजनों को बताया था कि वह जिंदा है, लेकिन उसे अंधेरी सुरंग में भयानक हालात में रखा गया है।*

**मैक्सिम हेरकिन**

37 साल के मैक्सिम रूसी मूल के नागरिक हैं और इजरायल में बसे हुए हैं, लेकिन ने नोवा म्यूजिक फेस्टिवल से बंधक बनाए गए थे। अप्रैल 2025 में हमास ने जो वीडियो जारी किया था, उसमें वे बार कुपरस्टीन के साथ दिखे थे।

**बार कुपरस्टीन**

23 साल के कुपरस्टीन को भी नोवा म्यूजिक फेस्टिवल में बंधक बनाया गया था, जबकि वह हमले में घायल लोगों की जान बचाने के लिए रुका था। अप्रैल 2025 में जिस बंधक को हमास ने रिहा किया था, उसने कुपरस्टीन के परिजनों को बताया था कि वह जिंदा है।

**एतान मोर**

25 साल के एतान मोर नोवा म्यूजिक फेस्टिवल के सिक्योरिटी गार्ड थे। उनके जिंदा होने की खबर परिजनों को फरवरी 2025 में मिली थी और तब रिहा हुए बंधकों ने बताया था कि एतान ने हिम्मत बंधाई, तभी उस दर्दनाक खौफनाक जिंदगी को बिता पाए।

**अविनातान ओर**

32 साल के अविनातान को उनकी गर्लफ्रेंड नोआ अर्जमानी के साथ नोवा म्यूजिक फेस्टिवल से बंधक बनाया गया था। नोआ को तो जून 2024 में इजरायली सेना ने हमास की कैद से छुड़ा लिया था। मार्च 2025 में एक वीडियो के जरिए अविनातान के जिंदा होने के सबूत मिले थे।

**एल्काना बोहबोट**

36 साल के एल्काना भी नोवा म्यूजिक फेस्टिवल में आथे थे। फरवरी 2025 में हमास ने जिन बंधकों को रिहा किया था, उन्होंने बताया था कि एल्काना को अस्थमा हो गया है और वे त्वचा की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं।

---

## अब भिड़ने की तैयारी कर रहा ड्रैगन?

# ताइवान की ओर चीन ने भेजे 13 फाइटर जेट और 6 जंगी जहाज

एजेंसी ▶▶ तेलअवीव

इजरायल-हमास युद्ध में अब शांति के संकेत नजर आने लगे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिस्र में पूर्ण युद्धविराम सुनिश्चित करने के लिए एक शांति सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। लेकिन इसी समय दुनिया के दूसरे छोर पर तनाव चरम सीमा पर पहुंच गया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को खुलासा किया कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 13 लड़ाकू विमान और 6 नौसेना के जहाजों ने ताइवान के आसपास गतिविधियां तेज कर दीं। इनमें से आठ विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार करते हुए ताइवान के उत्तर, दक्षिण-पश्चिम तथा दक्षिण-पूर्वी हवाई रक्षा क्षेत्रों (एडीआईजेड) में घुसपैठ की। मंत्रालय के मुताबिक, ताइवान की सेना ने पूरे हालात पर सख्त नजर रखी और सभी आवश्यक कदम उठाए। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए बताया कि 13 चीनी विमान और 6 नौसेना के जहाज ताइवान के आसपास देखे गए। आठ विमानों ने हमारे एडीआईजेड में अतिक्रमण किया। हमारी सेनाएं लगातार निगरानी कर रही हैं और उचित कार्रवाई में जुटी हुई हैं। यह घटना चीन की ताइवान पर लगातार जारी 'सैन्य दबाव रणनीति' का नया उदाहरण है। बता दें कि चीन ताइवान को अपना 'विशेष प्रशासनिक क्षेत्र' मानता है और उसके आसपास हवाई तथा समुद्री गश्त को और तेज कर रहा है।



### लगातार दूसरी रात की घुसपैठ

गौरतलब है कि रविवार को भी ताइवान ने 16 चीनी विमानों, 8 नौसेना जहाजों और एक सरकारी पोत के अपनी सीमाओं के निकट पहुंचने की सूचना दी थी, जिसमें 13 विमानों ने एडीआईजेड में प्रवेश किया था। यह लगातार दूसरी रात थी जब चीन ने हवाई घुसपैठ और नौसैनिक दबाव की रणनीति दोहराई। अब इस घटना ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या चीन धीरे-धीरे ताइवान की चारों ओर सैन्य घेराबंदी की साजिश रच रहा है? हालांकि, ताइवान के वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञों ने इसे 'अव्यावहारिक और असंभव' ठहराया है। तामकांग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अलेक्जेंडर हुआंग ने कहा कि चीन केवल 'चार-पांच पनडुब्बियों' से ताइवान को ब्लॉक नहीं कर सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह रणनीति रणनीतिक रूप से टिकाऊ नहीं है। यहां तक कि परमाणु-संचालित पनडुब्बियों की भी अपनी सीमाएं हैं। चालक दल को भोजन, आराम और बदलाव की आवश्यकता होती है।

---

# अत्याधुनिक रेलवे, मेट्रो उत्पादों और नवाचारों के साथ टिकाऊ समाधानों का होगा प्रदर्शन

### *रेल मंत्री 15 अक्टूबर को करेंगे आईआरईई-2025 का उद्घाटन*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 15 से 17 अक्टूबर तक यहां भारत मंडपम में आयोजित होने वाली 16वीं अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई 2025) का उद्घाटन करेंगे। सीआईआई व्यापार मेला परिषद के अध्यक्ष बी त्यागराजन ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा रेल मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी में चीन और रूस सहित 15 से अधिक देशों के 400 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे जो 30 हजार से ज्यादा अत्याधुनिक रेलवे और मेट्रो उत्पादों, नवाचारों और टिकाऊ समाधानों का प्रदर्शन करेंगे।



आईआरईई 2025 एक महत्वपूर्ण मंच है जो भारतीय रेलवे को वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गजों से जोड़ता है। यह भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता को दर्शाता है और साथ ही टिकाऊ एवं कुशल रेलवे समाधानों पर सहयोग को बढ़ावा देता है। त्यागराजन ने कहा कि रेल मंत्रालय के सहयोग से, आईआरईई 2025 का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, व्यापार साझेदारी को सुविधाजनक बनाना और रेलवे प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करना है। प्रदर्शनी में रोलिंग स्टॉक निर्माण, रेलवे विद्युतीकरण, सिग्नलिंग और दूरसंचार प्रणालियां, स्मार्ट स्टेशन प्रौद्योगिकियां, रेलवे में एआई, स्वचालन, हरित और टिकाऊ परिवहन समाधान को शामिल किया जाएगा। बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (सूचना और प्रचार) दिलीप कुमार ने कहा कि आईआरईई 2025 वैश्विक रेलवे प्रणाली का यह सबसे बड़ा आयोजन है।

---

## मस्क ने ओपन एआई पर साधा निशाना

# झूठ पर बना संगठन, चैरिटी चुराकर बनाई गई कंपनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेक अरबपति एलन मस्क ने एक बार फिर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ओपन एआई पर निशाना साधा है। इस बार उन्होंने कंपनी को झूठ पर बना संगठन कहा है। मस्क ने यह टिप्पणी उस समय की जब ओपन एआई की पूर्व बोर्ड मेंबर हेलेन टोनर ने कंपनी के कामकाज को लेकर अपने विचार साझा किए।

हेलेन टोनर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कभी-कभी ओपन एआई के कर्मचारी मुझसे पूछते हैं कि मैं अब कंपनी को कैसे देखती हूं। कुछ चीजें अच्छी हैं जैसे सिस्टम कार्ड्स बनाना या कॉट मॉनिटरिंग, लेकिन नीति से जुड़े मामलों में उनकी बेईमानी और डराने की रणनीति चिंताजनक है। इस ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने सवाल उठाए कि क्या ओपन एआई एक नॉन-प्रॉफिट संस्था नहीं थी? इस पर मस्क ने जवाब दिया, उन्होंने एक चैरिटी चुरा ली और उसे अपने निजी मुनाफे के लिए इस्तेमाल किया।



---

### दक्षिण अफ्रीका में बस हुई दुर्घटनाग्रस्त, 42 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पहाड़ी क्षेत्र में बस दुर्घटना में 42 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि यह दुर्घटना रविवार को राजधानी प्रिटोरिया से लगभग 400 किलोमीटर उत्तर में लुईस ट्रिचर्ड्ट शहर के पास एन1 राजमार्ग पर हुई।




अधिकारियों ने बताया कि बस दक्षिण अफ्रीका के ईस्टर्न केप से आ रही थी।

बस पहाड़ी दर्रे पर सड़क से नीचे जा गिरी। लिंपोपो प्रांतीय सरकार ने बयान में कहा कि बस में जिम्बाब्वे और मलावी के नागरिक सवार थे। वे अपने गृह देशों की यात्रा कर रहे थे।

### चीन के बाद अब अमेरिका ने शुरू की भारत की जासूसी?

**नई दिल्ली।** भारत के मिसाइल परीक्षण की रेंज देखकर चीन-पाकिस्तान के साथ-साथ अमेरिका भी सकते में आ गया है। चीन के बाद अब अमेरिका ने अपने टोही जहाज, 'ओसियन टाइटन' को हिंद महासागर में भेजा है। 15-17 अक्टूबर के बीच भारत बंगाल की खाड़ी में 3550 किलोमीटर की रेंज वाली मिसाइल का टेस्ट करने जा रहा है। ओसियन टाइटन के साथ ही चीन का 'युआन वांग-5' भी मलक्का स्ट्रेट पार कर हिंद महासागर पहुंचने वाला है ताकि भारत की इस मिसाइल पर नजर रखी जा सके।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरेंद्र चौधरी पुत्र** राम लाल चौधरी **निवासी:** मकान नं0 बी–505, प्लॉट नं0–5, पंचशील अपार्टमेंट, सेक्टर–10, द्वारका, उत्तरी दिल्ली, ने **FIR No. 633/2023, Dt. 09.09.2023, U/S 394/307/201/397/182/302/34/120B IPC, पुलिस स्टेशन नरेला, बाहरी– उत्तर जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरेंद्र चौधरी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हरेंद्र चौधरी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 633/2023, Dt. 09.09.2023, U/S 394/307/201/397/182/302/34/120B IPC, पुलिस स्टेशन नरेला, बाहरी–उत्तर जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **हरेंद्र चौधरी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.11.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री सुशील कुमार
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–04, उत्तर जिला
कमरा नं0–206, द्वितीय तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13658/ON/2025
(Court Matter)

---

## वायुसेना की ताकत के बारे में दी जानकारी

### भारतीय वायुसेना के ब्रह्मास्त्र 5 फाइटर जेट पाकिस्तान की उड़ा चुके है नींद

# दुश्मन के स्टेल्थ विमानों को पकड़ेगा वीएचएफ रडार, रक्षा मंत्रालय ने शुरू की खरीद प्रक्रिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सरहदी इलाकों में अपनी सामरिक क्षमता को मजबूत बनाने में लगी वायुसेना के लिए एक अच्छी खबर है। जिसके तहत रक्षा मंत्रालय ने बल के कुल 9 वीएचएफ रडार की खरीद प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है।

इसके लिए जरूरी सूचना संबंधी निवेदन यानी आरएफआई जारी कर दी है। सूत्रों ने बताया कि वर्तमान में कई जगहों पर भौगोलिक परिस्थितियों की चुनौती के साथ ही लंबी दूरी के रडार तैनात नहीं किए जा सकते हैं। वहीं, वायुसेना के पास मौजूद रडार की एक निश्चित सीमा तक की ही उपयोगिता है। जिसे देखते हुए शत्रुओं के स्टेल्थ विमानों को पकड़ने के लिए उक्त रडार की आवश्यकता है।

आरएफआई विक्रेता उत्पाद के बारे तकनीकी जानकारी के अपना पक्ष रखेंगे। जिस पर मंत्रालय द्वारा आगामी समय में विचार विमर्श किया जाएगा।


फाइल फोटो

### स्पेन की वायुसेना संग होगा युद्ध अभ्यास

वहीं, वायुसेना की एक टुकड़ी सोमवार को स्पेन की वायुसेना के साथ 15 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले ओशन स्काई युद्ध अभ्यास में भाग लेने के लिए रवाना हो गई है। इसमें वायुसेना के सुखोई-30 लड़ाकू विमान भाग लेंगे।

### *रक्षा मंत्रालय ने किया 50 फीसदी से ज्यादा पूंजीगत परिव्यय का उपयोग*

*रक्षा मंत्रालय ने बताया, मौजूदा सितंबर महीने के अंत तक उसने 2025-26 के कुल पूंजीगत परिव्यय का 50 फीसदी से अधिक का उपयोग कर लिया है। आकड़ों के हिसाब से यह 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपए के कुल आवंटन में से पूंजीगत व्यय 92 हजार 211.44 करोड़ रुपए का है। बीते साल मंत्रालय ने 1,59,768.40 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय का 100 फीसदी उपयोग किया था।*

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C./84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **हिमांशु उर्फ रैन्चो, पुत्रः** राजु, **पताः** मकान न. 421, गली न. 02, फन्ने खां मोड़, सबोली, हर्ष विहार, दिल्ली, ने **FIR No. : 618/2021, U/s: 379/356/411/34 IPC,** थानाः नंद नगरी, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **हिमांशु उर्फ रैन्चो,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **हिमांशु उर्फ रैन्चो,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. : 618/2021, U/s: 379/356/411/34 IPC,** थानाः नंद नगरी, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **हिमांशु उर्फ रैन्चो,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा न. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/13860/NE/2025
(Court Matter)

## चिंतन

# आम आदमी को महंगाई के मोर्चे पर बड़ी राहत

जीएसटी और ब्याज दरों में कटौती होने के बाद ऐसी आशंकाएं जताई जा रही थी कि महंगाई के मोर्चे पर झटका लग सकता है, लेकिन हुआ इसके बिलकुल उलट। खुदरा महंगाई दर आठ साल के निचले स्तर पर आ गई है। सितंबर में रिटेल महंगाई 1.54% पर रही है। इससे पहले जून 2017 में भी ये इतनी थी। इसकी वजह खाने-पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में गिरावट है। वहीं, अगस्त में रिटेल महंगाई 2.07% रही थी। रिटेल महंगाई के आधिकारिक आंकड़े सरकार ने सोमवार को जारी किए हैं। रिजर्व बैंक का लक्ष्य महंगाई को 4% से दो ऊपर-नीचे की सीमा में रखने का है। सितंबर में खाने-पीने के सामानों की कीमत घटी यही कारण रहा कि महंगाई निचले स्तर पर पहुंच गई। महंगाई में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 0.64 से घटकर माइनस 2.28% हो गई है। सितंबर में ग्रामीण महंगाई दर 1.69 से घटकर 1.07 प्रतिशत हो गई। वहीं शहरी महंगाई 2.47 से घटकर 2.04 फीसदी पर आ गई। असल में महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं, अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी। लगातार घटती महंगाई आम लोगों के लिए राहत की बात है, जिसके मुख्य कारण अनुकूल आधार प्रभाव, सब्जियों, दालों, और अनाज जैसी खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट हैं। इस स्थिति से आम नागरिक के जीवन स्तर में सुधार और उपभोक्ता मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, हालांकि भविष्य में महंगाई को नियंत्रित रखने के लिए निरंतर निगरानी की आवश्यकता होगी। महंगाई कम होने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और वे खरीदारी के लिए प्रोत्साहित होंगे, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। लोग जितना खरीदारी करेंगे अर्थव्यवस्था को उतना लाभ होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। महंगाई कम होने से देश के लोगों के लिए अपने सपने पूरे करना आसान होगा, घरों से लेकर सपनों की चीजें खरीदने पर कम खर्च होगा और घूमना-फिरना सस्ता होगा। अगर नागरिकों के पास पैसा होगा वो ज्यादा खर्च कर सकेंगे। सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि लोगों की जेब में खरीदारी के लिए धन छोड़ा जाए। जीएसटी और ब्याज दरों में कटौती के पीछे सबसे पहली सोच यही है और इसके सार्थक परिणाम भी आने लगे हैं। खुदरा महंगाई में नरमी को देखते हुए, रिजर्व बैंक अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दर में और कटौती कर सकता है। हालांकि यह महंगाई की आगे की दिशा पर निर्भर करेगा। क्योंकि अधिक बरसात होने के कारण अनेक उत्तरी राज्यों में फसलों को ज्यादा नुकसान हुआ है। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि महंगाई के आंकड़े केवल आंकड़ों तक सीमित न रहें, बल्कि लोगों को बाजारों में वास्तविक राहत मिले। ऐसा न हो कि आंकड़ों में तो लगातार महंगाई कम होती रही और आम आदमी को इसका असली लाभ ही न मिल पाए।



तकनीक
प्रमोद भार्गव

# पहली एआई मंत्री डिएला की नियुक्ति

एआई मंत्री डिएला को अल्बानिया की नेशनल एजेंसी फॉर इंफॉर्मेशन सोसायटी ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से विकसित किया है। डिएला को मंत्री पद की जिम्मेदारी संवैधानिक लोकतांत्रिक प्रणाली से चौथी बार प्रधानमंत्री बने एडी रामा ने सौंपी है। इसी साल मई 2025 में चुनाव जीतने के बाद 11 सितंबर को उन्होंने अपनी नई सरकार का गठन किया है। डिएला ने संपूर्ण स्त्री भाव से संसद में राजनीतिक चतुराई से भरा उल्लेखनीय वक्तव्य भी दिया। उन्होंने कहा, 'विपक्ष मेरी नियुक्ति को बार-बार असंवैधानिक बता रहा है। विपक्ष के इस व्यवहार से मेरी भावना आहत हुई है।'

विडंबना देखिए, मनुष्य द्वारा निर्मित वाहनों ने मनुष्य के पैरों से चलने की ताकत छीन ली। मशीनी तकनीक मनुष्य के हाथों के हुनर छीनती जा रही है और अब हैरान करने वाली वास्तविकता यहां तक पहुंच गई है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अर्थात कृत्रिम बुद्धि से निर्मित डिएला नामक रोबोट स्त्री को मानव के विरुद्ध एक प्रति मानव के रूप में अस्तित्व में लाया गया रोबोट का यह दखल राजनीति से नेता के विस्थापन के रूप में देखने में आया है। सत्ता पक्ष डिएला की नियुक्ति से भ्रष्टाचार मुक्त शासन की कल्पना कर रहा है, जबकि विपक्ष इस रोबोट-स्त्री की तैनाती को असंवैधानिक करार दे रहा है।

एआई मंत्री डिएला को अल्बानिया की नेशनल एजेंसी फॉर इंफॉर्मेशन सोसायटी ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से विकसित किया है। डिएला को मंत्री पद की जिम्मेदारी संवैधानिक लोकतांत्रिक प्रणाली से चौथी बार प्रधानमंत्री बने एडी रामा ने सौंपी है। इसी साल मई 2025 में चुनाव जीतने के बाद 11 सितंबर को उन्होंने अपनी नई सरकार का गठन किया। डिएला ने संपूर्ण स्त्री भाव से संसद में राजनीतिक चतुराई से भरा उल्लेखनीय वक्तव्य भी दिया। उन्होंने कहा, 'विपक्ष मेरी नियुक्ति को बार-बार असंवैधानिक बता रहा है। विपक्ष के इस व्यवहार से मेरी भावना आहत हुई हैं। मैं शासन-प्रशासन को पारदर्शी बनाने और जनता की मदद के लिए हूं। विपक्ष आशंकित न हो, मेरा लक्ष्य जैविक मनुष्य को प्रतिस्थापित (रिप्लेस) करने का नहीं है। मैं किसी की जगह लेने के लिए नहीं आई हूं।' डिएला ने जो कहा वह अजैविक मानव के लिए ठीक हो सकता है, लेकिन सच्चाई तो यही है कि मनुष्य के विरुद्ध एक प्रति मनुष्य के रूप में अपनी जगह बनाता रोबोट जैविक मनुष्य को सीमेंट, कंक्रीट और यंत्रों के जंगल में धकेलता जा रहा है। प्रति मानव रोबोट में बुद्धि डालकर उसे हम मनुष्य का शासक बनाने में लगे हैं। अभी तक रोबोट को नए-नए रूपों में विकसित करने का काम वैज्ञानिक रूपी मनुष्य करता था, लेकिन प्रौद्योगिकी के आकाश में कृत्रिम बुद्धि ने ऐसे पंख दे दिए कि रोबोट अब एआई की मदद से स्वयं अद्यतन (अपडेट) होने लगे हैं और जो जीवित रोबोट अस्तित्व में आए हैं, वे स्वयं रोबोट पैदा करने लगे हैं। रोबोट के स्वमेव परिवर्तन और नए रोबोट पैदा करने की इस ताकत के परिणाम फलदायी होंगे या घातक यह अभी भविष्य के गर्भ में जरूर है, किंतु चिंतनीय बिंदू अवश्य है।

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने जीवित रोबोट 'जेनोबोट्स' अवतरित कर दिया है। इसके आविश्कारक वैज्ञानिकों का दावा है कि यह रोबोट अपने जैसे रोबोट संतान के रूप में पैदा कर सकता है। यह करिश्मा वर्मोंट, हावर्ड और टफ्ट्स विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों ने कर दिखाया है। यह रोबोट अफ्रीका में पाए जाने वाले जेनोपस लेविस प्रजाति के मेढ़क के भ्रूण की स्तंभ कोशिकाओं से बनाया गया है। वैज्ञानिकों ने मेंढ़क के भ्रूण की (एंब्रियो) की जीवित कोशिकाओं को अन्य नए जीवन रूपों के तौर पर प्रयोग करने में सफलता पाई है। इसे जीवित क्रिया-कलाप करने लायक जीव के तौर पर देखा जा रहा है। एक मिमि से भी कम चौड़े इन रोबोट्स को पहली बार 2020 में दुनिया के सामने सार्वजनिक किया गया था। ये जीते-जागते रोबोट्स हैं। भ्रूण से विकसित इन रोबोट के दिल को मोटर की तरह उपयोग में लाया जाता है।



मसलन ये जेनोबोट्स मुंह के अंदर एकल कोशिकाओं को एकत्रित करते हैं और रोबोट के रूप में बच्चों को अवतरित (पैदा) करते जाते हैं। जो हूबहू माता-पिता के प्रतिकृति होते हैं। कोई गड़बड़ी होने पर खुद को ठीक भी कर सकते हैं।

वैज्ञानिकों का दावा है कि जेनोबोट्स में जानवर या पौधों से अलग जैविक प्रजनन का एकदम नया मौलिक रूप खोजा है। ये रूप विज्ञान के लिए ज्ञात किसी भी रूप नख से शिख तक भिन्न हैं। लोग अभी तक यह जानते हैं कि रोबोट धातु, चीनी मिट्टी या प्लास्टिक से बने होते हैं। जबकि जेनेबोट्स मेंढ़क के जीवित भ्रूण की स्तंभ कोशिकाओं को कतरन (स्क्रैप) करके सेने (इनक्यूबेट) के लिए छोड़ दिया। इन्हें साइबॉर्ग रोबोट की श्रेणी में रखा जा सकता है। इस सिलसिले में सूक्ष्म शल्य क्रिया विषेशज्ञ का कहना है कि 'स्तंभ कोशिकाओं की कतरन को चिमटी और लघु इलेक्ट्रोड से सूक्ष्मदर्शी यंत्र के माध्यम से एक आकार में ढाला गया, फिर इन्हें शरीर का रूप दिया गया। तत्पश्चात ये कोशिकाएं पुनः सक्रिय हो गईं। इस तरह तैयार जेनोबोट्स को जब टुकड़ों में विभाजित किया गया तो वह स्वयं को जोड़कर क्रियाशील हो गया।' इसी कारण ये रोबोट के साथ जीव भी हैं। ये रोबोट समुद्र, नदी और तालाब की गहराइयों से माइक्रोप्लास्टिक कचरा खींच लाने में सक्षम हैं। लिहाजा इस जीवित मशीन को स्वच्छता के अभियान में भी लगाया जा सकता है। मानव की धमनियों की बाधा को दूर करने में भी इनका इस्तेमाल हो सकता है। ऐसी ही रोबोट तकनीक का कमाल है डिएला।

28 लाख की आबादी वाले देश अल्बानिया की अल्बानियाई भाषा में 'डिएला' का अर्थ 'सूरज' होता है। डिएला को अल्बानिया की पारंपरिक वेशभूषा में सौम्य, सुंदर और सुशील स्त्री को रोबोट के रूप में विकसित किया है। डिएला की वाणी और मुखाकृति अल्बानियाई अभिनेत्री अनिला बिशा का मॉडल है। प्रधानमंत्री ने इन्हें सार्वजनिक खरीद मंत्रालय का मंत्री बनाने की घोषणा विधिपूर्वक राजधानी तिराना की संसद में की थी। अल्बानिया यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया में है। इस प्रक्रिया को पूरी होने में भ्रष्टाचार बड़ी बाधा बन रहा है। इसीलिए डिएला को सरकारी खरीद निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और कदाचरण खत्म करने की दृष्टी से नियुक्त किया है। यानी डिएला का मनोनयन रामा सरकार की रणनीति की एक कूटनीतिक चाल है। पीएम रामा इसी लक्ष्यपूर्ति के बहाने राष्ट्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाए जाने के प्रति, प्रतिबद्धता जता रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में सरकार में शामिल अन्य मंत्रियों, सरकारी अधिकारियों ने कहना शुरू कर दिया है कि सार्वजनिक व्यय में भ्रष्टाचार से लड़ने में मदद मिलेगी। इसके विपरीत विपक्षी सांसद दावा कर रहे हैं कि यह तथाकथित एआई से संचालित स्त्री रोबोट भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का काम करेगा। क्योंकि हम जानते हैं कि अंततः रोबोट एक मशीन है, जिसके डाटा व सर्किट में परिवर्तन किए जा सकते हैं।

अल्बानिया के संविधान में जनता द्वारा निर्वाचित सांसद को ही मंत्री बनने का अधिकार है न कि किसी स्त्री रोबोट के आभासी अवतार को ? यह तरीका इंसान को जीवंत राजनीति से विस्थापन का कुटिल तकनीकी उपाय भर है, जो किसी भी देश और मानव जाति के लिए घातक है। कोई प्रतीक मनुष्य का स्थान नहीं ले सकता है। डिएला की तैनाती में जो सबसे प्रमुख कमी है, वह है कि इसकी गलतियों के लिए जिम्मेदार किसे ठहराया जाए? अतएव एआई कुशल और समावेशी शासन व्यवस्था के लिए एक शक्तिशाली मशीनी यंत्र अवश्य है, तथापि इसके उत्तरदायित्व और लोक विश्वास सुनिश्चित होने जरूरी हैं, जिससे इसके नैतिक और लोकतांत्रिक मानदंड निर्धारित हों।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विदेश
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# धौंस-धमकाने की नीति ट्रंप के लिए होगी आत्मघाती

धमकाने और धौंस की नीति पर चल रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी झूठी चौधराहट और खनिजों के चक्कर में लगता है दुनिया के देशों में अमेरिकी विरोधियों की बड़ी फौज ही तैयार करते जा रहे हैं। शांति के नोबल पुरस्कार का ट्रंप का सपना धरा का धरा ही रह गया है और अब 30% टैरिफ के अतिरिक्त 100% और यानी कि 130 प्रतिशत टैरिफ लगाकर चीन के खिलाफ भी आर्थिक क्षेत्र में खुली जंग छेड़ दी। कनाडा को अमेरिका का नया राज्य बनाने और रूस-यूक्रेन युद्ध के पीछे के अमेरिकी एजेंडे को आज दुनिया के देश समझ ही चुके हैं। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष के साथ डिनर के माध्यम से अमेरिका के गिरते स्तर को दुनिया के देश देख ही चुके हैं। भारत जैसे देश से पंगा लेना सबके सामने हैं। पाकिस्तान पर भी खनिजों के चक्कर में डोरे ड़ाले जा रहे हैं। देखा जाए तो ट्रंप का रवैया जिस तरह का दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद देखने को मिल रहा है वह गली मौहल्ले के गुंडे मवाली जैसा है। दुनिया के देशों को धमकाना जैसे ट्रंप का काम ही हो गया हो। दुनिया के देशों में युद्ध समाप्त कराने का झूठा तमगा पहनने के प्रयास और शांति के नोबल पुरस्कार के लिए नोबल संस्था तक को धमकाने के कुत्सित प्रयास से ट्रंप स्वयं और अमेरिका दोनों की ही हेठी कराने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। हालांकि भारत किसी भी तरह के ट्रंप के दबाव में नहीं आया और सबसे बड़ी तोहीन तो यह रही कि भारत ने इस पर प्रतिक्रिया तक व्यक्त करने की जहमत नहीं उठाई, जिसके कारण अमेरिका का तमतमाना लाजिमी है। अमेरिका ने भारत पर 100% टैरिफ लगाने के बाद सोचा था कि भारत घुटनों के बल आ जाएगा पर हुआ इसका उल्टा ही और भारत ने नए बाजार की संभावनाएं तलाशना आंरभ कर दिया। आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि अब चीन पर अमेरिकी टैरिफ वार का भारत पर सकारात्मक प्रभाव होगा। भारत की निर्यात की संभावनाओं को पर लगने के अधिक आसार हो जाएंगे। स्वाभाविक है चीन के उत्पाद महंगे हो जाएंगे और भारतीय उत्पाद कपड़ा, हैण्डिक्राफ्ट, खिलौने आदि आदि तुलनात्मक रूप से सस्ते होंगे तो भारतीय उत्पादों की मांग कम होने के स्थान पर बढ़ेगी ही। वहीं अमेरिकी टैरिफ वार अमेरिका पर ही उल्टा पड़ना है। आज अमेरिका भारतीय प्रतिभाओं का लाभ उठा रहा है पर नए वीजा नियमों और विदेशियों को पलायन करने के बाध्यकारी आदेशों से अमेरिका आने वाले समय में शून्यता की और बढ़ेगा। इधर, ट्रप के व्यवहार के चलते श्वेत-अश्वेत की खाई और चौड़ी होती जा रही है। 20वीं सदी के अंत में दुनिया के देशों में विश्वग्राम का सपना देखा था, इस दिशा में दुनिया के देश आगे भी बढ़े थे और फिर संचार क्रान्ति ने तो दुनिया के देशों को लगभग विश्वग्राम बना ही दिया पर जिस तरह के हालात ट्रंप जैसे अति महत्वाकांक्षी द्वारा उठाए जा रहे हैं, उससे विश्वग्राम का सपना बीच राह में ही टूटता नजर आने लगा है। एक दूसरे के सहयोग और समन्वय की बात तो ट्रंप ने भुला ही दी है। फिर सबको एक ही लकड़ी से हांकने की नीति भी आत्मघाती बनती जा रही है। अमेरिका को समझना होगा कि आज आप किसी पर टैरिफ का दबाव बढ़ाते हो तो अन्य देशों के लिए राह आसान कर रहे हो। हो यह राह है कि टैरिफ की मार का सबसे नकारात्मक प्रभाव अमेरिका पर ही पड़ना है। आज दूसरे देशों के प्रति निर्भरता बढ़ी है और ऐसे में आगे बढ़ने के लिए दो मोर्चों पर जुटना पड़ता है। पहले तो यह कि दूसरे देशों में आ रहे बदलावों, तकनीक को समझना और फिर उस तकनीक को अपनी जरूरत के अनुसार अपने देश में विकसित करना। अमेरिका दरअसल, दूसरों की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करना चाहता है पर वह यह भूल रहा है कि इकोनोमी एक दूसरे की सहायता से आगे बढ़ती है। देसी-विदेशी मांग को बढ़ाना ही होता है। स्थानीय के साथ ही विदेशों में भी बाजार खोजना होता है। ऐसे में बड़े-बड़े व्यापार समझौते देशों के बीच होते हैं। अमेरिका ने जिस तरह से व्यापार समझौतों को दरकिनार कर टैरिफ वार और तरह तरह के अवरोध खड़े करने के प्रयास किए हैं उनका असर अंततोगत्वा अमेरिकी इकोनोमी पर भी पड़ना ही है। लगता है ट्रंप अमेरिका को आत्मघाती गोल की तरफ ले जा रहा है। दुनिया के देशों को वैश्विक ग्राम की परिकल्पना को ही आगे बढ़ाना होगा। आज दुनिया और दुनिया के देश कहां खड़े हैं यह कोरोना काल में सबको पता चल चुका है। ऐसे में समय रहते नीतियों मे बदलाव जरूरी हो जाता है। जिस तरह से तकनीक ने एक दूसरे को नजदीक लाने का प्रयास किया है उसे आगे बढ़ाना वैश्विक नेताओं का दायित्व हो जाता है। आज एकला चालो रे की नीति से आगे बढ़ने और कुछ पाने की कल्पना करना बेमानी होगा, यह देर सबेर समझना ही होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## प्रेम क्या है?



संकलित
दर्शन

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है-न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था - "जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते।" बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं - यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है-मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

## सुख-दुख आते-जाते रहेंगे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### मिलावटी चीजों से सावधान रहें

आज बहुत से ऐसे लोग भी हैं जो अपने थोड़े से फायदे के लिए खाने-पीने की चीजों में मिलावट करके दूसरों की जान को भी जोखिम में डाल देते हैं। लेकिन चंद सिक्कों की खातिर दूसरों की जान जोखिम में डालना मानवता के खिलाफ है। खाने-पीने की मिलावटी चीजें तो जहर समान होती है। स्वस्थ भारत के लिए खानपान की चीजों में मिलावट रोकना भी बहुत जरूरी है। खाद्य पदार्थों में मिलावट नहीं रुक रही, क्योंकि एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है, दूसरा सरकार और प्रशासन मिलावट रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखाते। तीसरा कारण सरकारी तंत्र में फैला भ्रष्टाचार है। इसके कारण खाद्य पदार्थों की जांच समय-समय पर नहीं होती। – *रमेश शर्मा, कांकेर*

## ट्रेंड

### टमाटर की खेती



मैं टमाटर के खेत पर खड़ा हूं। हमने बड़ी मेहनत से टमाटर की खेती करने का प्रयास किया है। फसल बहुत अच्छी है, उसे देखकर प्रसन्नता हो रही है। इल्लियों का थोड़ा प्रकोप जरूर हुआ था, लेकिन उसे भी कंट्रोल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### पेड़ काटने पर दुःख



यह वाकई दिल दहला देने वाला दृश्य है। एक महिला वृक्ष को काटे जाने के बाद उसे नमन कर रही है। ये पेड़ 20 साल से भी ज्यादा बड़ा था और बाद में उसे काट दिया गया। मुझे बताया गया है कि यह छत्तीसगढ़ राज्य में हुआ था।
**- किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री**

### प्रतिबद्धता का संकल्प



डॉ. राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन। नाइंसाफ़ी और ग़ैर-बराबरी के ख़िलाफ़ लोहिया की 'सप्त क्रांति' के सिद्धान्त को ज़मीन पर उतारने के लिए हम आज प्रतिबद्धता का संकल्प लेते हैं।
**- अखिलेश यादव, सपा नेता**

### परिवार के तीन



एक परिवार.. एक ही परिवार के तीन सदस्य.. तीनों का एक ही व्यवसाय और एक ही दिन में तीन पुरस्कार। जया को सम्मानित करते हुए फिल्मफेयर के 70 साल। अभिषेक के लिए 2025 का सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और 70 साल के जश्न के लिए वास्तव में आपका धन्यवाद।
**- अमिताभ बच्चन, अभिनेता**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# पाक-अफगान आपसी मुद्दों को संवाद से सुलझाएं



चीन ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर हुई झड़पों में दर्जनों सैनिकों की मौत के बाद सोमवार को दोनों देशों से संयम बरतने और आपसी मुद्दों को संवाद व परामर्श के जरिए सुलझाने की अपील की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने सप्ताहांत में दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष पर टिप्पणी करते हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हाल में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष के कारण दोनों के रिश्ते तनावपूर्ण होने पर चीन गहरी चिंता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा, "चीन गंभीरता से उम्मीद करता है कि दोनों पक्ष व्यापक दृष्टिकोण अपनाएं, शांति और संयम बरतें, आपसी मुद्दों को संवाद व परामर्श के जरिए सुलझाएं, संघर्ष को बढ़ने से रोकें और क्षेत्र में शांति व स्थिरता बनाए रखें।" पाकिस्तान सेना ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर रातभर चली झड़पों में उसके कम से कम 23 सैनिक शहीद हो गए जबकि तालिबान से जुड़े 200 से अधिक आतंकवादी मारे गए। दूसरी ओर तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने कहा कि 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और करीब 30 घायल हुए। चीन के पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों से घनिष्ठ संबंध हैं।

## ऑफ बीट

# आपका शरीर हो सकता है चलता-फिरता जिम



आपको शारीरिक रूप से मजबूत बनने के लिए जिम की सदस्यता, डम्बल या महंगे उपकरणों की आवश्यकता नहीं है। शुरुआत से ही, हमारे पास शारीरिक मजबूती के प्रशिक्षण के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहा है - हमारा अपना शरीर। बाहरी बलों और उपकरणों के इस्तेमाल के बिना शारीरिक मजबूती के प्रशिक्षण को 'बॉडीवेट प्रशिक्षण' कहा जाता है। पुश-अप्स और स्क्वैट्स से लेकर प्लैंक्स और चिन-अप्स तक, बॉडीवेट प्रशिक्षण व्यायाम करने के सबसे लोकप्रिय तरीकों में से एक बन गया है, क्योंकि इसे कहीं भी किया जा सकता है और यह मुफ्त भी है। तो, यह क्या है, यह क्यों काम करता है, और आप इसे कैसे शुरू कर सकते हैं? बॉडीवेट प्रशिक्षण क्या है? बॉडीवेट प्रशिक्षण का सीधा सा मतलब है कि आप बारबेल और डम्बल जैसे बाहरी वजन के बजाय अपने शरीर के वजन को प्रतिरोध के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसमें व्यायाम के आम तरीकों में पुश-अप्स, स्क्वैट्स, लंजेस और सिट-अप्स शामिल हैं। लेकिन बॉडीवेट प्रशिक्षण में स्थिर पकड़ का भी उपयोग किया जा सकता है जो आपके शरीर को बिना हिलाए चुनौती देता है, जैसे कि प्लैंक या योग आसन। बॉडीवेट प्रशिक्षण का इस्तेमाल किसी भी मांसपेशी समूह के लिए किया जा सकता है।

## बिहार में गुजरात मॉडल नहीं अपनाएगी भाजपा

# तीन सूत्रीय फॉर्मूले से तय कर रही उम्मीदवार, 75 पार वालों को भी मिलेगा टिकट

भाजपा अकसर सभी चुनावों में करीब 30 फीसदी मौजूदा विधायक का टिकट काटती रही है और उनकी जगह युवाओं को मौका देती रही है लेकिन इस बार बिहार में ये मॉडल नहीं अपनाया जाएगा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सत्ताधारी एनडीए गठबंधन में सीटों के बंटवारे का ऐलान होने के बाद अब उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कभी भी हो सकती है। भाजपा ने गठबंधन के तहत आवंटित सभी 101 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल कर लिए हैं और उसका ऐलान कभी भी हो सकता है। पार्टी बिहार में टिकट बंटवारे में गुजरात मॉडल नहीं अपनाएगी।

यानी 30 फीसदी मौजूदा विधायकों के टिकट नहीं काटेगी। भाजपा अकसर सभी चुनावों में इस मॉडल का इस्तेमाल कर करीब 30 फीसदी मौजूदा विधायक का टिकट काटती रही है और उनकी जगह युवाओं को मौका देती रही है लेकिन इस बार बिहार में ये मॉडल नहीं अपनाया जाएगा। हालांकि पार्टी 16 मौजूदा विधायकों का टिकट काट सकती है। इसके अलावा 75 पार की उम्र वालों को भी टिकट मिल सकता है। जिनके टिकट कटेंगे उनकी सीटों पर महिलाओं और युवाओं को उतारने की रणनीति भाजपा ने बनाई है। इसके तहत जातीय समीकरण, जिताऊ उम्मीदवार और युवाओं की भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया गया है।

**जातीय समीकरण**
जिताऊ उम्मीदवार और युवाओं पर ध्यान

### भाजपा ने फाइनल किए नाम, कभी भी जारी हो सकती है सूची



फाइल फोटो

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले**

### एनडीए में मतभेद नहीं, भारी बहुमत से बनेगी सरकार, हम 'पांच पांडव'



बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने एनडीए के भीतर किसी तरह के मतभेद होने से इनकार किया और कहा कि गठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि एनडीए ने पहले ही सीट बंटवारे की घोषणा कर दी है। अब भाजपा समेत राजग के सभी घटक दलों के उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में राजग के पांच घटक दल 'पांच पांडव' की तरह हैं और सभी मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे तथा भारी बहुमत से सरकार बनाएंगे।

**नाराज कुशवाहा ने कहा**

### आज बादलों ने फिर साजिश की



सीट बंटवारे के बाद राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी से क्षमा चाहता हूं। आपके मन के अनुकूल सीटों की संख्या नहीं हो पाई। मैं समझ रहा हूं, इस निर्णय से अपनी पार्टी के उम्मीदवार होने की इच्छा रखने वाले साथियों सहित हजारों-लाखों लोगों का मन दुखी होगा। उन्होंने कहा कि आज बादलों ने फिर साजिश की है। जहां मेरा घर था, वहीं बारिश भी की है। कुशवाह ने सीट बंटवारे का फैसला लेने वाले को संदेश देते हुए लिखा कि अगर फलक को जिद है बिजलियां गिराने की, तो हमें भी जिद है वहीं पर आशियाना बसाने की।

### कुम्हरार से नहीं लड़ेंगे अरुण सिन्हा चुनाव



पटना जिले के कुम्हरार विधानसभा सीट से लगातार चार बार जीत हासिल करने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार सिन्हा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि मैं आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के रूप में चुनाव नहीं लड़ूंगा लेकिन संगठन के लिए कार्य करता रहूंगा। सूत्रों की मानें तो चुनाव समिति की बैठक में उनके नाम कटने की बात पर चर्चा हुई थी। कारण उनकी उम्र सीमा थी। इस सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार में मंत्री मंगल पांडेय के नाम की चर्चा चल रही है।

### लोजपा उपाध्यक्ष रविशंकर का इस्तीफा



लोजपा (रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष रविशंकर सिंह अशोक ने पार्टी की सदस्यता व पद दोनों से त्यागपत्र दे दिया। इसके साथ ही उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थकों ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना त्यागपत्र प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी को भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि यदि कोई पार्टी उन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट देती है तो वह सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र का सम्मान होगा, अन्यथा स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में उतरेंगे। उन्होंने 17 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने की भी घोषणा की।

**आईआरसीटीसी घोटालाः कोर्ट ने कहा कि लालू की जानकारी में साजिश रची गई**

# लालू-राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ आरोप तय, 1 से 7 साल तक की हो सकती है जेल

### तेजस्वी बोले- अमित शाह ने दी थी धमकी चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ेंगे



दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को आईआरसीटीसी घोटाले में आरोपी माना। अब तीनों के खिलाफ केस चलेगा। कोर्ट ने कहा कि लालू की जानकारी में टेंडर घोटाले की पूरी साजिश रची गई। टेंडर में उनका हस्तक्षेप था। इससे लालू परिवार को फायदा हुआ। उधर लालू ने इन आरोपों को निराधार बताया। यह मामला रांची और पुरी स्थित आईआरसीटीसी की 2 होटलों के टेंडर में भ्रष्टाचार से जुड़ा है। लालू यादव पर भ्रष्टाचार, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी का आरोप है। इसके अलावा, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत आरोप लगे हैं। अगर तीनों के खिलाफ आरोप साबित हुए तो इन्हें एक से 7 साल तक की सजा हो सकती है।

**लैंड फॉर जॉब्स मामला**

### आरोप तय करने पर फैसला 10 नवंबर को

ज़मीन के बदले रेलवे में नौकरी से जुड़े लैंड फॉर जॉब स्कैम में लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने पर फैसला टल गया है। अब 10 नवंबर को आरोप तय करने पर फैसला आ सकता है। सीबीआई ने कहा था कि इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है, कुछ सेल डीड को छोड़कर, ज़मीन की खरीद के लिए ज़्यादातर पैसों का लेनदेन कैश में हुआ। सीबीआई ने मामले में आईपीसी की धारा 120, 420, 468, 467, 471 और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट 1988 की धारा 11,12,13,,8,9 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी।

### कांग्रेस को 60 सीटों का ऑफर

बिहार में महागठबंधन सीट बंटवारे को लेकर चल रही हलचल के बीच कांग्रेस को करीब 60 सीटों का ऑफर मिलने की खबर है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग करीब-करीब पूरी हो चुकी है, सिर्फ 2-3 सीटों पर दोनों पार्टियों का दावा बरकरार है।

**जनसुराज की दूसरी सूची जारी, 65 सीटों पर उतारे प्रत्याशी**

### प्रशांत किशोर बोले- अति पिछड़ा समाज को दिए सर्वाधिक 70 टिकट



जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर नेचुनाव को लेकर अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि हमने पहले ही कहा था कि समाज में जिसकी जितनी हिस्सेदारी है, उन्हें उतनी ही हिस्सेदारी मिलेगी। बिहार में अतिपिछड़ा समाज के लोगों की संख्या सबसे अधिक है। इसीलिए हमलोगों ने अब तक एक तिहाई सीटों पर इन्हें ही टिकट दिया है। दूसरी सूची में 65 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई है। इससे पहले 51 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई थी। अब तक 116 प्रत्याशी के नाम की घोषणा की गई है। इसमें सबसे अधिक संख्या 70 सीट अतिपिछड़ा समाज के लोगों की है। पीके ने कहा कि बिहार के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब किसी राजनीतिक दल ने इतने अधिक संख्या में अतिपिछड़ों को टिकट दिया है।

**खबर संक्षेप**

### सुप्रीम कोर्ट से नेहा राठौर को राहत नहीं



**नई दिल्ली।** लोकगायिका और एक्टिविस्ट नेहा सिंह राठौर को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सोमवार को शीर्ष अदालत ने उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने से इनकार करते हुए साफ कहा कि जाओ और ट्रायल फेस करो। कोर्ट ने कहा कि वह इस वक्त किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं करेगी और न ही केस के मेरिट पर कोई राय दे रही है।

### सोनिया ने वीरभद्र की प्रतिमा का किया अनावरण



**शिमला।** हिमाचल के छह बार के सीएम रहे स्व. वीरभद्र सिंह की रिज पर लगी प्रतिमा का कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अनावरण किया। सोनिया ने रिमोट का बटन दबाकर प्रतिमा के सामने लगा पर्दा हटाया। इस अवसर पर सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस महासचिव सांसद प्रियंका गांधी भी उपस्थित थीं।

### पूरण की पत्नी से आज मिलेंगे राहुल गांधी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के दिवंगत आईपीएस वाई पूरण कुमार की आत्महत्या मामले को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी मंगलवार को चंडीगढ़ आ रहे हैं। वे आईएएस पत्नी अमनीत पी कुमार से मुलाकात करेंगे।

## दुर्गापुर दुष्कर्म मामला: पीड़िता के परिवार से मिलेगा ओडिशा महिला आयोग

# दो और आरोपी गिरफ्तार, अब तक 5 अरेस्ट दुष्कर्म को सही ठहराना बंद करें ममता: भाजपा

दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा के साथ कथित दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार तीन आरोपियों को एक स्थानीय अदालत ने 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया

एजेंसी ▶▶ दुर्गापुर

आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्तालय ने बताया कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कथित दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म मामले में चौथे और पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इससे पहले कथित सामूहिक दुष्कर्म के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। इससे पहले रविवार को, पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक मेडिकल छात्रा के साथ कथित दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार तीन आरोपियों को एक स्थानीय अदालत ने 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

बता दें कि, ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली छात्रा के साथ दुर्गापुर में कुछ लोगों ने दुष्कर्म किया। यह घटना शोभापुर के पास स्थित मेडिकल कॉलेज परिसर में हुई। छात्रा रात में अपने एक पुरुष मित्र के साथ कॉलेज कैंपस के बाहर खाना खाने गई थी। इस दौरान कैंपस गेट के पास ही एक आरोपी ने उसे जबरन पीछे के सुनसान इलाके में खींच लिया और दुष्कर्म किया। इसके बाद बाकी आरोपियों ने भी घिनौने कृत्य को अंजाम दिया।

ओडिशा के सीएम ने लड़की के पिता और प्रशासन से बात की

तीन सदस्यीय टीम पुलिस अधिकारियों से भी करेगी मुलाकात



### कोई भी कानून से ऊपर नहीं: बिजियानी सिंह

ओडिशा राज्य महिला आयोग की वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारी और सलाहकार, बिजियानी सिंह ने कहा कि तीन सदस्यीय टीम मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों से भी मिल सकती है। हम उसके स्वास्थ्य और चल रही जांच के बारे में पूछताछ करेंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उसे उचित इलाज मिले। हम पश्चिम बंगाल के पुलिस अधिकारियों से भी मिल सकते हैं। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि उसे न्याय मिले, और कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

### राज्य सरकार को सौंपेंगे सिफारिश: मोहंती



ओडिशा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष सोवाना मोहंती के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम सोमवार को दुर्गापुर का दौरा करेगी और पीड़िता के परिवार से मुलाकात करेगी। उन्होंने बताया कि हम पीड़िता के स्वास्थ्य की जांच करेंगे और उसके माता-पिता से मिलेंगे। सरकार से उसके इलाज, उसके मानसिक स्वास्थ्य और उचित जांच हो रही है या नहीं, इस बारे में पूछताछ करने के बाद हम अपनी सिफारिशें राज्य सरकार को सौंपेंगे। हम मामले की त्वरित सुनवाई के बारे में भी पूछताछ करेंगे। उन्होंने बताया कि ओडिशा के सीएम ने लड़की के पिता और प्रशासन से बात की है।

### दबाव बना रही ममता सरकार: सुवेंदु



नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि तृणमूल हटाओ, बेटी बचाओ, यह बंगाल में हर जगह मुख्य नारा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन बोलो हम दबाव में हैं, आखिर किसका दबाव? ममता बेनर्जी का दबाव, ममता की पुलिस का दबाव या ममता के गुंडों का दबाव।

### बंगाल देश का सबसे असुरक्षित राज्य: चुघ



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि ममता बनर्जी का बयान पीड़ादायक, दुर्भाग्यपूर्ण और अपमानजनक है। लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बजाय, ममता सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। संदेशखली हो, आरजी कर हो या अब दुर्गापुर। एनसीआरबी के आंकड़ों ने साबित कर दिया है कि बंगाल देश का सबसे असुरक्षित राज्य है।

### भाजपा गलत बयानबाजी कर रही: घोष



टीएमसी के नेता कुणाल घोष ने कहा कि भाजपा सीएम ममता बेनर्जी के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। उन्होंने कभी नहीं कहा कि महिलाओं को रात में बाहर नहीं जाना चाहिए। वह कहना चाहती थीं कि महिला जब चाहे और जहां चाहे जा सकती।

**ममता ने बलात्कार की घटनाओं को शर्मनाक बयान देकर सही ठहराने का प्रयास किया: बांसुरी स्वराज**

## ममता के शासन में बंगाल की 'मां' शर्मिंदा, 'माटी' लहूलुहान, 'मानुष' बेहाल है: भाजपा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने कहा है कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मां दुर्गा की धरती पश्चिम बंगाल में महिलाएं आज असुरक्षित हैं। जब राज्य की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं संवेदनहीनता का परिचय देती हैं, 'विक्टिम शेमिंग और विक्टिम ब्लेमिंग' का खेल खेलती हैं तथा बलात्कार की पीड़िता पर ही दोषारोपण करती हैं, तो यह न केवल दर्दनाक बल्कि पूरे समाज के लिए शर्मनाक हो जाता है। पार्टी की लोक सभा सांसद बांसुरी स्वराज एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल में बलात्कार की घटनाओं और उन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयानों की जमकर आलोचना की।

### टीएमसी दकियानूसी सोच का पर्याय

भाजपा सांसद ने बताया कि यह पहली बार नहीं है, टीएमसी दकियानूसी सोच का पर्याय बन चुकी है। पहले पार्क स्ट्रीट 2012 का मामला सामने आता है, जब एक बहुत ही गंभीर बलात्कार की घटना हुई थी। उस समय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीड़ित पर दोषारोपण करते हुए कहा कि 'सजानो घटना' यानी यह घटना प्रायोजित थी। इसका तात्पर्य यह था कि घटना निर्मित है, जो अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है। इसके बाद हंसखाली 2022 का मामला आया, जिसमें 14 वर्ष की नाबालिग के साथ दुष्कर्म हुआ। इस पूरे घटनाक्रम को देखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक प्रेम संबंध का मामला था, जो पुनः घटना को उचित ठहराने का प्रयास था। 2013 का कामदुनी मामला अत्यंत दर्दनाक था, जिसमें पश्चिम बंगाल में एक महिला के साथ घिनौना गैंगरेप हुआ और पीड़ित के शरीर को पैर से लेकर नाभि तक पत्थरों से मारकर अत्यंत क्रूरता दिखाई गई।

### दुष्कर्म पर कांग्रेस के शीर्ष नेता चुप

भाजपा प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यह विषय अत्यंत गंभीर है और इसे जनता के संज्ञान में लाना आवश्यक है कि हाल के दिनों में पश्चिम बंगाल में दलित समाज की एक बच्ची के साथ हुई अमानवीय घटना पर कांग्रेस पार्टी के नेता मौन हैं। कर्नाटक के मैसूर में 10 साल की आदिवासी बालिका के साथ हुए दुष्कर्म पर भी कांग्रेस के दोनों शीर्ष नेता चुप हैं। कुछ दिनों पूर्व पश्चिम बंगाल में सांसद खगेन मुर्मू पर हुई वीभत्स हिंसा पर भी कांग्रेस मौन है। बावजूद इसके, कांग्रेस और उसके सहयोगी एक झूठा नैरेटिव गढ़कर अप्रासंगिक घटनाओं को जोड़ते हुए उसे राजनीतिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं।

**पुडुचेरी में यातायात को आसान बनाने के लिए**

## गडकरी ने 2,000 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को पुडुचेरी में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें एनएच-32 पर इंदिरा गांधी स्क्वायर और राजीव गांधी स्क्वायर के बीच 4 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण के लिए आधारशिला रखना, एनएच-332ए पर 14 किलोमीटर ईसीआर रोड में सुधार और एनएच-32 के 38 किलोमीटर लंबे चार लेन वाले पुडुचेरी-पूंडियांकुप्पम खंड का उद्घाटन शामिल है। इस अवसर पर उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन, मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी, केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. मुरुगन, राज्य के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इन परियोजनाओं का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ाना और इंदिरा गांधी स्क्वायर से राजीव गांधी स्क्वायर तक शहरी क्षेत्र में यातायात की भीड़भाड़ को कम करना है, जिससे यात्रा का समय 35 मिनट से घटकर केवल 10 मिनट रह जाएगा। ये परियोजनाएँ पुडुचेरी के शहरी क्षेत्रों में भी भीड़भाड़ कम करेंगी, जिससे ईंधन की बचत होगी, वाहनों से होने वाला उत्सर्जन कम होगा और परिचालन लागत कम होगी। सड़क नेटवर्क के बेहतर होने से मनकुला विनयगर मंदिर, नटराज मंदिर, नवग्रह मंदिर और श्री अरबिंदो आश्रम जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी।

**तेजस्वी बिहार को बदलना चाहते, उन पर 420 का आरोप**

## घोटाले, ठेकों में हेराफेरी और नौकरी का वादा करे लोगों की ज़मीन हड़पना राजद का मॉडल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि घोटाले, सरकारी ठेके देने में हेराफेरी और नौकरी का वादा करके लोगों की ज़मीन हड़पना राजद का शासन मॉडल है। भाजपा ने राजद के शासन मॉडल को घोटाले, सरकारी ठेकों में हेराफेरी और नौकरी के वादे पर ज़मीन हड़पने वाला बताया है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि अदालत ने लालू प्रसाद यादव, उनके बेटे तेजस्वी यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। तेजस्वी यादव बिहार को बदलना चाहते हैं, जबकि उन पर अदालत ने 420 का आरोप लगाया है, जब आपकी यही छवि है और अदालत ने आपके खिलाफ यही पाया है, तो आप कौन सा बिहार बनाएंगे? ब्रिटिश काल में रेलवे के अधीन 2 होटल थे। एक होटल, बीएनआर होटल, रांची, झारखंड में स्थित था। और दूसरा पुरी में था।

अदालत द्वारा लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और राबड़ी देवी पर भ्रष्टाचार और आपराधिक साज़िश (आईपीसी 120बी, 420) के आरोप तय किए जाने के बाद भाजपा ने तेजस्वी के 'बिहार बदलने' के दावे पर सवाल उठाए हैं। यह आरोप रेलवे होटल आवंटन में अनियमितताओं और यादव परिवार की कथित अघोषित संपत्ति से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव बिहार बदलने की बात करते हैं, लेकिन एक सक्षम अदालत द्वारा उनके खिलाफ 420 का आरोप तय किया जाना सब कुछ बयां कर देता है। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि जो कोई भी संविधान में विश्वास रखता है उसे न्यायालय के निर्देश को स्वीकार करना चाहिए।

**खरीफ बुवाई क्षेत्रफल बढ़कर 1121.46 लाख हेक्टेयर हुआ**


**चौहान ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए**

## केंद्रीय कृषि मंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक में की कृषि क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा

### चावल-गेहूं का वास्तविक स्टॉक बफर मानक के मुकाबले ज्यादा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक बैठक में कृषि क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में देशभर में खरीफ फसल की स्थिति, रबी फसल की बुवाई, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसलों की स्थिति, मूल्य स्थिति, उर्वरक उपलब्धता, जलाशयों की स्थिति सहित विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री चौहान ने इस दौरान विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि खरीफ फसलों के



अंतर्गत कुल क्षेत्रफल कवरेज पिछले वर्ष की तुलना में 6.51 लाख हेक्टेयर अधिक है। कुल बुवाई क्षेत्र 1121.46 लाख हेक्टेयर है, जबकि गत वर्ष यह 1114.95 लाख हेक्टेयर था। गेहूं, धान, मक्का, गन्ना और दलहन की बुवाई भी वर्ष 2024-25 की तुलना में अधिक हुई है। बैठक में उड़द बुवाई क्षेत्रफल में वृद्धि की भी जानकारी देते हुए बताया गया कि उड़द के क्षेत्रफल में 1.50 लाख हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। वर्ष 2024-25 में उड़द का बुवाई क्षेत्रफल 22.87 लाख हेक्टेयर था, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर 24.37 लाख हेक्टेयर हो गया है। बैठक में शिवराज सिंह ने उर्वरक उपलब्धता की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही आगामी दिनों में सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इस संबंध में उर्वरक मंत्रालय से सतत संपर्क में रहने और आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

# अब सुजुकी का 'बर्गमैन' स्कूटर हाइड्रोजन से दौड़ेगा, दुनिया में लाएगा क्रांति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आपने इलेक्ट्रिक स्कूटर तो बहुत देखे होंगे, लेकिन अब सुजुकी कुछ ऐसा करने जा रही है, जो दोपहिया दुनिया में क्रांति ला सकती है। कंपनी ने कन्फर्म किया है कि वह एक हाइड्रोजन-पावर्ड बर्गमैन स्कूटर पर काम कर रही है। यह वही बर्गमैन स्कूटर है, जो भारत में अपने स्टाइल, परफॉर्मेंस और कंफर्ट के लिए मशहूर है, लेकिन अब इसका फ्यूचर वर्जन पेट्रोल या बैटरी से नहीं, बल्कि हाइड्रोजन से चलेगा। सुजुकी का कहना है कि उनकी कोशिश एक ऐसी बाइक बनाने की है, जो मोटरसाइकिल चलाने का मजा और पर्यावरण की सुरक्षा दोनों को साथ लाए, यानी आपको इंजन की असली आवाज और थ्रिल भी मिलेगा, लेकिन इससे कार्बन डाइऑक्साइड का धुंआ नहीं निकलेगा।

■ इंजन से कार्बन डाइऑक्साइड का धुआं नहीं निकलेगा

## इंजन से असली आवाज और थ्रिल भी मिलेगा

### क्यों खास है ये हाइड्रोजन स्कूटर?

इस स्कूटर में पेट्रोल या बैटरी की झंझट नहीं है। इसमें लंबी रेंज और फास्ट रीफ्यूलिंग मिलती है। ये पर्यावरण के लिए 100% क्लीन है। इसमें इंजन की आवाज और परफॉर्मेंस बरकरार है। यह स्कूटर उन लोगों के लिए है, जो ईवी साइलेंस नहीं, बल्कि राइडिंग एक्साइटमेंट के साथ ग्रीन टेक्नोलॉजी चाहते हैं।

### भारत के लिए क्या है उम्मीद?

अभी सुजुकी ने भारत में इसके लॉन्च पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन अगर कंपनी इसे प्रोडक्शन में लाती है, तो भारत जैसे बड़े दोपहिया बाजार में यह गेम-चेंजर साबित हो सकता है।



### 2025 जापान मोबिलिटी शो में होगा अनवील

सुजुकी ने बताया है कि इस स्कूटर का कटअवे मॉडल (इंजन और टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन) 2025 जापान मोबिलिटी शो में दिखाया जाएगा, यानी अगले साल दुनिया पहली बार देखेगी कि एक हाइड्रोजन स्कूटर कैसा दिखेगा और कैसे काम करेगा।

### कैसे काम करेगा हाइड्रोजन इंजन?

हाइड्रोजन इंजन पेट्रोल इंजन जैसा ही होता है, बस फर्क इतना है कि इसमें फ्यूल के तौर पर हाइड्रोजन गैस का इस्तेमाल होता है। यह फ्यूल जलने पर कार्बन नहीं, सिर्फ पानी की भाप निकालता है, यानी ये जीरो एमिशन व्हीकल है।

### सुजुकी का इनोवेशन रिकॉर्ड

सुजुकी कई सालों से क्लीन मोबिलिटी पर काम कर रही है। पहले कंपनी ने ई-एक्सेस इलेक्ट्रिक स्कूटर भी शोकेस किया था और अब हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी की ओर बढ़ रही है। हालांकि, ई-एक्सेस अभी भारत में लॉन्च नहीं हुआ, लेकिन बर्गमैन हाइड्रोजन स्कूटर की दिशा कंपनी की भविष्य की सोच को दिखाती है।

## खबर संक्षेप

### ओएनजीसी बाजार पूंजीकरण में हुआ जोमैटो से पीछे




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) का मूल्य लगभग 3.10 लाख करोड़ रुपये है। कंपनी जोमैटो से पीछे है। ऐसा इस तथ्य के बावजूद है कि ओएनजीसी की अनुषंगी कंपनियों और अन्य निवेश में हिस्सेदारी इसके बाजार पूंजीकरण के एक तिहाई से अधिक है।

### जियो पेमेंट्स बैंक ने दो टोल प्लाजा परियोजना की हासिल




**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने सोमवार को कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी जियो पेमेंट्स बैंक ने गुरुग्राम और जयपुर के बीच दो टोल प्लाजा पर एमएलएफएफ संग्रह प्रणाली लागू करने का अनुबंध हासिल किया है। जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड ने मल्टी-लेन फ्री फ्लो सड़क परियोजनाओं के लिए अगली पीढ़ी की टोल सेवाओं में प्रवेश किया है।

### रुपया पांच पैसे बढ़कर 88.67 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 88.67 (अस्थायी) पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक के संदिग्ध हस्तक्षेप और विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने से रुपया मजबूत हुआ। बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण रुपये को कुछ प्रतिरोध का सामना करना पड़ा।

### एतिहाद भारत में राजस्व बढ़ाने उत्पाद बेहतर करेगा

**कोलकाता।** भारत के 11 शहरों में प्रति सप्ताह 185 उड़ानें संचालित करने वाली एतिहाद एयरवेज देश में अपनी वृद्धि को गति देने के लिए प्रीमियम सेवाओं, लक्षित ग्राहकों और रणनीतिक साझेदारियों पर निर्भर है। अबू धाबी स्थित एयरलाइन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत एयरलाइन के लिए शीर्ष तीन वैश्विक बाजारों में से एक है।

## खाद्य पदार्थों में नरमी के कारण घटी महंगाई

# सितंबर में खुदरा महंगाई घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.54 प्रतिशत पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में आठ साल के निचले स्तर 1.54 प्रतिशत पर आ गई, जो इससे पिछले महीने 2.07 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह कमी सब्जियों और दालों सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के कारण हुई।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति सितंबर, 2024 में 5.49 प्रतिशत थी। सितंबर, 2025 से पहले इसका न्यूनतम स्तर जून, 2017 में 1.46 प्रतिशत था। यह दूसरी बार है जब 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत से नीचे आई है।

### एनएसओ ने जारी किए आंकड़े

सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि उपभोक्ता कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति चार प्रतिशत पर बनी रहे, जिसमें दो प्रतिशत की घट-बढ़ हो सकती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने कहा, ''अगस्त, 2025 की तुलना में सितंबर की मुख्य मुद्रास्फीति में 0.53 प्रतिशत की कमी आई है। यह जून, 2017 के बाद सालाना आधार पर सबसे कम मुद्रास्फीति है।''

### तेल, फल, अनाज, दाल की कीमतें कम हुई

एनएसओ ने बयान में कहा, ''सितंबर, 2025 के दौरान अनुकूल आधार प्रभाव के साथ ही सब्जियों, तेल तथा वसा, फल, दाल, अनाज, अंडे, ईंधन और प्रकाश की कीमतों में कमी के कारण मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट हुई।''



### आरबीआई ने मुद्रास्फीति अनुमान को घटाया

*सितंबर, 2025 के दौरान खाद्य मुद्रास्फीति सालाना आधार पर शून्य से 2.28 प्रतिशत नीचे रही, जबकि अगस्त में यह शून्य से 0.64 प्रतिशत नीचे और पिछले साल सितंबर में 9.24 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने अक्टूबर की अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति में 2025-26 के लिए अपने मुद्रास्फीति अनुमान को घटाकर 2.6 प्रतिशत कर दिया है। अगस्त में इसके 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था।*

- सब्जियों और दालों की कीमतों में आई गिरावट
- पिछले महीने खुदरा महंगाई 2.07 प्रतिशत थी
- सन 2025 में दूसरी बार महंगाई दो प्रतिशत से नीचे आई

### खाद्य पदार्थों में अनुमान से अधिक कीमतें घटी

आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि सीपीआई मुद्रास्फीति सितंबर, 2025 में 99 महीने के निचले स्तर पर आ गई। ऐसा खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों में अनुमान से कहीं अधिक कमी के कारण हुआ।

### ब्याज दरों में कमी आ सकती है

नायर ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में सीपीआई मुद्रास्फीति औसतन 2.6 प्रतिशत रहेगी। ऐसा जीएसटी युक्तिकरण और नरम खाद्य कीमतों के चलते होगा।'' इक्रा का मानना है कि दिसंबर, 2025 में ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कमी हो सकती है।

### खाद्य पदार्थों की कीमतें अक्टूबर तक कम रहेगी

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंड-रा) के संयुक्त निदेशक पारस जसराय ने कहा कि खाद्य कीमतों में गिरावट की प्रवृत्ति अक्टूबर, 2025 तक बनी रहेगी, और टमाटर, प्याज, आलू तथा दालों जैसी प्रमुख वस्तुओं की कीमतों में दोहरे अंक में गिरावट आएगी। इंड-रा को उम्मीद है कि अक्टूबर, 2025 में खुदरा मुद्रास्फीति लगभग एक प्रतिशत होगी।

# व्यापार युद्ध की चिंता से शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 174 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख रहा
- आईटी व एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में रही गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 174 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 50 अंक की गिरावट आई।

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच आईटी तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीनी वस्तुओं पर एक नवंबर से 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा से वैश्विक बाजारों में गिरावट आई, जिसका असर घरेलू बाजार पर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 173.77 अंक टूटकर 82,327.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 457.68 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 58 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,227.35 अंक पर बंद हुआ। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''अमेरिका-चीन के बीच नए सिरे से बढ़ते व्यापार तनाव ने सोमवार के शुरुआती कारोबार में मुनाफावसूली को बढ़ावा दिया।

यह निवेशकों की बढ़ी हुई सतर्कता को बताता है। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए। अवकाश के कारण जापान के बाजार बंद रहे।

यूरोप के बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

### टाटा मोटर्स में सबसे अधिक गिरावट दर्ज

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स में सबसे अधिक 2.67 प्रतिशत की गिरावट आई। यह गिरावट अलग हुए वाणिज्यिक वाहन कारोबार में शेयर प्राप्त करने के लिए शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने की रिकॉर्ड तिथि से एक दिन पहले हुई।

### अदाणी पोर्ट्स ने दर्ज किया लाभ

इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और एक्सिस बैंक शामिल हैं।

### भारतीय बैंक अब नेपाल, श्रीलंका के निवासियों को रुपये में दे सकेंगे कर्ज

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि भारत के बैंक और उनकी विदेशी शाखाएं अब भूटान, नेपाल और श्रीलंका में रहने वाले व्यक्तियों और बैंकों को भारतीय रुपये में ऋण मुहैया करा सकती हैं।आरबीआई ने एक बयान में कहा कि यह कदम विदेशी विनिमय प्रबंधन (उधारी एवं ऋण) विनियम, 2018 और विदेशी मुद्रा खाता प्रबंधन विनियम, 2015 में संशोधनों के तहत उठाया गया है। इसका उद्देश्य 'बाहरी व्यापार और भुगतान को सुगम बनाना' है।



### डीएमआरसी के डायरेक्टर को विशेष प्रशंसा पत्र

**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष, जनरल उपेन्द्र द्विवेदी द्वारा डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक, डॉ. विकास कुमार को विशेष 'प्रशंसा पत्र' प्रदान किया गया । यह प्रशंसा पत्र, डॉ. कुमार को भारतीय सेना के प्रति उनके 'असाधारण योगदान एवं उत्कृष्ट प्रतिबद्धता' के लिए दिया गया । डीएमआरसी और सशस्त्र बलों के बीच सदैव सहयोगपूर्ण संबंध रहे हैं तथा दिल्ली मेट्रो ने भारतीय सेना के सभी प्रयासों में अपनी सर्वोत्तम सहायता प्रदान की है।

# एलन टैलेंटेक्स में 1.70 लाख से अधिक छात्र हुए शामिल

5 व 12 अक्टूबर को आयोजित दोनों परीक्षाओं का संयुक्त परिणाम नवम्बर के पहले सप्ताह में जारी किया जाएगा

एजेंसी ▶▶| कोटा

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से देश की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए आयोजित की जाने वाली एलन टैलेंटेक्स परीक्षा के 12वें संस्करण की ऑफलाइन परीक्षा का दूसरा चरण रविवार 12 अक्टूबर को हुआ। इस चरण में 25 राज्यों व 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 446 शहरों के 726 केन्द्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 1.70 लाख से अधिक स्टूडेंट्स शामिल हुए। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रसीडेंट एवं टैलेंटेक्स के नेशनल हेड पंकज अग्रवाल ने बताया कि रविवार को देश के पंजाब, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, पुडुचेरी, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, आसाम, पश्चिम बंगाल, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, मेघालय, बिहार, झारखंड, सिक्किम में परीक्षा हुई। अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा में अब तक करीब 18.25 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हो चुके हैं। परीक्षा ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित की गई। 5 व 12 अक्टूबर को आयोजित दोनों परीक्षाओं का संयुक्त परिणाम नवम्बर के पहले सप्ताह में जारी किया जाएगा। परिणामों में विद्यार्थियों को उनकी ऑल इंडिया रैंक व स्टेट रैंक के साथ नकद पुरस्कार व स्कॉलरशिप की घोषणा की जाएगी। परिणामों के बाद चयनित विद्यार्थियों को कैश अवार्ड तथा नियत तिथि तक एलन में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को रियायती फीस पर 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप का तिहरा लाभ मिल सकेगा। गौरतलब है कि टैलेंटेक्स के माध्यम से एलन से जुड़ने वाले कई प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने पूर्व में आईआईटी, नीट व ओलंपियाड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ऑल इंडिया टॉप 100 में रैंक हासिल की है।

### आरबीआई के पैकेज से बैंकों का परिचालन होगा मजबूत

**नई दिल्ली।** वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने सोमवार को कहा कि आरबीआई के हालिया सुधार पैकेज से बैंकों का परिचालन वातावरण मजबूत होगा और बैंकों को ऋण प्रवाह बनाए रखने के लिए अधिक गुंजाइश मिल सकती है।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) ढांचे और संशोधित बासेल-3 मानदंडों को लागू करने का प्रस्ताव सही समय पर लिया गया फैसला है, जिससे बैंकों को आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं का लाभ मिल सकेगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर जिला - बिलासपुर (छ.ग.)**

eProcurement Portal:-
https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्र. 19/व.ले.लि./2025-26 दिनांक. 10.10.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 31.10.2025, 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है-

**कार्य का नामः** - खारंग जलाशय के दांयी तट नहर के आर.डी. 150 मी. से आर. डी. 23070 मी. के मध्य क्षतिग्रस्त नहर मार्ग का मरम्मत कार्य एवं बैरिकेट निर्माण कार्य।

निविदा सिस्टम क्र. 177396, अनुमानित लागत रु. 119.08 लाख (जी.एस.टी. छोडकर) (निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. लोक निर्माण विभाग 01.01. 2025 एवं संशोधित, जल संसाधन एस.ओ.आर. 01.05.2025 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 17.10.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट** :-1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित /पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य हैं।

2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2024 में जारी किए गये Pre Bid Qulification certificate (Valid up to 31.10.2025) का उपयोग अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

G-252604128/4

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6018




**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव (उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

**शब्द पहेली - 6017 का हल**





**आज दोपहर 3 बजे से अटापट्टू और डिवाइन की टीमों में मुकाबला**

# श्रीलंका के खिलाफ अपनी लय बरकरार रखने उतरेगा न्यूजीलैंड

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

पिछले मैच में जीत से उत्साहित पूर्व चैंपियन न्यूजीलैंड 14 अक्टूबर को जब आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के अहम मैच में सह-मेजबान श्रीलंका से भिड़ेगा तो उसकी कोशिश अपनी लय बरकरार रखना होगा। दूसरी तरफ श्रीलंका अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाया है और उसकी टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी।

न्यूजीलैंड की टीम 2000 की चैंपियन है लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसे अपने पहले दो मैच में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बाद वह बांग्लादेश को हराकर अपना अभियान पटरी पर लाने में सफल रही। न्यूजीलैंड की टीम अभी अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। उसने तीन मैचों में दो अंक हासिल किए हैं और उसका नेट रन रेट -0.245 है, जिसे वे सुधारना चाहेंगे।

### न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में निरंतरता का अभाव

कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन पारियों में 86.66 की औसत से रन बनाए हैं। उनकी संयमित पारी और पांचवें नंबर की बल्लेबाज ब्रुक हॉलिडे के दमदार प्रदर्शन ने बांग्लादेश के खिलाफ टीम को जीत दिलाने में मदद की। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है, जो उसके लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। अनुभवी सूजी बेट्स, जॉर्जिया प्लिमर और अमेलिया केर को अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलने में संघर्ष करना पड़ा है, जिससे अधिकांश जिम्मेदारी डिवाइन के कंधों पर आ गई है। उन्हें अपनी लय हासिल करनी होगी और श्रीलंका के स्पिन आक्रमण के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा, विशेषकर उस पिच पर, जिसमें टर्न मिलने की उम्मीद है।



### श्रीलंका को करनी होगी जीत दर्ज

*जहां तक श्रीलंका का सवाल है तो उसे सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए अब हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। चमारी अटापट्टू की अगुवाई वाली टीम के खाते में तीन मैचों में एक अंक है, जो गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच बारिश की भेंट चढ़ने के कारण है। वह केवल पाकिस्तान से आगे सातवें स्थान पर है। श्रीलंका की टीम बल्लेबाजी में अपनी कप्तान अटापट्टू पर बहुत अधिक निर्भर है और अगर उसे जीत हासिल करनी है तो उसके अन्य बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। श्रीलंका की टीम को क्षेत्ररक्षण में भी काफी सुधार करना होगा, क्योंकि पिछले मैचों में कई कैच छूटने और खराब फील्डिंग के कारण उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है।*

### टीम इस प्रकार

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।

**न्यूजीलैंड:** सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशायर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पॉली इंगलिस, बेला जेम्स, मेली केर, जेस केर, रोजमेरी मैयर, जॉर्जिया प्लिमर, ली ताहुहु।

## खबर संक्षेप



### तेज गेंदबाजों को निशाना बनाने की रणनीति रही कामयाब

**विशाखापत्तनम।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने खुलासा किया कि उनके बल्लेबाजों ने पिच से बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी को मिल रही मदद को देखते हुए भारतीय तेज गेंदबाजों को निशाना बनाया और कहा कि मेजबान टीम के सीमित गेंदबाजी विकल्पों ने भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को हासिल करना आसान बना दिया। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को महिला वनडे विश्व कप मैच में 331 रन के रिकार्ड लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए तीन विकेट से जीत हासिल की, जिसमें हीली ने 107 गेंदों पर 142 रन की शानदार पारी खेली। हीली और अन्य ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने भारत के तेज गेंदबाजों क्रांति गौड़ और अमनजोत कौर को निशाना बनाया, जिससे भारतीय टीम प्रबंधन की पांच गेंदबाजों के साथ खेलने की रणनीति की नाकामी उजागर हो गई।

### भारतीय खिलाड़ियों के साथ टकराव से बचें: पीएचएफ

**लाहौर।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने अपनी राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को सलाह दी है कि वे मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों के साथ किसी भी तरह के टकराव से बचें और मंगलवार को मलेशिया के सुल्तान जोहोर कप के दौरान सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें। पूरी संभावना है कि भारतीय जूनियर हॉकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ मंगलवार को होने वाले मैच में अपनी क्रिकेट टीम की तरह ही रवैया अपनाएगी। पीएचएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खिलाड़ियों को भारतीय टीम की हाथ न मिलाने की नीति के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने को कहा गया है।

### निश्चय ने चक्का फेंक में बनाया मीट रिकॉर्ड

**भुवनेश्वर।** हरियाणा के युवा चक्का फेंक खिलाड़ी निश्चय ने सोमवार को 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के चौथे दिन लड़कों के अंडर-18 वर्ग में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस 17 वर्षीय एथलीट ने 1.5 किलोग्राम के चक्का को 63.69 मीटर की दूरी तक फेंका, जिसने गुवाहाटी में 2022 में अतुल द्वारा बनाए गए 60.17 मीटर के पिछले मीट रिकॉर्ड को तोड़ दिया। निश्चय ने इससे पहले गोला फेंक में भी 19.48 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने इस तरह थ्रो स्पर्धाओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा को साबित किया। राजस्थान के विशाल कुमार ने 60.90 मीटर के साथ रजत पदक जीता, जबकि मध्य प्रदेश के उस्मान अली खान ने 58.81 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। अगले साल अमेरिका के ओरेगन में होने वाली विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालिफिकेशन मानक 56 मीटर निर्धारित है। निश्चय के इस प्रदर्शन ने उन्हें राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए शीर्ष दावेदारों में से एक बना दिया है। अंडर-20 200 मीटर स्पर्धाओं में भी रिकॉर्ड बने।

■ महाराणा और नीरू फर्राटा दौड़ में चमके

**वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में बनाए 390 रन, भारत के सामने 121 रन का लक्ष्य**

# ‘क्लीन स्वीप’ से महज 58 रन दूर टीम इंडिया, कैम्पबेल-होप ने जड़ा शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में अच्छी चुनौती पेश की लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि भारत को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच को जीतने और श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के लिए अब केवल 58 रन की जरुरत है। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में 390 रन बनाकर भारत के सामने 121 रन का लक्ष्य रखा। भारत ने सोमवार को चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक 1 विकेट पर 63 रन बनाए हैं। दूसरी पारी में जॉन कैम्पबेल (199 गेंदों पर 115 रन) और शाई होप (214 गेंदों पर 103 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 177 रन जोड़कर संघर्ष करने का जज्बा दिखाया। लेकिन अगर मैच पांचवें दिन में चला गया तो उसका श्रेय जस्टिन ग्रीवस (नाबाद 50) और जेडन सील्स (32) को जाता है, जिन्होंने दसवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की।

■ भारत ने चौथे दिन 1 विकेट पर बनाए 63 रन



### भारत की शुरुआत खराब

भारत ने 80 ओवर के बाद नई गेंद ली। इसके बाद वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों की कमजोरी खुलकर सामने आ गई। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने तीन-तीन, मोहम्मद सिराज ने दो तथा रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने एक-एक विकेट लिया। छोटे लक्ष्य के सामने भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहली पारी में 175 रन बनाने वाले यशस्वी जायसवाल (08) का विकेट जल्दी गंवा दिया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने जोमेल वारिकन की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर आसान कैच दिया। इसके बाद केएल राहुल (नाबाद 25) और आर साईं सुदर्शन (नाबाद 30) ने कोई झटका नहीं लगने दिया, जिससे भारत ने एक और बड़ी जीत सुनिश्चित कर दी।

### सिराज ने ब्लेसिंग मुजरबनी को पछाड़ा

दिल्ली टेस्ट मैच में सिराज ने दोनों पारियों में 3 विकेट झटके। इन 3 विकेट की मदद से वो इस साल में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने और इस साल क्रिकेट के लंबे प्रारूप में उनके विकेटों की संख्या अब 37 हो चुकी है। उन्होंने मुजरबनी को पछाड़ दिया, जिन्होंने इस साल अब तक 36 विकेट अपने नाम किए हैं। साल 2025 में सिराज ने अब तक खेले 8 टेस्ट मैचों की 15 पारियों में 37 विकेट लिए हैं, जिसमें 5 विकेट हॉल 2 बार जबकि 4 विकेट हॉल भी दो बार लेने का कमाल उन्होंने किया है। इस दौरान एक पारी में उन्होंने बेस्ट गेंदबाजी 70 रन देकर 6 विकेट रहा है। इसके अलावा दूसरे नंबर पर मौजूद मुजरबानी की बात करें तो उन्होंने 9 मैचों में 36 विकेट लिए हैं, जिसमें 3 बार 5 विकेट लेने का कमाल भी शामिल है।

### कुलदीप ने किया कमाल

साल 2025 में इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की बात करें तो वहां कुलदीप यादव ने अब तक 18 पारियों में 38 विकेट अपने नाम किए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर मौजूद सिराज ने 15 पारियों में 37 विकेट चटकाए हैं। लिस्ट में तीसरे नंबर पर वरुण चक्रवर्ती का नाम है। उन्होंने इस साल 15 पारियों में 31 विकेट लिए हैं। चौथे नंबर पर जसप्रीत बुमराह का नाम है। बुमराह ने 15 पारियों में अब तक 30 विकेट हासिल किए हैं। वहीं पांचवें नंबर पर मौजूद जडेजा ने 21 पारियों में 26 विकेट लिए हैं।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी:518/5
वेस्टइंडीज पहली पारी: 248

| वेस्टइंडीज दूसरी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कैंपबेल पगबाधा जडेजा | 115 | 199 | 12 | 3 |
| चंद्रपॉल का गिल बो सिराज | 10 | 30 | 1 | 0 |
| अथानजे बो सुंदर | 07 | 17 | 1 | 0 |
| होप बो सिराज | 103 | 214 | 12 | 2 |
| चेज का (पडिक्कल) बो कुलदीप | 40 | 72 | 4 | 1 |
| इमलाच पगबाधा कुलदीप | 12 | 13 | 1 | 1 |
| जस्टिन ग्रीव्स नाबाद | 50 | 85 | 3 | 0 |
| पियरे का रेड्डी बो कुलदीप | 00 | 2 | 0 | 0 |
| वारिकन बो बुमराह | 03 | 6 | 0 | 0 |
| फिलिप्स का जुरेल बो बुमराह | 02 | 10 | 0 | 0 |
| सील्स का सुंदर बो बुमराह | 32 | 67 | 1 | 1 |

अतिरिक्त: 16, कुल योग: 118.5 ओवर में 390/10 रन
गेंदबाजी: सिराज 15-3-43-2, जडेजा 33-10-102-1, सुंदर 23-3-80-1, कुलदीप 29-4-104-3, बुमराह 17.5-5-44-3, जायसवाल 1-0-3-0

| भारत दूसरी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का फिलिप्स बो वारिकन | 08 | 7 | 2 | 0 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 25 | 24 | 2 | 0 |
| सुदर्शन नाबाद | 30 | 47 | 5 | 0 |

अतिरिक्त: 00, कुल योग: 10 ओवर में 63/1 रन
गेंदबाजी: सील्स 3-0-14-0, वारिकन 7-1-15-1, पियरे 6-0-24-0, चेज 2-0-10-0

**महिला विश्व कप**

## ट्रायोन और डि क्लेर्क ने दिलाई दक्षिण अफ्रीका को बांग्लादेश पर रोमांचक जीत



● दक्षिण अफ्रीका की लगातार तीसरी जीत
● बांग्लादेश को 3 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

शीर्ष क्रम की नाकामी से उबरते हुए क्लो ट्रायोन और मरियाने काप ने ‘संकटमोचक’ की भूमिका निभाई तो नडाइन डि क्लेर्क एक बार फिर बेहतरीन ‘फिनिशर’ साबित हुई जिसकी मदद से दक्षिण अफ्रीका ने महिला विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में सोमवार को बांग्लादेश को तीन विकेट से हरा दिया। भारत के खिलाफ 84 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने वाली डि क्लेर्क ने आखिरी ओवर में नाहिदा अख्तर को एक चौका और एक छक्का जड़कर दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट पर 235 रन तक पहुंचाया। बांग्लादेश के गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के शीर्ष और मध्यक्रम के नाकाम रहने के बाद ट्रायोन और मरियाने काप ने छठे विकेट के लिये 85 रन की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका को मैच में बनाये रखा। काप 71 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर नाहिदा का शिकार हुई जिनका कैच शोरना ने लपका। इसके बाद ट्रायोन ने मोर्चा संभाला लेकिन 69 गेंद में 62 रन बनाने के बाद वह उस समय रन आउट हो गई जब उनकी टीम को 31 गेंद में 35 रन की जरूरत थी। डि क्लेर्क ने 29 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 37 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। बांग्लादेश के लिये रितु ने दस ओवर में सिर्फ 29 रन देकर एक विकेट लिया जबकि नाहिदा को दो विकेट मिले। इससे पहले बांग्लादेश के लिये सबसे तेज वनडे अर्धशतक (35 गेंद में) बनाने वाली शोरना अख्तर के आखिरी ओवरों में आतिशी प्रदर्शन से उनकी टीम ने पहले बल्लेबाजी चुनकर छह विकेट पर 232 रन बनाये। एक समय लग रहा था कि बांग्लादेश टीम 200 रन तक भी नहीं पहुंच सकेगी लेकिन शोरना ने आखिरी पांच ओवरों में तस्वीर बदल दी।

**ऑस्ट्रेलिया दौरा**

## अब ऑस्ट्रेलिया जाएगी टीम इंडिया वनडे और टी-20 के होंगे मुकाबले



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद 19 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। ऑस्ट्रेलिया में टीम इंडिया को 3 मैचों की वनडे और 5 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है, जिसके लिए भारतीय टीम का ऐलान किया जा चुका है। ऑस्ट्रेलिया में आमतौर पर मैच की शुरुआत भारतीय समय के मुताबिक सुबह 4.30 या फिर 5.30 बजे शुरू होती है, जो भारतीय फैंस के लिए थोड़ी तकलीफ देने वाली तो जरूर होती है, लेकिन इस वनडे सीरीज या टी20 सीरीज में ऐसा नहीं होगा और इन मैचों को देखने के लिए इतनी सुबह जगने की की जरूरत नहीं होगी क्योंकि इन मैचों की शुरुआत जब तक होगी तब तक आप अपनी नींद पूरी कर चुके होंगे।

### वनडे सीरीज शेड्यूल

**पहला वनडे मैच :** 19 अक्टूबर- पर्थ- भारतीय समय अनुसार सुबह 9 बजे शुरू होगा।
**दूसरा वनडे मैच :** 23 अक्टूबर- एडिलेड- भारतीय समय अनुसार सुबह 9 बजे शुरू होगा।
**तीसरा वनडे मैच :** 25 अक्टूबर- सिडनी- भारतीय समय अनुसार सुबह 9 बजे से।

### टी20आई सीरीज शेड्यूल

**पहला टी20 मैच-** 29 अक्टूबर- कैनबरा- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**दूसरा टी20 मैच-** 31 अक्टूबर- मेलबर्न- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**तीसरा टी20 मैच-** 2 नवंबर- होबार्ट- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**चौथा टी20 मैच-** 6 नवंबर- गोल्ड कोस्ट- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**पांचवां टी20 मैच-** 8 नवंबर- ब्रिस्बेन- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।

### 9 बजे से खेले जाएंगे वनडे, 1.45 पर शुरू होगा टी-20

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत 19 अक्टूबर से होगी और ये तीनों मुकाबले भारतीय समय के मुताबिक सुबह 9 बजे से शुरू होंगे जबकि टॉस का वक्त सुबह 8.30 बजे का होगा। वहीं 5 मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत 29 अक्टूबर से होगी और टी20 मुकाबले दोपहर 1.45 बजे से होगा और इसमें टॉस का समय 1.15 बजे होगा। वनडे सीरीज में भारतीय टीम की कमान शुभमन गिल के हाथों में होगी जबकि टी20 टीम की कमान सूर्यकुमार यादव के हाथों में होगी।

### सहरावत ने गलती स्वीकारी प्रतिबंध पर पुनर्विचार करने का किया अनुरोध



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान अमन सहरावत ने सोमवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) द्वारा उन पर लगाए गए एक साल के प्रतिबंध पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। सहरावत को जगरेब में विश्व चैंपियनशिप में मुकाबले से पहले वजन कम करने में विफल रहने पर प्रतिबंध लगाया है। शुरुआती मुकाबले से पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से 1.7 किलोग्राम अधिक था। भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में सहरावत ने स्वीकार किया कि उन्होंने पिछले महीने वजन कम न कर पाने की गलती की थी। इस पहलवान ने कहा कि वह डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह से मुलाकात करेंगे और उनसे महासंघ के फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करेंगे। सहरावत ने 2024 पेरिस खेलों में 57 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने के लिए 50 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद कहा, ‘‘मैं उनसे (डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष) मुलाकात कर यह अनुरोध करूंगा।



### जोशना ने जीता जापान ओपन का खिताब...

**नई दिल्ली।** स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए योकोहामा में जापान ओपन फाइनल में मिस्र की हया अली को चार गेम में हराकर अपना 11वां पीएसए टूर खिताब जीता। विश्व की पूर्व नंबर 10 भारतीय महिला खिलाड़ी ने 15,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चैलेंजर प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त मिस्र की खिलाड़ी को 38 मिनट में 11-5, 11-9, 6-11, 11-8 से हराया।

### एशेज सीरीज के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे कमिंस



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया है कि अगले महीने पर्थ में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एशेज सीरीज के पहले मैच में उनका खेलना संदिग्ध है। इस तेज गेंदबाज ने कहा, ‘मैं इस बारे में पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता लेकिन मैं कहूंगा कि इसकी संभावना कम से कम है। मेरे पास अभी भी थोड़ा समय है।’ आस्ट्रेलियाई कप्तान पीठ की चोट के कारण तीन महीने के लिए बाहर हो गया है और अटकलें लगाई जा रही है कि उनका इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के अलावा अन्य मैचों से भी खेलना संदिग्ध है। कमिंस ने कहा कि उन्होंने शारीरिक अभ्यास शुरू कर दिया है और वह सत्र दर सत्र अच्छा महसूस कर रहे हैं।

**आज से शुरू हो रहा डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट**

# सत्र के पहले खिताब पर सात्विक-चिराग की नजरें

एजेंसी ▶▶| ओडेंसे

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे 950,000 डॉलर इनामी डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में देश के अभियान की अगुवाई करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन को खिताब में बदलने की कोशिश करेंगे। इस छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी का पहला मुकाबला स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली से होगा। सात्विक और चिराग इस सत्र में भारत के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्होंने इस सत्र में हांगकांग और चाइना मास्टर्स सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। इस जोड़ी ने पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक भी जीता और कई अन्य टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई।



### शेट्टी पहले दौर में फ्रांस के पोपोव से भिड़ेंगे

पुरुष एकल में विश्व के 28वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन का सामना आयरलैंड के नहत गुयेन से होगा। महिला एकल में युवा अनमोल खरब का सामना अपने पहले मुकाबले में इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा। पुरुष युगल में पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक का सामना पहले दौर में चीनी ताइपे के लियू कुआंग हेंग और यांग पो हान से होगा।

### सेल्वम और सिमरन का मुकाबला गैब्रिएला और स्टेफनी से

महिला युगल में रुतपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा का मुकाबला स्कॉटलैंड की जूली मैकफर्सन और सियारा टोरेंस से, जबकि कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी का बुल्गारिया की गैब्रिएला और स्टेफनी स्टोएवा से होगा। मिश्रित युगल में मोहित और लक्षिता जगलान, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी तथा ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ियां अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*

Also available on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Ex-showroom price of Destini 125 in Delhi and may change without any prior notice. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. *T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero - 9289922381, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura:Shraman Hero – 9289924252,Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero-7836078383, Samalkha:Singla Hero - 7836078484, Janak Puri:Singla Hero - 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310;Ghaziabad: Meerut, Delhi Road: Globe Hero- 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar: Aman Hero- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: H-206A, Sector 63: Dhansri Hero- 9289923044, Sector 5, B 124: Uppal Hero - 9289922462, Sector-58 C-70: Singla Hero- 9289923059; BulandShahr:Delhi Road: Shri Durga Hero- 9289922504, RajeBabu Road: Krishna Hero- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209,Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero- 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero- 9289924248; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327.

RS/Hero/09/25